माघ कृष्ण पक्ष पंचमी 11:36 उपरांत
षष्ठी विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, बुधवार, 31 जनवरी 2024

वर्ष 34, अंक 6, पृष्ठ 16

मूल्य 5 रुपये

2 राज्य, 6 संस्करण

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल 16

मुसाफिरा से बॉलीवुड में डेब्यू कर रहीं हैं स्मृति सिन्हा 15

तेजस्वी से ईडी ने 8 घंटे की पूछताछ, 60 सवाल दागे

पटना, एजेंसी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन घोटाले में उनके पुत्र और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब आठ घंटे तक पूछताछ की। ईडी के समन के बाद तेजस्वी पूर्वाह्न 11:30 बजे पटना स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी के 12 अफसरों की टीम ने पूछताछ शुरू की, जो लगभग आठ घंटे तक चली। उनसे करीब 60 सवाल किए गए ।

तेजस्वी जब बाहर निकले तब पहले से वहां मौजूद उनके समर्थकों ने नारे लगाने शुरू कर दिए। तेजस्वी ने भी पूरे जोश के साथ हाथ हिलाया और विक्ट्री साइन दिखाया। इस दौरान ईडी कार्यालय के बाहर उनकी बड़ी बहन राज्यसभा सांसद मीसा भारती और बड़े भाई पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव के अलावा बड़ी संख्या में राजद के विधायक, पूर्व मंत्री और कार्यकर्ता उपस्थित थे। आरोप के अनुसार, लालू प्रसाद यादव ने वर्ष 2004 से 2009 तक केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग के शासनकाल के दौरान रेल मंत्री रहते हुए ग्रुप डी श्रेणी में उम्मीदवारों को दी गई नौकरियों के बदले में अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर भूखंडों का निबंधन कराया था।

जमीन के बदले नौकरी घोटाला

घोटाला मामले में सीबीआई दाखिल करेगी आरोपपत्र

नई दिल्ली। सीबीआई ने मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत को अवगत कराया कि वह राजद प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले से जुड़े एक मामले में एक माह के भीतर पूरक आरोपपत्र दाखिल करेगी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष यह दलील दी। कहा गया कि अंतिम रिपोर्ट फरवरी के अंत तक दाखिल कर दी जाएगी।

लापता होने के आरोपों के बीच रांची पहुंचे हेमंत सोरेन

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कई घंटों तक उनके पते ठिकाने को लेकर बने असमंजस के बीच रांची में अपने आधिकारिक आवास पहुंच गए। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की गई तस्वीरों और वीडियो में बड़ी संख्या में विधायक और मंत्री एक बैठक में हिस्सा लेने से पहले सोरेन का अभिवादन करते नजर आए। मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। सोरेन ने ईडी को ईमेल भेजकर सूचित किया था कि वह बुधवार को दोपहर एक बजे अपने आवास पर बयान देने के लिए तैयार हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने सोरेन के दिल्ली स्थित आवास से 36 लाख रुपये, एक एसयूवी और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं। (संबंधित खबर पेज 13)

भाजपा नेता की हत्या मामले में केरल की कोर्ट का फैसला

पीएफआई के 15 सदस्यों को मौत की सजा

अलप्पुझा (केरल), एजेंसी

केरल की एक अदालत ने दिसंबर 2021 में अलप्पुझा जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अन्य पिछड़ा वर्ग शाखा के नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के मामले में प्रतिबंधित इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े 15 लोगों को मंगलवार को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, मावेलिक्कारा वीजी. श्रीदेवी ने दोषियों को सजा सुनाई। विशेष अभियोजक प्रताप जी. पडिक्कल के अनुसार, मामले में दोषी ठहराए गए कुल 15 व्यक्तियों में से 14 को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया था। न्यायाधीश ने मौखिक रूप से कहा कि अस्पताल में भर्ती होने की वजह से एक दोषी को अदालत में पेश नहीं किया जा सका, जिसे पेशी के दौरान सजा सुनाई जाएगी। अदालत ने मामले में 20 जनवरी को 15 लोगों को दोषी ठहराया था।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव श्रीनिवासन पर 19 दिसंबर, 2021 को उनके परिवार के सामने पीएफआई और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया से जुड़े कार्यकर्ताओं ने हत्या कर दी थी।

सभी प्रशिक्षित हत्यारे थे : अभियोजन पक्ष

अभियोजन पक्ष ने दोषियों के लिए अधिकतम सजा का अनुरोध करते हुए कहा था कि पीएफआई के ये सदस्य एक प्रशिक्षित हत्यारा दस्ते से जुड़े थे और जिस क्रूर तथा वीभत्स तरीके से पीड़ित को उसकी मां, बच्चे और पत्नी के सामने मारा गया वह इसे दुर्लभ से दुर्लभतम की श्रेणी के अपराध के दायरे में लाता है।

श्रीनिवासन को आज न्याय मिला : भाजपा

अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने कहा कि श्रीनिवासन को न्याय मिला है। उन्होंने कहा कि आखिरकार सत्य की जीत हुई– महान शहीद रंजीत श्रीनिवासन को आज न्याय मिला... हम फैसले से खुश हैं और इसका तहे दिल से स्वागत करते हैं।

फैसले से श्रीनिवासन का परिवार संतुष्ट

फैसले पर श्रीनिवासन के परिवार ने कहा कि वे इससे संतुष्ट हैं। श्रीनिवासन की पत्नी ने कहा कि यह एक असाधारण दुर्लभ मामला था और हमारा नुकसान बहुत बड़ा है। हम घटना की गहन और ईमानदार जांच करने के लिए अभियोजन और जांच अधिकारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं।

एक नजर

पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की पत्नी की हादसे में मौत

जयपुर। राजस्थान में अलवर जिले के नौगांव थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम सड़क हादसे में बाड़मेर के पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल और उनका बेटा घायल हो गया, जबकि उनकी पत्नी की मौत हो गई। मानवेंद्र सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह के बेटे हैं। थानाधिकारी नेकीराम ने बताया कि दिल्ली से जयपुर आ रहे सिंह की (एसयूवी) कार नौगांव के पास एक पुल की दीवार से टकरा गई, जिससे उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। उन्हें अलवर के सोलंकी अस्पताल ले जाया गया, चिकित्सक विक्रांत सोलंकी ने बताया कि मानवेंद्र सिंह की पत्नी चित्रा सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। मानवेन्द्र सिंह और उनके बेटे हमीर सिंह तथा चालक नरेंद्र का इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित अनेक नेताओं ने शोक जताया है।

रामदेव की मोम प्रतिमा का दिल्ली में अनावरण

नई दिल्ली। योग गुरु रामदेव की आदमकद मोम की प्रतिमा का मंगलवार को दिल्ली में मैडम तुसाद न्यूयॉर्क में अनावरण किया गया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव स्वयं भी उपस्थित रहे और उन्होंने कुछ आसन भी किए। मर्लिन एंटरटेनमेंट्स ने एक बयान में कहा कि प्रशंसकों के लिए मोम की प्रतिमा उपलब्ध होगी। मोम की प्रतिमा का अनावरण दर्शकों के लिए एक उपहार और योगी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन है जो लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। मैडम तुसाद न्यूयॉर्क के प्रवक्ता टियागो मोगोडोरो ने कहा कि स्वामी रामदेव की प्रतिमा आध्यात्मिक ज्ञान और स्वास्थ्य के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण का प्रतिनिधित्व करता है।

अमृतसर में हेरोइन के पैकेट और ड्रोन बरामद

जालंधर। पंजाब के अमृतसर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने संदिग्ध हेरोइन के पैकेट के साथ एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को सीमा पार तस्करों द्वारा ड्रोन के माध्यम से नशीले पदार्थों की खेप गिराने के प्रयास के बारे में बीएसएफ खुफिया तंत्र की विशेष सूचना पर जवानों ने गांव दाओके, अमृतसर के विनसिटी में सीमा बाड़ क्षेत्र के पास व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया।

सपा ने घोषित किए 16 प्रत्याशी डिंपल समेत तीन परिवार के

लोकसभा चुनाव : धर्मेंद्र बदायूं से तो अक्षय यादव फिरोजाबाद से लड़ेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में पार्टी ने मंगलवार को 16 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को मैनपुरी से चुनावी मैदान में उतारा गया है। संभल से शफीकुर्रहमान बर्क को टिकट दिया गया है। राजधानी लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं उम्मीदवारों की इस सूची में डिंपल यादव समेत तीन उम्मीदवार अखिलेश यादव के परिवार से ही है। इनमें चचेरे भाईयों धर्मेंद्र यादव और अक्षय यादव का नाम भी शामिल है।

समाजवादी पार्टी ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, मैनपुरी से डिंपल यादव, एटा से देवेश शाक्य, बदायूं से धर्मेंद्र यादव, खीरी से उत्कर्ष वर्मा, धौरहरा से आनन्द भदौरिया, उन्नाव से अनु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा, फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, अकबरपुर से राजाराम पाल, बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, बस्ती से रामप्रसाद चौधरी, गोरखपुर से काजल निषाद, अम्बेडकर नगर से लालजी वर्मा को टिकट दिया है।

लालजी वर्मा बीते विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बसपा छोड़कर वे सपा में शामिल हुए थे। पार्टी ने उन्हें कटेहरी विधानसभा सीट से टिकट दिया था। वे चुनाव जीतकर विधायक भी बने। विधायक रहते अब सपा ने उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी अधिकृत तौर पर घोषित किया है। बसपा सरकारों में कैबिनेट मंत्री रह चुके लालजी टांडा सीट से भी विधायक रह चुके हैं।

पत्नी डिंपल यादव के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव। (फाइल फोटो)

- उन्नाव से अनु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा होंगे मैदान में
- अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा को टिकट

सपा ने मारी बाजी

लोस चुनाव के मद्देनजर प्रत्याशियों की सूची जारी के मामले में सपा ने बाजी मार ली है। घोषित प्रत्याशियों को अपना प्रचार शुरू करने में ज्यादा वक्त मिल जाएगा। पार्टी ने अपने आधिकारिक हैंडल पर सूची जारी करते हुए यह भी लिखा कि सपा ने कांग्रेस और रालोद गठबंधन के साथ लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरने का फैसला किया है। उप्र. की 80 में से 60 सीटों पर सपा ने लड़ने का फैसला लिया है। सात सीटें रालोद को दी गई है, 11 सीटें सपा ने कांग्रेस को दी है। हालांकि, 11 सीट की बात पर कांग्रेस की तरफ से स्पष्ट सहमति नहीं दी गई है।

जम्मू-कश्मीर में शक्तिशाली विस्फोटक बरामद

जम्मू। पुलिस ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में मलेशियाई बैटरी से लैस दो शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद कर एक बड़ी घटना को टाल दिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कठुआ के विशेष अभियान समूह (एसओजी) द्वारा श्मशान घाट के पास बेईन नाला के किनारे सुबह-सुबह तलाशी अभियान के दौरान झाड़ियों में छिपाई गई पॉलिथीन में पैक दो संदिग्ध वस्तुएं मिलीं। तत्काल बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) को बुलाया गया। जांच में पता चला कि दोनों वस्तुएं आईईडी थीं। पुलिस ने कहा कि प्रत्येक आईईडी एक प्लास्टिक बोतल के भीतर थी। बोतल और इसमें एक इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, एक 9वी बैटरी (मलेशियाई), एक सर्किट, स्प्लिंटर्स के रूप में काम करने वाले स्क्रू और विस्फोटक सामग्री जैसे घटक शामिल थे। इसके अतिरिक्त आईईडी रखने वाले प्लास्टिक कंटेनरों को प्लास्टर ऑफ पेरिस से लेपित किया गया था।

सीआरपीएफ के 3 कमांडो नक्सली मुठभेड़ में शहीद

- छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर सीमा पर तलाशी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़, 17 अन्य घायल

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को माओवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान सीआरपीएफ के तीन कमांडो शहीद हो गए और 17 अन्य घायल हो गए। पुलिस महानिदेशक (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी. ने बताया कि यह घटना बीजापुर और सुकमा जिले की सीमा पर स्थित टेकलगुडेम गांव के समीप उस वक्त हुई, जब सुरक्षाकर्मियों का एक संयुक्त दल तलाश अभियान चला रहा था। यह वही जगह है, जहां 2021 में 23 जवानों की जान गई थी।

कोबरा कमांडो की 201वीं बटालियन और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 150वीं बटालियन का एक दल इलाके में अग्रिम अभियान शिविर (एफओबी) स्थापित करने के लिए काम कर रहा था, तभी अपराह्न करीब 1 बजे मुठभेड़ शुरू हुई। एफओबी एक दूरस्थ शिविर है, जिसका उद्देश्य मुख्य नक्सली क्षेत्रों में सक्रिय सुरक्षा बलों को अभियानगत सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

सीआरपीएफ की 'कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन' (कोबरा) जंगल में युद्ध अभियान चलाने वाली इकाई है। सूत्रों ने बताया कि कमांडो ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से जगदलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। इनमें से चार जवानों की हालत गंभीर है, जिन्हें रायपुर रेफर किया गया है।

84 आईपीएस अफसरों का तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र शासन ने मंगलवार को 84 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। इसमें एक ही जिले में तीन साल से जमे और हाल ही प्रोन्नत अफसरों को नई तैनाती दी गई है। कुछ अफसरों को उनके तैनाती स्थल पर ही प्रमोशन दिया गया है। इस तबादले में कानपुर, प्रयागराज और वाराणसी कमिश्नरेट में तैनात कई अफसर बदले गए हैं। यह तबादला लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

सचिव गृह डॉक्टर संजीव गुप्त और प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा को तैनाती स्थल पर ही एडीजी के पद पर प्रमोशन दिया गया है। डीआईजी कानून व्यवस्था एल रवि कुमार को आईजी कानून-व्यवस्था बनाया गया हैं। लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात जेपीसी आकाश कुलहरि को उनकी तैनाती स्थल पर आईजी बनाया गया है। कानपुर कमिश्नरेट में जेपीसी आनंद प्रकाश तिवारी को हटाकर आईजी भवन कल्याण बनाया गया है। अलीगढ़ रेंज के डीआईजी शलभ माथुर को वहीं आईजी रेंज बना दिया गया है।

बदलाव : अब संजय पीलीभीत और जोगिंद्र रामपुर के डीएम

लखनऊ। रामपुर और पीलीभीत में जिलाधिकारी पद के तबादले में फेरबदल किया गया है। अब संजय कुमार सिंह रामपुर की जगह पीलीभीत के डीएम होंगे, जबकि बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जोगिंद्र सिंह रामपुर के डीएम होंगे। विशेष सचिव गृह राजेश राय कौशांबी और विशेष सचिव नमामि गंगे प्रवीण मिश्र को मऊ का डीएम बनाया गया है। राज्य संपत्ति अधिकारी डॉ विजय कुमार सिंह को फर्रूखाबाद का डीएम व मऊ में डीएम रहे अरुण कुमार को विशेष सचिव नमामि गंगे बनाया गया है। अमरोहा की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रतिभा सिंह आगरा की सीडीओ बनाई गई हैं।

नीट पीजी परीक्षा के शुल्क में 750 रुपये की कटौती

नई दिल्ली। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा -स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) के सभी अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा शुल्क में 750 रुपये की कटौती की गई है। एक अधिकारी ने बताया कि आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने नीट पीजी की परीक्षा में बैठने वाले लाखों अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाने के मकसद से परीक्षा शुल्क कम करने का फैसला किया। आगामी परीक्षा के लिए 1 जनवरी, 2024 के बाद आवेदन पत्र जमा करने वाले सभी अभ्यर्थियों को कम शुल्क का भुगतान करना होगा। एक अधिकारी ने बताया कि नया आवेदन शुल्क 2013 में लिए गए शुल्क से कम होगा। 2013 में सामान्य और ओबीसी वर्ग के लिए आवेदन शुल्क 3,750 रुपये था, जिसे 2021 में बढ़ाकर 4,250 रुपये कर दिया गया था। हालांकि, 1 जनवरी 2024 से इस शुल्क को घटाकर 3,500 रुपये कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि वहीं 2013 में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 2,750 रुपये था, जिसे 2021 में बढ़ाकर 3,250 रुपये कर दिया गया था, लेकिन अब इसे घटाकर 2,500 रुपये कर दिया गया है।

भाजपा के मनोज ने जीता चंडीगढ़ महापौर का चुनाव

चंडीगढ़, एजेंसी

- आप ने धांधली का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट का रुख किया

भाजपा ने मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में जीत हासिल की और तीन शीर्ष पदों पर कब्जा बरकरार रखा। इसे आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के लिए झटके के तौर पर देखा जा रहा है। इस बीच आप ने धांधली का आरोप लगाते हुए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का रुख किया और चुनाव परिणामों को रद करने तथा हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में नए सिरे से चुनाव कराने का अनुरोध किया।

महापौर पद के लिए परिणाम घोषित होते ही विपक्षी गठबंधन इंडिया के दो दलों के पार्षदों ने नगर निगम सदन में हंगामा किया और वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर के चुनाव का बहिष्कार किया। भाजपा के उम्मीदवार मनोज सोनकर ने कांग्रेस समर्थित आप के कुलदीप कुमार को हराकर जीत हासिल की। सोनकर को 16 और कुमार को 12 मत मिले। भाजपा के कुलजीत संधू और राजिंदर शर्मा क्रमशः वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर के लिए निर्वाचित हुए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा गुंडागर्दी में संलिप्त रही और आज का दिन लोकतंत्र के लिए काला दिन है।

वसूली मामले में मुंबई के पुलिस आयुक्त को दी क्लीनचिट

ठाणे। सीबीआई ने पर्याप्त सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह और अन्य के खिलाफ दर्ज कथित जबरन वसूली के मामले को बंद करने के संबंध में रिपोर्ट पेश की है। एजेंसी ने 18 जनवरी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाणे के समक्ष एक क्लोजर रिपोर्ट पेश की। अदालत फरवरी में रिपोर्ट पर विचार कर सकती है। सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मामले में तथ्य और परिस्थितियां आरोपों को साबित नहीं करतीं या किसी भी आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए कोई भी सबूत का खुलासा नहीं करतीं।

रोडवेज बस-डीसीएम से भिड़ी स्कूल वैन

छात्र-छात्रा समेत चार लोगों की मौत

संवाददाता, उझानी/कछला (बदायूं)

अमृत विचार : रोडवेज बस को ओवरटेक करने के चक्कर में बच्चों को लेकर स्कूल जा रही वैन सामने से आ रही डीसीएम से टकराकर अनियंत्रित हो गई। हादसे में रोडवेज बस ने पीछे से अनियंत्रित वैन को टक्कर मार दी। भीषण हादसे में छात्र-छात्रा समेत वैन चालक और उसके डेढ़ साल के बेटे की मौत हो गई। जबकि छह अन्य छात्र-छात्राएं घायल हो गए।

उझानी क्षेत्र के गांव जनईया निवासी उमेश (28) पुत्र यशपाल के पास ईको वैन थी। वह गांव फूलपुर के बच्चों को उझानी क्षेत्र के गांव बुटला बोर्ड स्थित कैप्टन गजराज सिंह इंटर कॉलेज में लाने-ले जाने का काम करता था। मंगलवार सुबह वह घर से वैन लेकर निकला तो डेढ़ साल का बेटा दुष्यंत भी साथ जाने के लिए जिद करने लगा। उमेश ने वैनर में बैठा लिया। वह फूलपुर पहुंचा। तेजपाल की बेटी मेहर (9), कृतिका (7), बेटा आलेख (6), सुरेंद्र मौर्य की बेटी राधा (11) व स्वाति (17), विक्रम की बेटी सरिता (6) व शीतल, छत्रपाल के बेटे निशांत (6) को कॉलेज लेकर जा रहा था। रास्ते में कोहरा था। सुबह करीब 9.30 बजे बरेली-मथुरा राजमार्ग पर करुआ पुल के पास फूलपुर मोड़ पर अलीगढ़ डिपो की बस को उसने ओवरटेक किया तभी सामने से आई डीसीएम से वैन टकराकर अनियंत्रित हो गई। उसी वक्त पीछे से रोडवेज बस ने वैन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वैन चालक उमेश, उसके बेटे दुष्यंत और छात्र आलेख की मौत हो गई। घायल छात्र-छात्राओं को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। स्वाति की हालत गंभीर होने पर सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। देर रात स्वाति ने भी दम तोड़ दिया। डीएम मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने प्राचार्य डॉ. एनसी प्रजापति से बच्चों की हालत के बारे में जानकारी की। उमेश के पिता यशपाल की तहरीर पर डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

- भीषण हादसे में स्कूल वैन में सवार छह अन्य छात्र भी घायल
- वैन के चालक के ओवरटेक करने की वजह से हुआ हादसा

पेपर लीक मामला

आरआरबी के पूर्व अध्यक्ष को पांच साल की जेल

नई दिल्ली। हैदराबाद में सीबीआई की एक विशेष अदालत ने 2010 में 1,936 सहायक स्टेशन मास्टर और सहायक लोको पायलट की भर्ती के लिए प्रश्नपत्रों के लीक होने के सिलसिले में रेलवे भर्ती बोर्ड मुंबई के तत्कालीन अध्यक्ष सतेंद्र मोहन शर्मा और नौ अन्य को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सीबीआई मामलों के लिए प्रधान विशेष न्यायाधीश (हैदराबाद) ने जिन लोगों को सजा सुनाई है, उनमें आसन-मैंगलोर रेल विकास निगम के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ए के जगन्नाधम भी शामिल हैं। अदालत ने शर्मा पर 1.75 लाख रुपये और जगन्नाधम पर 1.31 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

प्रोन्नति से पूर्व एनसीटीई की अधिसूचना पर लें निर्णय

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सहायक अध्यापकों की प्रोन्नति के संबंध में महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए, राज्य सरकार से कहा है कि वह प्रोन्नति से पूर्व एनसीटीई (राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद) द्वारा जारी 11 सितंबर 2023 की अधिसूचना पर निर्णय ले। उक्त अधिसूचना के तहत एनसीटीई ने जूनियर बेसिक व नर्सरी स्कूलों के प्रधानाध्यापक-प्रधानाध्यापिका तथा सीनियर बेसिक स्कूलों के सहायक व प्रधान अध्यापक-अध्यापिका के पदों पर प्रोन्नति के लिए टीईटी को अनिवार्य किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बीआर सिंह की खंडपीठ ने हिमांशु राना व अन्य की याचिका पर पारित किया।

याचिका में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा (अध्यापक) सेवा नियमावली, 1981 के नियम 18 की वैधता को चुनौती दी गई है। याचियों की ओर से अधिवक्ता अमरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने दलील दी कि वर्ष 2010 में टीईटी लागू होने के बाद ही नियुक्ति व प्रोन्नति के लिए टीईटी अनिवार्य कर दिया गया था, इसके लागू होने से पूर्व नियुक्ति पाए अध्यापकों के लिए यह व्यवस्था दी गई थी कि वे अपने पदों पर कार्यरत रहेंगे परंतु प्रोन्नति पाने के लिए उन्हें भी टीईटी पास करना होगा। कहा गया कि 11 सितम्बर 2023 को अधिसूचना जारी करते हुए, एनसीटीई ने पुनः इस बात को स्पष्ट किया है कि प्रोन्नति के लिए टीईटी अनिवार्य शर्त है, बावजूद इसके नियम 18 के तहत टीईटी न पास करने वाले अध्यापकों को प्रोन्नति दी जा रही है।

न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए, मामले में विचार की आवश्यकता जताई व केंद्र तथा राज्य सरकार समेत सभी प्रतिवादियों को तीन सप्ताह में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया। साथ ही एनसीटीई के 11 सितम्बर 2023 के अधिसूचना के तहत निर्णय लेने के उपरांत ही प्रोन्नति करने का आदेश दिया है। हालांकि न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह आदेश अर्ह अध्यापकों के प्रोन्नति में बाधा न माना जाए तथा इस सम्बंध में की गई कार्रवाई वर्तमान याचिका के परिणाम के

- सहायक अध्यापकों को लेकर हाईकोर्ट ने दिया आदेश
- एनसीटीई ने प्रोन्नति के लिए टीईटी को किया है अनिवार्य
- सभी प्रतिवादियों को 3 सप्ताह में जवाबी हलफनामा देने का आदेश

एक नजर

पहली तारीख को ही मिल जाएगा संविदा कर्मियों को वेतन

अमृत विचार, लखनऊ : अब प्रत्येक माह की एक तारीख तक संविदा बिजली कर्मियों का वेतन का भुगतान किया जाएगा। पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने इस सिलसिले में सभी वितरण कंपनियों को निर्देश जारी किया है। कॉरपोरेशन के निर्देश के बाद वितरण कंपनियों ने भी मुख्य अभियंताओं को निर्देश जारी कर आउटसोर्स एजेंसियों को निर्देश सुनिश्चित कराने को कहा है। कॉरपोरेशन के निर्देश में कहा गया है कि वितरण कंपनियों की ओर से हर हाल में महीने की 25 तारीख तक आउटसोर्स एजेंसियों को धनराशि अवमुक्त की जाए। माह के अंत तक आउटसोर्स एजेंसियां आउटसोर्स कर्मियों के बैंक खाते में वेतन की धनराशि स्थानांतरित करें। आगामी माह की 4 तारीख तक आउटसोर्स एजेंसियां संविदा कर्मियों के ईपीएफ आदि अंशदान का भुगतान सुनिश्चित करेंगी।

महिलाओं को रोजगार देने में बरेली अव्वल, लखनऊ पीछे

आजीविका का दावा पर स्वयं सहायता समूहों को एनआरएलएम के तहत नहीं बांट पाए ऋण

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

विशेष

- सीएम डैशबोर्ड में अंबेडकर नगर, बलिया, मथुरा व बागपत शीर्ष पांच में शामिल
- लखनऊ 38वें स्थान पर आकर डी ग्रेड में पहुंचा

अमृत विचार : राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत प्रदेश में महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए गठित स्वयं सहायता समूह खोखले साबित हुए। मिशन ने महिला समूहों का गठन तो खूब किया, लेकिन उन्हें चलाने के लिए बैंकों से ऋण नहीं दिला पाए। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसंबर तक बात करें तो समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज यानी ऋण दिलाने में बरेली पहले स्थान पर है। जबकि अंबेडकर नगर, बलिया, मथुरा व बागपत भी टॉप-5 में हैं। लेकिन राजधानी लखनऊ 38वें स्थान पर है। यह प्रगति मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से सामने आई है। जो पारदर्शिता के साथ मिशन के कार्य और लापरवाही बता रही है। दिसंबर में राजधानी को खराब प्रगति पर डी ग्रेड श्रेणी में रखा गया है। यहां 2892 समूह को क्रेडिट लिंकेज कराने का लक्ष्य था जिसमें 1,147 समूह का लक्ष्य ही हासिल हुआ। इससे जिले की प्रगति 39.66 प्रतिशत है। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि यह कार्य जिले के हैं। वहां के अधिकारियों को ही प्रगति सुधारनी है।

टॉप जिलों का प्रतिशत

बरेली	96.74
अंबेडकर नगर	89.98
बलिया	87.36
मथुरा	83.56
बागपत	78.42

फिसड्डी जिलों का प्रतिशत

गोंडा	10.3
सीतापुर	10.91
बाराबंकी	11.80
संभल	11.92
हमीरपुर	11.96

गोंडा, सीतापुर, बाराबंकी, संभल व हमीरपुर फिसड्डी

स्वयं सहायता समूहों का गठन करना और उन्हें ऋण दिलाने का कार्य बरेली, अंबेडकर नगर, बलिया, मथुरा व बागपत ने बेहतर किया है। इससे इन जिलों को टॉप-5 पर रखा गया है। जबकि सीतापुर, बाराबंकी, संभल व हमीरपुर सबसे खराब प्रगति पर नीचे रखे गए हैं। इनके अलावा अन्य जिलों की भी प्रगति बेहद खराब है। लखनऊ की खराब प्रगति का जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने संज्ञान लिया है और बुधवार को बैठक रखी है। मिशन इस खराब प्रगति का कारण नवंबर से चल रही कर्मियों की हड़ताल बता रहा है तो वहीं बैंकों द्वारा रुचि न लेने का भी हवाला दिया जा रहा है।

नहीं चल पा रही विभागों की आंकड़ेबाजी

दरअसल, इस वर्ष मुख्यमंत्री डैशबोर्ड लागू हुआ था। इसमें विभागों द्वारा लक्ष्य पूर्ति आदि की प्रगति ऑनलाइन फीड की जाती है। डैशबोर्ड विभागों की वेबसाइट के साथ शासन से लिंक है। इसलिए इसमें प्रगति के फर्जी आंकड़े या फिर एडवांस विभाग नहीं भर पा रहे हैं। जो नीचे कुछ और ऊपर कुछ भेजते थे। इसलिए ज्यादातर विभागों की सही प्रगति अब सामने आ रही है।

फरवरी में ही कराने होंगे 57 हजार जोड़ों के विवाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फरवरी अंतिम या मार्च प्रथम सप्ताह में लग सकती है लोस चुनाव की आचार संहिता

अमृत विचार : प्रदेश के 75 जिलों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लक्ष्य फरवरी में ही हासिल करना होगा। मार्च के प्रथम सप्ताह में आचार संहिता लगने की संभावना है। अभी तक प्रदेश में 1 लाख 22 हजार जोड़ों ने विवाह के लिए आवेदन किया है और 65 हजार का विवाह कराया जा चुका है।

बता दें कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का संचालन समाज कल्याण विभाग की ओर से किया जाता है। एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। दाम्पत्य जीवन की खुशहाली एवं गृहस्थी के लिए 35 हजार रुपये कन्या के खाते में डाले जाते हैं। जबकि शेष राशि आयोजन पर खर्च की जाती है। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभी तक 65 हजार से अधिक जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। जबकि 57 हजार जोड़ों का विवाह इस माह ही कराने की तैयारी है, क्योंकि फरवरी के अंतिम सप्ताह में या मार्च के प्रथम सप्ताह में लोकसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना लग सकती है।

फसलों के मुआवजे में लापरवाही पर मुख्यमंत्री सख्त

क्षतिग्रस्त फसलों के दोबारा सत्यापन में ढिलाई पर जताई नाराजगी, 17 जिलों के एडीएम से मांगा जवाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद अधिकारियों ने वंचित किसानों का फिर से सर्वे कराकर शासन से की है बजट की मांग

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्ती दिखाई है। योगी ने क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताते हुए 17 जिलों के अधिकारियों से जवाब तलब किया है। उन्होंने अधिकारियों को ऐसे मामलों में तत्काल सत्यापन कराकर किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करने के स्पष्ट निर्देश दिये हैं।

दरअसल, बीते दिनों मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में पाया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित हजारों किसानों को डाटा फीडिंग के दौरान आधार, खाता संख्या और डुप्लीकेसी के कारण मुआवजे का भुगतान नहीं किया जा सका। उन्होंने दोबारा सत्यापन करा मुआवजे से वंचित किसानों को सहायता राशि देने के निर्देश दिये थे। इस निर्देश के बाद भी कई जिलों के अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों का सर्वे नहीं कराया। इसकी वजह से समय से किसानों को मुआवजा नहीं मिल सका।

मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद हरकत में आए अधिकारियों ने अपने-अपने जिले में मुआवजे से वंचित किसानों का दोबारा सर्वे कराकर शासन से बजट की मांग की है। अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि जिलों से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित वंचित किसानों को तत्काल मुआवजा देने के लिए मांग के अनुसार धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। अभी तक 35 करोड़ से अधिक की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। साथ ही जिलाधिकारियों को जल्द से जल्द मुआवजे से छूटे किसानों का सत्यापन कराकर धनराशि की मांग करने के निर्देश दिये गये हैं ताकि कोई भी किसान इससे वंचित न रह जाए।

सभी जिलों से जवाब मिलते ही रिपोर्ट मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। बाद में आगे की कार्रवाई की जाएगी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाता है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर किसानों को मुआवजा धनराशि सर्वे के 24 घंटे में डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भेजी जा रही है।

इन जिलों के जिम्मेदारों को किया तलब

अपर मुख्य सचिव राजस्व ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 17 जिलों के एडीएम एफआर से लापरवाही पर जवाब तलब किया गया है। इनमें अलीगढ़, हाथरस, बाराबंकी, मऊ, बरेली, बदायूं, अंबेडकरनगर, शाहजहांपुर, महोबा, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, झांसी, ललितपुर, गाजियाबाद, बिजनौर और कौशांबी के एडीएम एफआर शामिल हैं। सभी एडीएम को एक हफ्ते में अपना जवाब शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

प्रभावित किसानों को दी धनराशि

साल 2021-22 में उप्र. के 75 जिलों के क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित 13,97,480 से अधिक किसानों को 5,08,31,80,715 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि दी गई। वहीं साल 2022-23 में 10,44,387 से अधिक किसानों को 4,25,22,41,276 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि दी गई, जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जनवरी तक 1,87,845 से अधिक किसानों को 80,88,68,299 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि वितरित की जा चुकी है।

यूपी की झांकी को मिला द्वितीय पुरस्कार

- सूचना निदेशक को नई दिल्ली में प्रदान किया गया प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

नई दिल्ली में पुरस्कार प्राप्त करते उप्र सूचना विभाग के निदेशक शिशिर, साथ में अन्य।

अमृत विचार : नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित 75वें गणतंत्र दिवस परेड में 'विकसित भारत-समृद्ध विरासत' की थीम पर सजाई गई प्रदेश की मनोरम झांकी ने दूसरा स्थान हासिल किया है। उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक शिशिर को भारत सरकार के रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान किया। हालांकि जबकि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की झांकी ने पहला पुरस्कार जीता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास पथ पर तेजी से दौड़ रहे प्रदेश की सजाई गई झांकी ने इसबार सबका मन मोह लिया था। इसीलिए पीपुल्स च्वॉइस के आधार पर प्रदेश ने दूसरा स्थान हासिल किया। 26 जनवरी को 16 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों के साथ ही 9 अलग-अलग मंत्रालयों व विभागों की कुल 25 झांकियां निकली थीं। लेकिन जनता ने जब वोटिंग की तो, उप्र काफी आगे निकल गया।

लगातार 5वें वर्ष मिला सम्मान

प्रदेश के लिए यह गौरव का क्षण है। गणतंत्र दिवस परेड में आकर्षक झांकी के लिए लगातार पांचवें वर्ष सम्मानित किया गया। 2020 में यूपी की झांकी को द्वितीय, 2021 व 2022 में प्रथम पुरस्कार मिला था। 2023 में पीपुल्स च्वॉइस श्रेणी में द्वितीय व तृतीय पुरस्कार यूपी के खाते में आया। वहीं 2024 में भी पीपुल्स च्वॉइस श्रेणी में उत्तर प्रदेश की झांकी दूसरे स्थान पर रही।

मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना की गाइडलाइन जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जीएसटीआईएन व टीईएन नंबर वाले उद्यमी योजना का लाभ नहीं ले सकते

अमृत विचार : मुख्यमंत्री सूक्ष्म दुर्घटना बीमा योजना की नियमावली जारी कर दी गई है। जीएसटीआईएन/टीईएन नंबर वाले उद्यमी योजना का लाभ नहीं ले सकते। साथ ही, 18 से 60 वर्ष आयु के उद्यमी ही ऑनलाइन पंजीकरण कराने के लिए पात्र होंगे।

बीते 21 अगस्त 23 को विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना शुरू की थी। योजना के अंतर्गत पांच करोड़ रुपये से कम पूंजी और 40 लाख रुपये से कम टर्नओवर वाले छोटे उद्यमियों को पांच लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर मुहैया कराया जाएगा।

एमएसएमई विभाग ने इस संबंध में जारी शासनादेश में कहा है कि विभागीय पोर्टल msme.up.gov.in पर 18 से 60 वर्ष के एमएसएमई उद्यमी ऑनलाइन आवेदन करेंगे। योजना के प्रथम वर्ष में ऐसे सूक्ष्म उद्यमी जो 14 अगस्त 2023 तक उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर पंजीकृत हैं, और जीएसटी विभाग द्वारा संचालित बीमा योजना से आच्छादित नहीं हैं, वही उद्यमी दुर्घटना होने की स्थिति में पात्र माने जाएंगे। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से योजना संचालित होगी। उद्यमी द्वारा पोर्टल पर आवेदन के साथ 10 रुपये के स्टांप पेपर पर तय प्रारूप पर ब्यौरा देना होगा।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जीपीओ स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, पूज्य बापू के विचार 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' और 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उनकी दी गई शिक्षा में रामराज्य और विश्व शांति की कामना का भाव अंतर्निहित है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मेयर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी महेंद्र सिंह आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने की गोमती नदी की पूजा अर्चना : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को शहीद स्मारक में आयोजित 'शहीदों को श्रद्धांजलि' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया, फिर गोमती नदी की पूजा-अर्चना की। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', विधायक योगेश शुक्ल, जयदेवी आदि मौजूद रहीं।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जीपीओ स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देने के दौरान मुख्यमंत्री योगी, साथ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य।

अभी अयोध्या दर्शन को नहीं जाएगी यूपी और उत्तराखंड की कैबिनेट

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य मंत्रिमंडल सदस्यों के राम मंदिर दर्शन कार्यक्रम स्थगित हो गया है। 1 फरवरी को अयोध्या में मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों को दर्शन करने का कार्यक्रम था। राम भक्तों के दर्शन में सुविधा के लिए मंत्रियों का अयोध्या दर्शन टल गया है। अब 11 फरवरी को उप्र. मंत्रिमंडल के सदस्यों को दर्शन के लिए ले जाने की संभावना है।

वहीं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की कैबिनेट ने भी अपने दर्शन के कार्यक्रम को टाल दिया है। धामी भी अब अपनी कैबिनेट के साथ आगामी दिनों में रामलला के दर्शनों के लहए पहुंचेंगे, जिसकी तारीख की घोषणा नहीं हुई है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्रियों को मार्च में अयोध्या जाने की सलाह दी थी।

आरक्षण को साजिशन खत्म करना चाहती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सामाजिक न्याय के लिए आरक्षण आवश्यक है। भाजपा आरक्षण को साजिशन खत्म करना चाहती है। वह संविधान को भी बदलना चाहती है। 2024 के बाद लोकतंत्र पर खतरा है। भाजपा जनता को धोखा दे रही है। हालात अच्छे नहीं है। ये विचार समाजवादी पार्टी मुख्यालय के लोहिया सभागार में में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को व्यक्त किए।

अखिलेश ने अपने कार्यकर्ताओं को चेताया कि सन 2022 का परिणाम सबको निगाह में रखना चाहिए। जनता ने तो सपा के पक्ष में फैसला कर लिया था, लेकिन प्रशासनिक धांधली कर मतदाता सूची में गड़बड़ी करके जनता के निर्णय से खिलवाड़ किया गया। हमें इसलिए हर स्तर पर 2024 के चुनाव को गम्भीरता से लेना है।

सपा प्रमुख ने राष्ट्रपिता को किया याद

लखनऊ : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को सपा के राज्य मुख्यालय में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अखिलेश यादव ने कहा कि राष्ट्रपिता के रास्ते पर चलने और उनके सपनों को पूरा करने का हमें संकल्प लेना है।

बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप जेवर में बनाएंगे फिल्म सिटी

पहले चरण में 230 एकड़ में होगा फिल्म सिटी का निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र. में फिल्म सिटी बनाने का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपना अब हकीकत बनने जा रहा है। गौतमबुद्ध नगर के जेवर में परियोजना के लिए मंगलवार को फाइनेंशियल बिड खोली गई, जिसमें बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के ज्वाइंट वेंचर बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने सबसे अधिक बोली लगाकर प्रोजेक्ट हासिल कर लिया।

यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह के अनुसार रेवेन्यू शेयर का अर्थ ये है कि फिल्म सिटी का निर्माण करने के बाद कंपनी को जो भी आय होगी, उसका 18 प्रतिशत वह प्राधिकरण को देगी। प्राधिकरण की ओर से उसे लैंड के अलावा अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर मुहैया कराया जाएगा, जबकि फिल्म सिटी के अंदर सभी कंस्ट्रक्शन और सुविधाओं का विकास कंपनी को स्वयं करना होगा।

बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी द्वारा दो अन्य फर्म के साथ कंसोर्टियम करते हुए निविदा प्रस्तुत की गई है। कंसोर्टियम में बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी का 48 प्रतिशत शेयर है और उसका रोल ऑपरेशनल व मेंटिनेंस का है। वहीं, परमेश कंस्ट्रक्शन कंपनी लि. का 26 प्रतिशत शेयर है और उसका रोल फाइनेंशियल होगा। इस कंपनी के ओनर प्रेम भूटानी और आशीष भूटानी हैं। इसी तरह शेष 26 प्रतिशत शेयर नोएडा साइबरपार्क प्रा.लि. का है, जिसका रोल टेक्निकल सपोर्ट का है।

पीपीपी गाइडलाइंस के अनुसार संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत फाइनेंशियल बिड को पीपीपीबीईसी समिति की संस्तुति सहित सचिवालय कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जिसकी संस्तुति को कैबिनेट के अनुमोदन मिलने के बाद लेटर ऑफ अवार्ड जारी किया जाएगा।

फिल्म सिटी परियोजना छह माह में हो पूरी : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिल्म सिटी परियोजना को अगले 6 महीने में धरातल पर उतारने के निर्देश दिए हैं। यमुना सिटी के सेक्टर-21 में फिल्म सिटी का निर्माण होना प्रस्तावित है। यह फिल्म सिटी एक हजार एकड़ जमीन पर बनाई जाएगी। पहले चरण में 230 एकड़ जमीन पर फिल्म सिटी को विकसित किया जाएगा। यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार जो कंपनी पहले चरण में फिल्म सिटी बनाएगी, उसे दूसरे चरण में भी प्राथमिकता दी जाएगी।

अक्षय कुमार, केसी बोकाड़िया और टी-सीरीज भी थे दौड़ में

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी परियोजना में रविवार को बिड करने वाली चारों कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया था। प्रेजेंटेशन में कंपनियों द्वारा फिल्म सिटी परियोजना को विकसित किए जाने के संबंध में अपना विजन, कॉन्सेप्ट, टाइमलाइन, हाइलाइट्स पर जोर दिया गया था। चारों कंपनीज को टेक्निकली क्वालीफाइड पाया गया और फाइनेंशियल बिड के लिए भेज दिया गया। बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी की तरफ से बोनी कपूर, आशीष भूटानी, सीईओ भूटानी इंफ्रा, अश्विनी चैटलें एवं अली चैटलें, राजीव अरोड़ा, अरविन्द कुमार बिन्नी द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया। इसके अलावा 4 लायंस फिल्म्स प्रालि. की तरफ से केसी बोकाडिया, सुपरसोनिक टेक्नोबिल्ड प्रालि. की तरफ से फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार, दिनेश विजन मैडॉक फिल्म्स और सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज प्रालि. (टी सीरीज) की तरफ से प्रेजेंटेशन दिया गया।

सपा नेता आशुतोष पार्टी से निष्कासित

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी ने पूर्व प्रदेश सचिव आशुतोष सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण मंगलवार को निष्कासित कर दिया। उन्होंने सपा कार्यालय के बाहर होर्डिंग लगाया था, जिसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को पलटूराम लिखा गया था। सपा के कार्यालय प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह ने संतकबीरनगर निवासी आशुतोष सिंह को अनुशासनहीनता एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

विपक्षी भी मोदी की सरकार बनाने में कर रहे सहयोग : राजभर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने मंगलवार को कहा है कि विपक्ष भी केंद्र में फिर से नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने में सहयोग कर रहा है। कुछ नेता करीब आकर तो कुछ नेता दूर से ही सहयोग करने में जुटे हैं। नीतीश कुमार एनडीए में आकर अब करीब से साथ दे रहे हैं तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी दूर से ही सहयोग कर रहे हैं।

पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में राजभर ने सवाल किया कि दिनभर भाजपा के खिलाफ बयानबाजी करने वाले अखिलेश भाजपा के बड़े नेताओं के पास गुलदस्ता लेकर क्यों जाते हैं? सपा नेता शिवपाल सिंह यादव के बारे में राजभर ने कहा कि वह इस समय दुखी हैं। क्योंकि, उनके हिसाब से सपा नहीं चल रही है। वहीं सुभासपा के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरुण राजभर ने यहां कहा, पश्चिमी उप्र. में राजभर की सभाओं में उमड़ रही भीड़ को देख अखिलेश घबरा गए हैं।

nafed
A Farmers' Cooperative
...Since 1958

FEDERATION OF INDIA LIMITED (NAFED)

NAFED's
BHARAT ATTA

NAFED has commenced the sale of **NAFED's** Bharat Atta, Whole Wheat Flour **@ Rs. 27.50/kg** under Open Market Sale Scheme (Domestic) of GoI. **NAFED's** Bharat Atta is available in various pack sizes. Interested buyers may visit the following locations for purchase of **NAFED's** Bharat Atta:

AVAILABLE AT: SAVARIA INDUSTRIES PVT LTD
Unit at: B3, UPSIDC, Industrial Area, Phase-1, Lucknow - Hardoi Road, Sandila, Hardoi - 241127 (U.P.) India

ALSO AVAILABLE THROUGH MOBILE VANS IN FOLLOWING DISTRICTS
BARABANKI, HARDOI, LUCKNOW

State Head: Uttar Pradesh
Address: Nafed Warehousing Complex, Beside Fire Station Chatha Meel (6th Mile Chaurah, Sitapur Road, Lucknow -226021(U.P.)

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

शहर में आज

- विवेक खंड स्थित एकता पार्क में ओपन जिम का लोकार्पण- 8:00 बजे।
- केजीएमयू के सेल्बी हाल में पैथोलॉजी विभाग का 111वां स्थापना दिवस कार्यक्रम-11:00 बजे।
- प्रेस क्लब में कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती पर प्रेस वार्ता-1:00 बजे।
- कैंट रोड स्थित कैनाल कालोनी के ऑफिसर्स क्लब में लोक चौपाल का आयोजन- 3:30 बजे।

मकान के ध्वस्तीकरण का मिला नोटिस तो आया हार्ट अटैक, मौत

निज संवाददाता, बख्शी का तालाब

अमृत विचार : जीवनभर की कमाई लगाकर बनाए गए मकान को जब ध्वस्त करने का नोटिस मिला तो सेवानिवृत्ति बैंक मैनेजर को हार्ट अटैक आ गया और उनकी मौत हो गई। यह आरोप बेटे ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) पर लगाकर मुख्यमंत्री से शिकायत की है। एलडीए ने 25 जनवरी को ध्वस्तीकरण का नोटिस दिया था।

कानपुर निवासी ध्यान चंद्र ने बताया कि उनके पिता राम खिलावन (68) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में मैनेजर थे। सेवानिवृत्ति के बाद पिता ने बीकेटी अंतर्गत भैंसामऊ पुलिया के पास जीवनभर की पूंजी लगाकर भूखंड खरीदा और मकान बनवाया। अचानक 25 जनवरी को एलडीए के जोन-5 से मकान ध्वस्तीकरण का नोटिस आया।



जारी नोटिस राम खिलावन

- परिजन ने एलडीए पर लगाया आरोप
- सेवानिवृत्ति के बाद बीकेटी में जमा पूंजी से बनवाया था मकान

उस समय पिता कानपुर में थे तो उन्हें फोन पर बिना मानचित्र स्वीकृति के मकान बताकर ध्वस्त करने की जानकारी दी गई। इतना सुनते ही पिता को हार्ट अटैक पड़ गया और दूसरे दिन कानपुर में अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। मंगलवार को ध्यान चंद्र ने एलडीए पर आरोप लगाते हुए कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है।

2019 में खरीदा था भूखंड, नगर पंचायत में है दर्ज : ध्यान चंद्र ने बताया कि पिता ने वर्ष 2000 में भैंसामऊ पुलिया के पास 2100 वर्ग फिट का भूखंड करीब 55 लाख रुपये में खरीदा था। इस भूखंड पर लाखों रुपये लगाकर मकान बनवाया। जो नगर पंचायत के अभिलेखों में दर्ज है। अचानक एलडीए ने अपना क्षेत्र बताकर बिना मानचित्र स्वीकृत के निर्माण करने पर ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी कर दिया। जबकि नगर पंचायत में टैक्स जमा करते हैं।

हाल ही में ज्वाइन किया है। इसलिए मामले की जानकारी नहीं है। फिर भी यह घटना दुखद है। एलडीए के दायरे में आने से पहले भूखंड खरीद और निर्माण कराया है तो उसकी जांच करवाकर कार्रवाई करेंगे।

–संजय जिंदल, जोनल अधिकारी, जोन-5

अतीक का रिश्तेदार बताकर भू-माफिया करता है वसूली

भैंसामऊ पुलिया के पास मकान बनाकर रह रहे अमरेंद्र अवस्थी, राजेंद्र, अखिलेश, अवधेश, शिवमोहन, राजू आदि का कहना है कि यहां भू-माफिया मकसूद अहमद निवासी बारूद खाना, गोलागंज थाना वजीरगंज अतीक अहमद का रिश्तेदार बताता है और लोगों को एलडीए द्वारा उनके मकान ध्वस्त कराने की धमकी देकर वसूली करता है। कार्रवाई रुकवाने के नाम से पूरी कालोनी से 50 लाख रुपये लेता है। कई बार यह शिकायत पुलिस से की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

रजिस्ट्री में खेल, गवाह को भेजा जेल

- प्रियदर्शनी कॉलोनी में एलडीए के भूखंड की हुई खरीद-बिक्री, बेचने वाला लापता
- एफआईआर के बाद क्रेता-विक्रेता पर नहीं कर पाए कार्रवाई, फंसा गवाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सीतापुर रोड स्थित प्रियदर्शनी कॉलोनी में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के भूखंड की फर्जी रजिस्ट्री कराई गई। खरीदार ने मकान भी बना लिया। मामला खुला तो क्रेता-विक्रेता पर एलडीए ने एफआईआर कराई। लेकिन, इस खेल में फर्जीवाड़ा करने वालों के बजाय गवाह को जेल भेज दिया गया। यह आरोप लगाकर मंगलवार को पीड़ित पिता गया प्रसाद बेटे पंकज जोशी के साथ लखनऊ विकास प्राधिकरण में आयोजित नागरिक सुविधा दिवस में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब से मिले और इंसाफ की गुहार लगाई।

श्याम विहार, फैजुल्लागंज निवासी गया प्रसाद ने बताया कि बेटा पंकज शहर में अशफाक अली नाम के व्यक्ति की गाड़ी चलाता था। 2018 में अशफाक ने विजय कुमार नाम के व्यक्ति से एलडीए की प्रियदर्शनी नगर योजना में भूखंड खरीदा। रजिस्ट्री के दौरान गवाह के न पहुंचने पर मालिक के कहने पर पंकज ने गवाही दी।

नागरिक सुविधा दिवस पर मौजूद गया प्रसाद व साथ में पुत्र पंकज।

अशफाक ने भूखंड पर मकान भी बना लिया। 2021 में एलडीए की तरफ से हुई जांच में भूखंड की खरीद-बिक्री व रजिस्ट्री फर्जी निकली। इस पर एलडीए ने क्रेता-विक्रेता के खिलाफ गोमती नगर थाने में एफआईआर कराई। भूखंड बेचने के बाद से विजय लापता हो गया। जबकि अशफाक पर एलडीए और पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। बल्कि पंकज को जेल भेज दिया। वह डेढ़ माह बाद छूटा। जबकि वह इस खेल में शामिल नहीं है।

नहीं पकड़े जाते फर्जीवाड़ा करने वाले

एलडीए के संपत्तियों की फर्जी खरीद-बिक्री व रजिस्ट्री करने का यह कोई नया मामला नहीं है। बताया जाता है कि यह खेल गिरोह बनाकर किया जाता है। जो एलडीए के बाबुओं के संपर्क में रहकर संपत्तियों की जानकारी कर फर्जीवाड़ा करते हैं। इस तरह के मामले पकड़े गए हैं उसमें बाबू भी लिप्त पाए गए थे और एफआईआर हुई थी। लेकिन, ज्यादातर मामलों में संपत्तियों की बिक्री करने वाले पकड़े नहीं जाते हैं।

एक नजर

लविवि में पीएचडी आवेदन की तिथि बढ़ी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी से बढ़ाकर 10 फरवरी कर दी गई है। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पीएचडी एडमिशन में जाकर आवेदन कर सकते हैं। लखनऊ विवि के प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश फार्म भरने के लिए लर्न पंजीकरण करना अनिवार्य है।

यूपीएचसी खुर्रम नगर को मिला कायाकल्प अवार्ड

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से कायाकल्प अवार्ड इस बार भी यूपीएचसी खुर्रमनगर को मिला है। इंदिरा नगर के होटल बेबियन इन में हुए आयोजन में नोडल कायाकल्प व डिप्टी सीएमओ डॉ. संदीप सिंह ने खुर्रमनगर यूपीएचसी के अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र सिंह को कायाकल्प अवार्ड सौंपा। डॉ. धीरेंद्र ने बताया कि लगातार चौथी बार उनकी यूपीएचसी को कायाकल्प अवार्ड मिला है। इससे पहले वर्ष 2022-23 में सर्वाधिक ई संजीवनी का कीर्तिमान भी यूपीएचसी के नाम दर्ज है।

ओएसडी को प्रतिकूल प्रविष्टि, अनु सचिव को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रिफंड में देरी पर विशेष कार्याधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि, जबकि नामांतरण प्रक्रिया में देरी करने पर विशेष कार्याधिकारी व अनु सचिव को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

मंगलवार को उन्होंने लखनऊ विकास प्राधिकरण में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार, उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के साथ नागरिक सुविधा दिवस की अध्यक्षता की। इस दौरान कुल 80 शिकायतें आईं। इसमें नेहरू इन्क्लेव के निवासियों की कालोनी में गंदगी, ड्रेनेज व छुट्टा जानवरों की शिकायत पर नगर निगम को कैंप लगाकर सूचीबद्ध करते हुए समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं, जानकीपुरम विस्तार में एकेटीयू के पास अवैध डेयरी, पार्क में गंदगी व स्ट्रीट लाइटें खराब होने की शिकायत पर निगम को सुधार करने के लिए कहा। वहीं, रिफंड के प्रकरणों में देरी की शिकायत पर मंडलायुक्त ने विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) रोहित सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि, जबकि अलीगंज स्थित प्रगति विहार कालोनी के एक सम्पत्ति नामांतरण मामले में देरी पर विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी व अनु सचिव बलराम को कारण बताओ नोटिस जारी किया। सचिव पवन कुमार गंगवार ने बताया कि 19 मामलो का निस्तारण मौके पर किया गया। वहीं फलपट्टी किसान वेलफेयर एसोसिएशन ने मोहान रोड योजना में प्यारेपुर और कलिया खेड़ा का क्षेत्र अधिग्रहण करने की प्रक्रिया नियम विरुद्ध बताई। एसोसिएशन के अजीत सिंह यादव ने बताया कि दोनों गांव बफरजोन में हैं। जहां तीन किमी तक व्यावसायिक गतिविधियां संचालित नहीं हो सकती न ही अधिग्रहण। फिर भी बागवानों की आपत्ति के बाद एलडीए ने अधिग्रहण किया और बढ़ा हुआ सर्किल रेट नहीं दिया।

लखनऊ विकास प्राधिकरण में शिकायतों की सुनवाई करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब।

- मंडलायुक्त को रिफंड और नामांतरण में मिली लापरवाही

एलडीए की सबसे ज्यादा 44 शिकायतें

आयोजन में एलडीए के 44, नगर निगम 17, जिला प्रशासन 4, लेसा 3, आवास विकास 2, डूडा 7, पुलिस 2 व लोक निर्माण विभाग की एक शिकायत आई।

कार सवार ने तीन दोस्तों को कुचलने का किया प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जान बचाकर भागे तो दौड़ा कर रॉड व हॉकी से किया लहूलुहान

अमृत विचार : गोमतीनगर इलाके में मोमोज दुकानदार ने पेमेंट को लेकर हुए विवाद के बाद कार की टक्कर मार कर तीन दोस्तों को कुचलने का प्रयास किया। जान बचाकर भागे दोस्तों को दौड़ा कर हमलावरों ने डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विराजखंड निवासी आदर्श प्रताप सिंह ने बताया मित्र रवि शंकर और अजीत वर्मा के संग विराट चौराहा के समीप एक दुकान पर मोमोज खा रहा था। ऑनलाइन पेमेंट में प्रक्रिया पूरी होने में देरी होने पर काउंटर पर बैठा कर्मी गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर कर्मी ने मालिक को सूचना देने व खामियाजा भुगतने की धमकी दी। आदर्श का आरोप है कि कुछ देर बाद दो कार से करीब आठ लोग पहुंचे और टक्कर मार कर उसे व मित्रों को कुचलने का प्रयास किया। पीड़ित भागे तो दौड़ा कर राड व डंडों से पीट दिया। हमले में आदर्श व अजीत को गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोगों की सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंची तो हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर गोमतीनगर दीपक कुमार पांडेय ने बताया दो नामजद व आठ अज्ञात पर मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नोटिस का नहीं दिया जवाब तो निरस्त किया आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के बकाया भुगतान के मामले में तीन नोटिस जारी करने के बाद भी जवाब न देने पर आवेदन निरस्त कर दिए गए। मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मंगलवार को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के विलंबित भुगतान के निस्तारण के लिए मंडलीय फैसिलीटेशन काउंसिल की बैठक हुई। बैठक में मंडलीय फैसिलीटेशन काउंसिल की ओर से निस्तारण के लिए 15 और रद करने के लिए चार मामले काउंसिल के समक्ष रखे गए। साथ ही सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के बकाया भुगतान के लिए भारत सरकार के विकसित समाधान पोर्टल पर किए गए तीन आनलाइन आवेदनकर्ताओं को नोटिस जारी कर मूल प्रपत्र मांगे गए। मूल प्रपत्र न दिए जाने पर तीनों मामलों को पोर्टल पर निरस्त करने का निर्णय लिया गया। बैठक में शीलधर सिंह यादव अपर आयुक्त, कंचन सुबोध संयुक्त आयुक्त उद्योग, मनीष कुमार पाठक अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया, संजय कौल आईआईए प्रतिनिधि, रीता मित्तल प्रतिनिधि लघु उद्योग भारती आदि मौजूद रहे।

अधूरा फ्लैट देने पर लगा लाखों का हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राज्य उपभोक्ता आयोग ने विराज कंस्ट्रक्शन को दिया आदेश
- फ्लैट और सुविधाओं के नाम पर आवंटी से लिए थे लाखों रुपये

अमृत विचार : बीबीडी ग्रीन सिटी अंतर्गत विराज कंस्ट्रक्शन प्रालि को लाखों रुपये लेकर अधूरा फ्लैट देना महंगा पड़ गया। राज्य उपभोक्ता आयोग ने पीड़ित महिला आवंटी को ब्याज समेत लाखों रुपये अदा करने का आदेश दिया है।

इंदिरा नगर के सेक्टर 10 के निवासी धीरेंद्र मोहन की पत्नी नीरू श्रीवास्तव ने 12 अप्रैल 2012 को बीबीडी ग्रीन सिटी के सनब्रीज टॉवर में 45,51,340 रुपये में 1705 स्कवॉयर फिट का फ्लैट (संख्या 7/402,) खरीदा था। इसके अलावा पार्किंग, मेंटीनेंस, बिजली कनेक्शन, जेनरेटर आदि सुविधाओं के लिए लाखों रुपये शुल्क लिया गया। 2020 में उन्हें कब्जा मिला तो फ्लैट अधूरा मिला और किसी तरह की सुविधा नहीं मिली। एलडीए की तरफ से पूर्णता प्रमाण न होने पर कब्जा देने का प्रस्ताव दिया गया। इधर, एलडीए ने किसी तरह की कमी न होने का उल्लेख किया। कहीं सुनवाई न होने पर उन्होंने विराज कंस्ट्रक्शन प्रालि, एलडीए व सनब्रीज-1 अपार्टमेंट वेलफेयर एसोसिएशन के खिलाफ राज्य उपभोक्ता आयोग में शिकायत की। इस पर मंगलवार को न्यायमूर्ति अशोक कुमार अध्यक्ष व सदस्य सुशील कुमार ने बिल्डर को फ्लैट की कीमत 45,51,340 पर फरवरी 2020 से दिसंबर 2021 तक 9 प्रतिशत ब्याज देने का आदेश दिया। आदेश में साथ ही कहा कि गैराज के नाम पर जमा 1.50 लाख रुपये, क्लब मेंबरशिप के 25 हजार रुपये व मेंटिनेंस के 54324 रुपये पर 9 प्रतिशत ब्याज के साथ देय होगा। मानसिक प्रताड़ना के ढाई लाख व 25 हजार रुपये परिवाद खर्च भी देना होगा। यह धनराशि तीन माह के अंदर न देने पर इन मदों पर भी 9 प्रतिशत ब्याज लगाया जाएगा।

पति की मौत के बाद महिला आरक्षी को घर से निकाला

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

- महिला आरक्षी ने ससुराल पक्ष वालों पर दर्ज कराई प्राथमिकी

अमृत विचार : पति की मौत के बाद ससुराल पक्ष वालों ने एक महिला आरक्षी को घर से निकाल दिया। महिला आरक्षी ने ससुराल पक्ष के दस सदस्यों के खिलाफ पारा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पारा प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, क्षेत्र के विक्रमनगर निवासी बविता वर्मा रिजर्व पुलिस लाइन में बतौर आरक्षी के पद पर तैनात हैं। लिखित शिकायत में महिला आरक्षी ने बताया कि वर्ष 2020 में उसकी शादी राजेश से हुई थी। पति कई माह से बीमार चल रहे थे। गत 27 जनवरी को बीमारी के चलते पति की मौत हो गई। पीड़िता ने बताया कि पति की मौत के दो दिन बाद 29 जनवरी की सुबह करीब सात बजे ससुराल पक्ष से जुड़े परिवारिक सदस्य उससे गलत व्यवहार करने लगे। विरोध किए जाने पर नाते-रिश्तेदारों ने उसे बुरा-भला कहते हुए पिटाई कर दी। उसके बाद ससुराल पक्ष वालों ने उसका स्त्रीधन हड़प कर घर से भगा दिया। हंगामा बढ़ने पर महिला आरक्षी ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया।

युवाओं को मदद देने की योजना पर ब्रेक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: जीवन में बड़ा लक्ष्य पूरा करने का सपना संजोए नवयुवकों के अरमानों पर पानी फिर सकता है। दिल्ली में आईएएस, पीसीएस आदि की तैयारी करने वाले युवाओं को आर्थिक सहायता देने की योजना पर फिलहाल ब्रेक लग गया है। समाज कल्याण निदेशालय की ओर से शासन को भेजे गए प्रस्ताव में अभी तक कोई फैसला नहीं हो सका है।

बता दें कि दिल्ली जाकर आईएएस और पीसीएस की तैयारी करने वाले प्रदेश के प्रतिभागियों को समाज कल्याण निदेशालय की ओर से अनुदान दिया जाता था। मगर दो वर्ष से यह अनुदान बंद कर दिया गया था। सिर्फ प्रदेश में रहकर तैयारी करने वाले प्रतिभागियों को ही अनुदान दिया जा रहा है। निदेशालय ने दिल्ली में रहकर आईएएस और पीसीएस की तैयारी करने वाले प्रदेश के प्रतिभागियों को अनुदान देने का मन बनाया था।

- प्रदेश के छात्रों को दिल्ली में कोचिंग करने पर आर्थिक सहायता देने की थी तैयारी
- शासन ने अभी तक नहीं लगाई प्रस्ताव पर मुहर, मांगे गए थे दो करोड़ रुपये

दिल्ली में रहकर आईएएस और पीसीएस की तैयारी करने वाले प्रदेश के जरूरतमंद प्रतिभागियों को आर्थिक सहायता देने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था मगर उस पर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है।

–कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

इसके लिए शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा था साथ ही दो करोड़ रुपये का बजट मांगा था। प्रस्ताव नवंबर में भेजा गया था मगर उस पर अभी तक कोई निर्णय नहीं हो सका है।

मौसम | धूप निकली तो मिली राहत, आकाशीय बिजली गिरने व बारिश का अनुमान

धूप से सर्द हवाएं हुईं बेदम, कोहरा भी हुआ कम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सोमवार को ठंड में कमी के बाद मंगलवार को भी तेज धूप ने राहत दी। कोहरा भी सुबह ही छट गया जिससे कई दिनों बाद लोगों को भीषण सर्दी से निजात मिली। हालांकि मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र में अगले कुछ दिन बारिश और आकाशीय बिजली का अनुमान जताया है। इसके असर को लेकर लखनऊ व आसपास के जनपदों को भी अलर्ट किया गया है।

तीन दिनों से निकल रही धूप का असर तापमान पर पड़ा। ऐसे में लखनऊ का न्यूनतम तापमान बढ़कर 9 डिग्री से अधिक हो गया। सुबह से निकली धूप ने कोहरे को बेअसर किया। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, अगले दो दिनों में पश्चिमी क्षेत्र में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावनाएं बढ़ी हैं।

ठंड से घर में दुबके राजधानीवासी धूप निकलते ही सड़कों पर दिखने लगे हैं। इसी क्रम में हजरतगंज क्षेत्र में पैदल घूमने निकले लोग। अमृत विचार

आसपास के जनपदों में एक जैसा रहा तापमान

लखनऊ के अलावा बाराबंकी जनपद में न्यूनतम पारा 8.5 डिग्री रिकार्ड हुआ। हरदोई का तापमान इससे एक डिग्री अधिक था। लखीमपुर खीरी और सीतापुर में पारा 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।

कोहरे की संभावना

मौसम विभाग की ओर से सीतापुर, लखीमपुर, हरदोई और बाराबंकी जनपदों में कोहरे की संभावना जतायी गई है।

मौसम की मार, थम रही विमानों की रफ्तार

संवाददाता, लखनऊ/सरोजनीनगर

अमृत विचार: मौसम के बदले मिजाज के कारण विमान सेवाएं लगातार प्रभावित हो रही हैं। मौसम की मार के कारण विमान की रफ्तार थम रही है। लखनऊ से वाराणसी जाने वाली उड़ान रद कर दी गई, जबकि एक को डायवर्ट किया गया।

लखनऊ से वाराणसी जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई 7741 को रद कर दिया गया। मुंबई से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या आईएक्स 2773 खराब मौसम के चलते दिल्ली के लिए डायवर्ट कर दी गई। वहीं मस्कट से लखनऊ आने वाली सलाम एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या ओवी 701, दुबई से लखनऊ आने वाली फ्लाई दुबई एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या एफजेड 443, रियाद से लखनऊ आने वाली फ्लाईनास एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या एक्सवाई 333, कोलकाता से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई 811 और इलाहाबाद से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई 7936 ने विलंब से उड़ान भरी। दूसरी ओर

लखनऊ से मस्कट जाने वाली सलाम एयरलाइंस के फ्लाइट संख्या ओवी 702, लखनऊ से दुबई जाने वाली फ्लाई दुबई एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या एफजेड 444, लखनऊ से जद्दा जाने वाली सऊदी एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या एसपी 891, लखनऊ से गोरखपुर जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या 9आई 810, लखनऊ से मुंबई जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई 5241, लखनऊ से दिल्ली जाने वाली विस्तारा एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या यूके 642, लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई 2683 विलंब से रवाना हुई।

- दो उड़ानें रद, एक को किया गया डायवर्ट
- एक दर्जन से अधिक विमान विलंब से भर सके उड़ान

सरकार पर हर्जाने का आदेश वापस

विधि संवाददाता, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने 8 जनवरी का अपना वह आदेश वापस ले लिया जिसमें राज्य सरकार पर यह कहते हुए 25 हजार रुपये का हर्जाना लगाया गया था कि सरकारी वकील ने कोर्ट का दस मिनट का बहुमूल्य समय बर्बाद कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने रजित राम वर्मा की ओर से दाखिल एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। इससे पहले सरकार की ओर से एक अर्जी पेश कर कहा गया था कि कोर्ट के आदेश से प्रमुख सचिव न्याय को अवगत करा दिया गया है और साथ ही कोर्ट को हुई असुविधा के लिए खेद प्रकट किया गया। इस पर न्यायालय ने सरकार की अर्जी मंजूर करते हुए हर्जाना वाला आदेश वापस ले लिया।

एक नजर

अधिवक्ताओं को किया गया सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश महोत्सव का 8वां संस्करण का समापन हुआ। इस अवसर पर अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले अधिवक्ताओं में प्रदीप सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेंट्रल बार, ध्रुव कुमार सिंह पूर्व उपाध्यक्ष सेंट्रल बार, लक्ष्मेन्द्र सिंह पूर्व उपाध्यक्ष सेंट्रल बार, विदु भूषण पांडेय, आशुतोष सिंह चौहान, उपाध्यक्ष सेंट्रल बार, मंदीप मिश्र, कोषाध्यक्ष सेंट्रल बार, कुंवर अंबिका सिंह (डब्बू), सोमिल सिंह सिकरवार, सौरभ वर्मा, ऋचा मिश्रा, मधु सेन, राहुल यादव, संतोष कुमार यादव, मोहित यादव, विनय यादव, अरुण कुमार झा, सुशील सिंह, दिवाकर सिंह, दीपक सिंह, सोमेश रस्तोगी, अजय प्रताप सिंह, प्रशांत कुमार मिश्रा, अमर प्रकाश तिवारी, विजय कुमार यादव, प्रताप यादव में शामिल हुए। इस अवसर पर पंकज तिवारी, शैलेन्द्र मोहन, अजय यादव, डॉ. अर्चना सक्सेना, संजीव सक्सेना, शशांक सक्सेना, विजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

पुरातत्व अभिरुचि पाठ्यक्रम का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : पुरातात्विक धरोहरों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से उप्र राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा पुरातत्व अभिरुचि पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का उदघाटन पद्मश्री लोकविद् एवं वरिष्ठ साहित्यकार विद्या बिन्दु सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर केके थपल्याल द्वारा पुरातात्विक उत्खनन विषय में जानकारी प्रदान की गयी। आयोजित कार्यक्रम में 150 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

उम्मीदों की पौध लगाने किसान हुए एकजुट

सीएसआईआर-सीमैप में दो दिवसीय किसान मेले का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सीएसआईआर-सीमैप में देश भर के किसान एकजुट हुए। किसान मेले में औषधि और फूलों की खेती पर विशेषज्ञों का फोकस रहा। उप्र के अतिरिक्त हिमांचल प्रदेश, केरल सहित अन्य प्रांतों से आए किसानों द्वारा अपना पंजीकरण कराते हुए जानकारियां हासिल की गईं।

मंगलवार को सीएसआईआर-सीमैप में दो दिवसीय मेले की शुरूआत की। कार्यक्रम का उद्घाटन सीएसआईआर-एनबीआरआई के निदेशक डॉ. अजीत कुमार शासनी ने किया। सीएस आईआर-सीमैप के निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी ने किसान मेले में सम्मिलित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि लेमनग्रास सुगंध तेल ने भारत को सक्षम बनाया है। औषधि और फूलों की खेती व्यवसाय और कारोबार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही है। इसे आगे बढ़ाना चाहिए। विशेषज्ञों ने बोआई को लेकर तमाम सी जानकारियां साझा कीं। इस दौरान उद्यमियों को भी प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था से जोड़ने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर उप्र के अलावा हिमांचल प्रदेश, केरल सहित अन्य प्रांतों से आए किसानों के बीच जानकारियां साझा की गईं।

कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें सीएसआईआर-सीमैप के शोधार्थियों द्वारा नए तरीके से उपज तैयार करने की ज्ञानवर्धक जानकारियां प्रस्तुत की गईं।

उद्यमियों ने कही मन की बात : उप्र के मेरठ, बुलंदशहर, कानपुर सहित अन्य स्थानों से आए उद्यमियों ने खेती को कारोबार से जोड़ने की बात को विस्तार दिया। जिस पर किसान मेला के संवाहक डॉ. संजय कुमार ने बढ़ती गतिविधियों को बिन्दुवार साझा किये। शासन की योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

होते रहने चाहिए ऐसे मेले : मेले में काफी संख्या में बाराबंकी जनपद के किसान आए हुए थे। हरदोई, सीतापुर और उन्नाव के भी किसान मिले। बाराबंकी के किसान रमेश और अनिल ने बताया कि वे लोग मेंथा सहित कुछ अन्य फसलों के अलावा खेती की ओर ध्यान नहीं दे पाते। ऐसे मेले में विशेष जानकारियों के अलावा शासन की योजनाओं के बारे में भी पता चलता है। रवि, शिवशंकर कहते हैं कि ऐसे मेले हर माह जनपदों में भी आयोजित होते रहने चाहिए।

किसान मेले में कैलेंडर जारी करते -एनबीआरआई के निदेशक डॉ. अजीत कुमार शासनी व अन्य वैज्ञानिक। अमृत विचार

पहले दिन डेढ़ हजार से अधिक पंजीकरण

किसान मेले में पहले दिन अलग-अलग स्थानों से आए उद्यमियों और किसानों ने पंजीकरण कराए, इनकी संख्या डेढ़ हजार से अधिक रही। वरिष्ठ वैज्ञानिक मनोज सेमवाल ने बताया कि पहले दिन डेढ़ हजार से अधिक पंजीकरण हुए हैं। मेले में कुल 5 हजार किसानों के आने का लक्ष्य है। बुधवार को ये संख्या आंकड़ा पार करेगी।

किसान मेले में आज आएंगे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रोजगार मेले में बुधवार को शामिल होंगे। दो दिवसीय किसान मेले में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर सीएसआईआर के महानिदेशक और डिपार्टमेंट ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च के सचिव डॉ. नल्लाथम्बी कलाइसेल्वी शोध और अन्य विषयों पर जानकारियां साझा करेंगे।

कीट फसलों से जुड़ा कैलेंडर जारी

किसान मेले में कार्यक्रम के दौरान हर्बल उत्पादों की जानकारी दी गई। ऐसे में वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को आवश्यक तेल कीट से संबंधित जानकारियां साझा करते हुए कैलेंडर भी जारी किया गया। किसानों की समस्याओं के निराकरण भी किये गए।



लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रतिभागी छात्रों के साथ संकायाध्यक्ष प्रो. एके सिंह व अन्य। अमृत विचार

विशेष परीक्षा को लेकर छात्रों को मिला सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में छात्रों ने स्टडी जैम जेनरेटिव आर्टिफिशल इंटेलीजेंस और गूगल क्लाउड कंप्यूटिंग कोर्स का आयोजन किया। जिसमें छात्रों ने अपने मॉडल प्रस्तुत किए। लविवि में आयोजित स्टडी जैम जेनरेटिव आर्टिफिशल इंटेलीजेंस और गूगल क्लाउड कंप्यूटिंग कोर्स के दौरान गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब के छात्र सम्मिलित हुए।

शैक्षणिक कोर्स में 150 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। सफल 80 छात्रों को गूगल बैग्स, टी-शर्ट, वॉटर बॉटल, डायरी दिये गए। वितरण के दौरान संकायाध्यक्ष प्रो. एके सिंह एवं जीडीएससी फैकल्टी एडवाइजर डॉ. हिमांशु पांडे के अलावा शिक्षक इंजीनियर पवन राजावत, जीडीएससी लीड प्रियांशी राय, क्लाउड फैसिलिटेटर स्वप्निल राय, हर्षवर्धन सिंह, मृत्युंजय द्विवेदी सहित अन्य उपस्थित रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

निविदा शुद्धिकरण सूचना

ई-टेण्डरिंग खुली निविदा सूचना सं. 03/2024 दिनांक 08.01.2024 के अंतर्गत क्रमांक 03 पर अंकित निविदा जो दिनांक 29.01.2024 को खोली जानी थी, प्रशासनिक कारणों से अब दिनांक 02.02.2024 को खोली जायेगी। ई निविदा का विवरण भारतीय रेलवे के **IREPS** वेब साईट पर **www.ireps.gov.in** देखें।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)

मुजाधि/डब्लू-524 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा लखनऊ मण्डल के हरगांव, मैलानी GMU (General Minor Unit) एवं मनकापुर SMU (Special Minor Unit) के संचलन की 05 वर्ष की अवधि हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित है। जिसके खुलने की तिथि दिनांक 16.02.24 समय 13.00 बजे एंव बंद होने की तिथि दिनांक 16.02.24 समय MLN (13:30, 14:00), HA(13:40, 13:50) & MUR (14:10) सम्बन्धित लॉट के अनुसार है। इस आक्शन के अन्तर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नही होगें। ई ऑक्शन से सम्बन्धित अन्य जानकारी www.ireps.gov.in (E-Auction Module) वेबसाइट पर उपलब्ध है। ध्यान दें कि ई-ऑक्शन मूल्य एवं धरोहर राशि का भुगतान केवल through IREPS, online payment mode से ही स्वीकार्य किया जाएगा जोकि **www.ireps.gov.in (E-Auction Module)** की वेबसाइट पर उपलब्ध है, डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नही है। अन्य जानकारी www.ireps.gov.in (E-Auction Module) की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ई आक्शन सूचना संख्या, स्टेशन, लोकेशन, आदि का विवरण निम्न है।

ई ऑक्शन सूचना सं. (कैटलॉग सं०): Catg-MLN-HA-MUR, **स्टेशन:**-मैलानी, **लोकेशन:**-पीएफ 2/3 पर स्टॉल नंबर 06, ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समय: दिनॉक 16.02.24 समय 13.30 एवं **लोकेशन:**-पीएफ 01 पर स्टॉल नंबर 02, ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समय: दिनॉक 16.02.24 समय 14.00।

स्टेशन:-हरगांव, **लोकेशन:**-पीएफ 01 पर स्टॉल नंबर 01, ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समय: दिनॉक 16.02.24 समय 13.40 एवं **लोकेशन:**-पीएफ 2/3 पर स्टॉल नंबर 06, ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समय: दिनॉक 16.02.24 समय 13.50।

स्टेशन:-मनकापुर, लोकेशन:-पीएफ 4/5 पर स्टॉल नंबर 12, ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समय: दिनॉक 16.02.24 समय 14.10।

मण्डल रेल प्रबन्धक/वाणिज्य

मुजाधि/वाणिज्य-253 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

NOTICE

I have changed my name from Faizan to Faizan Ali. In future, I should be known and known as Faizan Ali. Faizan Ali, son of Samsad, resident of village Awasthi Kheda, Jogikot police station, Behta Mujawar tehsil Bangarmau district, Unnao.

सूचना

सूचित करना है कि मैंने अपने पुत्र जसवंत के गलत व्यवहार चाल चलन से परेशान होकर अपनी चल अचल संपत्ति से 30 जनवरी 2024 को बेदखल कर दिया है। उसके किसी क्रियाकलाप की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **अमृतलाल पुत्र स्वर्गीय दुखीराम ग्राम ताहीपुर पोस्ट हरख तहसील नवाबगंज बाराबंकी।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी का हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा वर्ष 2010, अनुक्रमांक 2263622 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **कुमारी अर्चना देवी पुत्री श्रीराम गोपाल सोनकर ग्राम व पोस्ट दुबहा बाजार जिला गोंडा।**

सूचना

मेरी पत्नी के एनटीपीसी स्वास्थ्य कार्ड में उनका नाम मीना अंकित है जो त्रुटिपूर्ण है, उनका सही व वास्तविक नाम मीना चौरसिया है जो उनके सभी अभिलेखों में अंकित है, उन्हें मीना चौरसिया के नाम से ही जाना जाता है। **श्री राम प्रसाद (057957) नि0 2/55 एनटीपीसी कालोनी ऊंचाहार रायबरेली**

सूचना

मैने अपने भाई सुदामा पुत्र घासीराम के चाल चलन ठीक न होने व आये दिन लोगों से मारपीट करने से संबध विच्छेद कर लिया है। मै अपनी पत्नी व बच्चों के साथ अलग रहता हूं। भाई सुदामा की ओर से किये गये किसी भी अच्छे बुरे कार्य से उसका व उसके परिवार का कोई वास्ता नहीं है। **अर्जुन उर्फ कन्हैया पुत्र घासीराम निवासी ग्राम सांड़ा थाना ठठिया जिला कन्नौज।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की शपथी का नाम पासपोर्ट में त्रुटिवश समसुद्दीन लिख गया है जबकि शपथी का पूरा नाम शमसुद्दीन मंसूरी है अतः शपथी का पूरा व सही नाम पासपोर्ट में दर्ज कर दिया जाए। **शमसुद्दीन मंसूरी पुत्र मोहम्मद रौफ, ग्राम- नौडिहवा इटा रामपुर इंटाई रामपुर बलरामपुर**

सार-संक्षेप

सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन के दौरान शिक्षिकाएं व छात्राएं। अमृत विचार

एपी सेन कॉलेज में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का हुआ उद्घाटन

अमृत विचार, लखनऊ : एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज के परिसर में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्राचार्या प्रो सारिका दुबे के द्वारा हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सिलाई केंद्र प्रभारी नेहा सिंह और आनन्द जोशी ने सिलाई प्रशिक्षण केंद्र और स्मार्ट क्लास का निरीक्षण भी किया। महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव एवं एनसीसी प्रभारी प्रो. मोनिका श्रीवास्तव के प्रयासों से स्थापित इस प्रशिक्षण केंद्र को विधायक राजेश्वर सिंह द्वारा अपनी माता की स्मृति में 10 सिलाई मशीन और स्मार्ट क्लास दान स्वरूप प्रदान किया गया। इस केंद्र का मुख्य लक्ष्य महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओ के सर्वांगीण विकास के साथ साथ उनको स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना है। समन्वयक डॉक्टर कीर्ति गौड़ ने बताया कि विधायक के कार्यालय से निशुल्क कपड़ा मिलेगा। छात्राएं अपने फ्री पीरियड में बैग सिलेंगी। जिनको विधायक के आफिस द्वारा ही खरीदा जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं, कर्मचारियों सहित छात्राओं की उपस्थिति रही।

एमओयू के साथ प्रोफेसर संजय मिश्र, निदेशक पीजीडीएम रिद्धिमान व अन्य।

केकेवी में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट की पढ़ाई शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कॉलेज (केकेवी) में नए सत्र से पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (पीजीडीएम) की भी पढ़ाई शुरू होगी। इसके लिए कॉलेज ने पुणे इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया। एमओयू प्राचार्य प्रो. संजय मिश्र और निदेशक पीजीडीएम डॉ. रिद्धिमान मुखोपाध्याय के बीच हस्ताक्षरित हुआ। इस कार्यक्रम के पूरे कोर्स की समन्वयक प्रोफेसर गुंजन पाण्डेय हैं। इस कार्यक्रम में डॉ वर्मा, फैकल्टी पीआईबीएम, तीन उत्तर प्रदेश के प्रोजेक्ट हेड प्रतीक राज, मुकेश कुमार गुप्ता, अंकित कुमार भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र एचआर, मार्केटिंग, फाइनेंस, बिजनेस एनालिटिक्स में विशेषज्ञता हासिल करेगें। खास बात ये है कि इस कोर्स में स्नातक उत्तीर्ण कोई भी प्रवेश ले सकेगा। साथ ही अगर कोई रोजगार करते हुए कोर्स करना चाहता है तो वो भी सुविधा उपलब्ध है। बीएसएनवी के छात्रों को फीस में कुछ छूट भी मिलेगी। पीआइबीएम निदेशक डॉ. रिद्धिमान मुखोपाध्याय ने बताया 70 प्रतिशत कोर्स की पढाई ऑनलाइन और 30 प्रतिशत ऑफलाइन होगी। कोर्स की अवधि दो वर्ष की होगी तथा छः महीने की इंटर्नशिप भी कराई जाएगी।

इजराइल जाने के लिए 5020 कामगार तैयार

अमृत विचार, लखनऊ : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को इजराइल भेजे जाने वाले कामगारों का स्किल टेस्ट हुआ। दिन भर चले साक्षात्कार में 7094 श्रमिक उपस्थित हुए। जिसमें से 5020 का चयन किया गया। निश्चित समय पर इजराइल के तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने कामगारों का स्किल टेस्ट लिया। श्रमिकों को चयन प्रक्रिया में तमाम सी परीक्षाओं से गुजरना पड़ा।

संस्थान के प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने बताया कि भारत सरकार एवं इसराइल सरकार के बीच हुए एमओयू के अन्तर्गत व्यवसाय मेसन प्लास्टरिंग वर्क, मेसन सेरेमिक टाइलिंग, मेसन बिल्डिंग फ्रेमवर्क तथा मेसन आयरन वेन्डिंग के क्षेत्र में भारतीय श्रमिकों को चयनित किया गया है। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव की उपस्थिति में इजराइल टीम के अधिकारियों से सामंजस्य बनाने में पीबा टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान एनएसडीसी टीम मौजूद रही। व्यवस्थाओं का अवलोकन संयुक्त निदेशक सत्यकान्त ने किया।

प्रकृति एवं संस्कृति को दें बढ़ावा : मुकेश मेश्राम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

- लविवि में अंतर छात्रावास प्रतियोगिता का आयोजन
- 18 छात्रावासों के अन्तः प्रवासी छात्रों ने किया प्रतिभाग

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में अंतर छात्रावास प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति ने कहा कि प्रकृति एवं संस्कृति को बढ़ावा देना आवश्यक है। इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करने से रचनात्मक परिवर्तन देखने को मिलते हैं।

प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम लविवि में नौ दिवसीय प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने प्रकृति और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने मुख्य अतिथि के सार को आगे बढ़ाते हुए प्रतियोगिता की बिन्दुवार जानकारी दी। फिर 18 अन्तः प्रवासी छात्रों की प्रतियोगिता शुरू हुई। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो अरविंद अवस्थी, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो. मधुरिमा लाल, प्रो. गीतांजलि मिश्र सहित सभी छात्रावास के अभिरक्षक एवं सहायक अभिरक्षक उपस्थित थे।

याद किये गए राष्ट्रपिता : कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए हुई। इस दौरान दो मिनट का मौन भी रखा गया। इसके बाद मुख्य मशाल प्रज्ज्वलित कर गुब्बारे भी उड़ाए गए। फिर प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई।

मशाल प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम व अन्य।

महमूदाबाद और कैलाश हॉस्टल ने जीती प्रतियोगिता

महमूदाबाद हाल में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्रों की प्रतियोगिता सुभाष हाल और महमूदाबाद हाल के बीच हुई। ऐसे में महमूदाबाद टीम अव्वल रही। वहीं छात्राओं के बीच आयोजित प्रतियोगिता में आजाद हॉस्टल की टीम विजयी रही। कैलाश हॉस्टल की टीम दूसरे स्थान पर रही।

आवश्यकता है

ज्वाला देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रेताही मानिकपुर, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)

(सम्बद्ध प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, (उ.प्र.)

प्राचार्य - 01 पद

प्रवक्ता - (स्नातक/ परास्नातक स्तर पर) हिन्दी - 05 पद, संस्कृत 03 पद, अर्थशास्त्र 01 पद, अंग्रेजी 03 पद, समाजशास्त्र 05 पद, शिक्षाशास्त्र 05 पद, राजनीति विज्ञान 05 पद, गृह विज्ञान 05 पद, प्राचीन इतिहास 05 पद, भूगोल 05 पद, भौतिक विज्ञान 05 पद, रसायन विज्ञान 05 पद, गणित 05 पद, जन्तु विज्ञान 05 पद, वनस्पति विज्ञान 05 पद

योग्यता - उपरोक्त पदों पर यू.जी.सी./ उ.प्र.शासन द्वारा निर्धारित योग्यतानुसार वेतनमान -उ.प्र.शासन के मानकानुसार देय होगा।

नोट- इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त पत्रावली के साथ विज्ञापन तिथि 15 दिनों के अन्दर सम्पर्क कर सकते हैं।

अध्यक्ष

ज्वाला देवी

स्नातकोत्तर महाविद्यालय रेताही मानिकपुर, प्रतापगढ़

सम्पर्क सूत्र - 8765312453,9532071072

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मे0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता पंजीकृत पता सदर बाजार कर्वी जिला चित्रकूट दिनांक 30.10.2018 को कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स, झांसी में पंजीकृत की गयी थी। जिसमें साझेदार नरेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 राम लाल निवासी सदर रोड कर्वी जिला चित्रकूट, नन्दिनी गुप्ता पुत्री श्री रमा शंकर निवासी सदर रोड कर्वी जिला चित्रकूट तथा आयुष गुप्ता पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी निवासी सदर रोड कीं जिला चित्रकूट थे। वर्तमान में आदित्य नंदन पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी निवासी सदर रोड की जिला चित्रकूद दिनांक 14-07-2023 को फर्म में सम्मिलित हुये है। साझीदारों के आपसी सहमति से फर्म का नाम परिवर्तित किया गया है। दिनांक 14-07-2023 से फर्म का नाम मे0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता से परिवर्तित होकर मे0 एनकेजी इन्फ्रा हो गया है। **आयुष गुप्ता (साझेदार), पुराना नाम मे0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता नया नाम मे0 एनकेजी इन्फ्रा, सदर बाजार कर्वी जिला चित्रकूट।**

मनरेगा कर्मियों व ग्राम रोजगार सेवकों ने याद दिलाया वादा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आठ सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को उत्तर प्रदेश के 42,000 मनरेगा कर्मी एवं ग्राम रोजगार सेवक इको गार्डन में एकत्र हुए और मुख्यमंत्री को उनका वादा याद दिलाया। ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति के तत्वाधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरुण मिश्रा ने किया।

इस दौरान ग्राम रोजगार सेवक एकता समिति के संरक्षक मंडल भूपेश कुमार सिंह ने कहा कि जब मुख्यमंत्री ने घोषणाएं कर दी हैं तब अधिकारियों को आदेश निर्गत कर देना चाहिए।

बता दें कि विगत 4 अक्टूबर 2021 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिफेंस एक्सपो के दौरान घोषणा की थी कि वह एक माह में एचआर पॉलिसी ला रहे हैं। ग्राम रोजगार सेवकों की सेवा समाप्ति से पहले अब उपायुक्त मनरेगा की सहमति अनिवार्य होगी। मनरेगा कर्मियों के जॉब चार्ट में अन्य कार्यों को भी जोड़ा जा रहा है। लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी उन घोषणाओं पर शासन द्वारा कोई भी आदेश निर्गत नहीं किए गए जिससे मनरेगा कर्मियों में रोष एवं आक्रोश है।

ईको गार्डेन में आठ सूत्री मांगों को लेकर धरना देते ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति के सदस्य। अमृत विचार

सुधरेगा यातायात, जाम से मिलेगी निजात

- नगर निगम ने पांच जंक्शन पर ठहराव के लिए लागू की नई व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शहर में टेंपो-टैक्सी एवं ऑटो रिक्शा की बिगड़ी व्यवस्था में अब सुधार आने की उम्मीद है। साथ ही जाम से भी निजात मिलेगी। इसके लिए नगर निगम ने पांच ठहराव में नई व्यवस्था लागू की है।

मंगलवार को नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने टेंपो-टैक्सी एवं ऑटोरिक्शा संचालन के लिए समिति की संस्तुति पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में ठहराव स्थल के लिए चयनित चारबाग जंक्शन, अवध, पॉलिटेक्निक, कमता व दुबग्गा में निर्धारित स्थलों पर टेंपो-टैक्सी एवं ऑटो रिक्शा संयुक्त मोर्चा द्वारा नामित संचालन समितियों के माध्यम से संचालन का कार्य शुरू करने को हरी झंडी दी है। प्रोजेक्ट के तहत कुल 28 अहम नियम व शर्तें भी लागू की गई हैं।

ये हैं पांच जंक्शन के ठहराव स्थल

चारबाग चौराहा : रवीन्द्रालय के पास टाटा मोटर से 70 मीटर दूरी पर दो लाइन में, चारबाग में पूर्व सेवायोजन कार्यालय के मोड़ से मुस्लिम मुसाफिर खाना के गेट तक खाली पड़ी रोड पर दोनों तरफ की जगह, रेलवे आरक्षण केंद्र से 25 मीटर छोड़ कर रेलवे ऑफिसर गेस्ट हाउस गेट से पहले 70 फीट, चारबाग में नाका हिन्डोला की तरफ जाने वाले मार्ग पर पेट्रोल पम्प से अम्बालिका इन्स्टीट्यूट तक, चारबाग मेट्रो केनेटी (शेड) के नीचे शर्मा होटल वाली गली से मेट्रो द्वार के पहले तक, चारबाग से आलमबाग जाने वाले मार्ग पर नत्था तिराहे से 50 मी. आगे रोड पर एक लाइन में।

अवध चौराहा : अवध चौराहे से 100 मी. चौराहा छोड़कर कर हरदोई रोड पर सुलभ काम्पलेक्श तक 25 मी. लम्बी व 15 फीट चौड़ी, अवध चौराहा से बंगला बाजार जाने वाले मार्ग पर आर्यवत बैंक से 50 मी. लम्बी व 7 फीट चौड़ी, अवध चौराहे से एयरपोर्ट रोड पर 100 मी. बांई ओर प्रस्तावित।

दुबग्गा चौराहा : दुबग्गा चौराहे से 50 मी. आगे महिन्द्रा टू-व्हीलर शो-रूम के आखरी लेन में टर्मिनल के लिए स्थान उपलब्ध, दुबग्गा सीतापुर रोड बाईपास चौराहा से 50 मी. आगे दाहिने हाथ पर स्थान उपलब्ध दुबग्गा कोतवाली के सामने वाली पट्टी पर।

पॉलिटेक्निक चौराहा : पॉलीटेक्निक चौराहे पर पैदल पथ फुट ओवर ब्रिज व शाही काम्प्लेक्स के बीच खाली जगह पर, पॉलिटेक्निक चौराहे से बेव सिनेमा जाने वाली रोड पर कल्याण मोटर्स पार करके पेट्रोल पम्प से पहले सड़क की आखरी लेन में।

कमता : तिराहे पर अवध बस स्टेशन की बाउण्ड्री के पास रोड की दूसरी साइड में।

सानिध्य द्विवेदी ने टेनिस टूर्नामेंट में जीते दोहरे खिताब

अमृत विचार, लखनऊ : सानिध्य द्विवेदी ने एसडीएस टेनिस अकादमी में आयोजित गणतंत्र दिवस टेनिस टूर्नामेंट में दोहरे खिताब जीते। पुरुष एकल के फाइनल में सानिध्य द्विवेदी ने पार्थ का 7-6 (8-6) से और बालक अंडर-16 में अनिरुद्ध को 9-4 से हराया।

एसडीएस टेनिस अकादमी के टेनिस कोच गोपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि अन्य वर्गो के फाइनल में बालक अंडर-12 में अणर्व श्रीवास्तव ने विवान श्रीवास्तव को 9-5 से, बालिका अंडर-12 में आलिया सिंह ने रशेल वीर को 9-3 से हराया। समापन समारोह में शैलेंद्र द्विवेदी ने पुरस्कार बांटे।

अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)-बअदालत न्यायालय श्रीमान् सिविल जज (जू0डि0) साउथ, लखनऊ-सी0एस0 वाद सं0-1161/2022 -पेशी-12.03.2024-आरती आयु लगभग 32 वर्ष पत्नी अरविन्द कुमार चौहान पुत्री स्व0 कैलाश चौहान निवासिनी- 532ख/48ख, मेहदी टोला, डण्डहिया बाजार, अलीगंज, पोस्ट आफिस विकास नगर, लखनऊ व अन्य-प्रार्थिनीगण/वादिनीगण-बनाम-1-जीतू सिंह चौहान पुत्र स्व0 कैलाश चौहान निवासी- भवन सं0-439/36, तहसीनगंज चौराहा, ठाकुरगंज, जिला-लखनऊ-2- ज्योति बालिग पत्नी स्व0 राज पुत्री स्व0 कैलाश चौहान द्वारा (ज्योति की पुत्री काजल का घर) निवासिनी- 555च/383, रामनगर, आलमबाग, लखनऊ- विपक्षीगण-हरगाह-प्रार्थिनीगण/वादिनीगण ने आपके नाम से एक नालिस बावत दावा वास्ते बावत वाद हेतु के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12.03.2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा हालात से वाकई वाकिफकार किया गया हो और कुल अहम उमूरात मुताबिक का जवाब दे सके या जिसके साथ और कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश कर जिन पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों बयान तहरीरी दिनांक 12.03.2024 को दाखिल करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज बतारीख 25.01.2024 ई0 को जारी किया जाये।

दस्तखत हाकिम-मोहर अदालत

लखनऊ नगर निगम

टी.एन. मार्ग, लालबाग, लखनऊ 226001 (उ.प्र.)

ई-टेण्डर पोर्टल : https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सू.सं.: 319/मु.अ./23-24 दिनांक: 29.01.2024

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत अल्पकालिक निविदा सूचना

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा अमृत 2.0 योजनान्तर्गत Special Tranche कार्यक्रम अन्तर्गत दिनांक 06.02.2024 को 02 कार्यों हेतु द्वि-लिफाफा पद्धति पर ई-निविदायें, ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है, पोर्टल https://etender. up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर.टी.जी.एस/एन.ई.एफ.टी./इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लागिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक 06.02.2024 को अपरान्ह 15:00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हें दिनांक 06.02.2024 को 16:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है अन्य समस्त विवरण/नियम/शर्तें यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

मुख्य अभियन्ता

लखनऊ नगर निगम

लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)

etender portal : https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सू.सं.: 323/मु.अ./23-24 दिनांक : 30.01.2024

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत ई-निविदा सूचना

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा **अहाना ग्रीन्स परियोजना** के अन्तर्गत दिनांक **20.02.2024** को 01 कार्य हेतु द्वि-लिफाफा पद्धति पर ई-निविदायें, ई-निविदा पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर आमंत्रित की जाती हैं, पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि **RTGS /NEFT/**इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल **https://induscollect.indusind.com/pay/index.php** पर लागिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक **20.02.2024** को अपरान्ह **15:00** बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हे दिनांक **20.02.2024** को **16:00** बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वय का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है अन्य समस्त विवरण/नियम/शर्ते यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध हैं।

मुख्य अभियन्ता

एक नजर

दिल्ली में सम्मानित हुए योग प्रशिक्षक नर्वदेश्वर

अमृत विचार, लखनऊ : नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित 75 वें गणतंत्र दिवस समारोह में आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में अमेठी से योग प्रशिक्षक नर्वदेश्वर उपाध्याय और सुरेंद्र कुमार तिवारी को निमंत्रित किया था। आयुष विभाग उत्तर प्रदेश के नोडल अधिकारी डॉ महेंद्र विक्रम सिंह के नेतृत्व में प्रदेश के योग प्रशिक्षक दिल्ली पहुंचे। सभी ने गणतंत्र दिवस समारोह में प्रतिभाग किया। केंद्रीय आयुष मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने योग प्रशिक्षकों को ट्राफी देकर, उनके कार्यों की प्रशंसा की। आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इंडिया गेट, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, कुतुब मीनार, प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी अमेठी, सुलतानपुर डॉ अनीता गुप्ता ने बताया कि हेल्थ वेलनेस सेंटर में तैनात नर्वदेश्वर उपाध्याय, सुरेन्द्र कुमार तिवारी को दिल्ली में सम्मानित किया गया।

2 को विधानसभा मार्ग जाने से बचें

विधान मंडल सत्र की शुरुआत से समाप्त होने तक रहेगा डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: दो फरवरी से विधान मंडल का सत्र शुरू हो रहा है। सत्र की शुरुआत से समापन तक के लिए विधानसभा और हजरतगंज के आसपास के प्रमुख रास्तों पर रूट डायवर्जन लागू किया गया है। इन रास्तों से आवाजाही करने वाले वाहन चालकों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। डायवर्जन के दौरान एम्बुलेन्स, शव वाहन, फायर सर्विस, स्कूली वाहन वैकल्पिक मार्गों के अलावा प्रतिबंधित रास्तों से भी आवागमन कर सकेंगे। डायवर्जन के दौरान किसी को कोई समस्या आती है तो ट्रैफिक कन्ट्रोल रूम नंम्बर-9454405155 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

वैकल्पिक मार्गों का करें चयन

- बंदरियाबाग चौराहे से राजभवन, डीएसओ चौराहा, हजरतगंज चौराहा, जीपीओ मोड़ से विधानसभा की ओर आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग लालबत्ती चौराहा, कैंट या गोल्फ क्लब चौराहा, 1090 चौराहा तय किया गया है।
- डीएसओ चौराहा से हजरतगंज, जीपीओ पार्क से विधानसभा मार्ग नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग के रूप में पार्क रोड, मेफेयर तिराहा से होकर आवागमन करें।
- रॉयल होटल चौराहे से विधानसभा के सामने से हजरतगंज चौराहा नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग कैसरबाग चौराहा, परिवर्तन चौक, सुभाष चौराहा, चिरैयाझील, या बर्लिंग्टन चौराहा, सदर ओवरब्रिज, कैंट निकल सकेंगे।
- सिकन्दरबाग चौराहे से हजरतगंज और विधानसभा से हजरतगंज चौराहा आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग सिकन्दरबाग चौराहे से दैनिक जागरण चौराहा, बालू अड्डा, 1090 चौराहा या चिरैयाझील होकर निर्धारित किया गया है।
- परिवर्तन चौक, हिन्दी संस्थान तिराहे से हजरतगंज चौराहा होकर विधानसभा की ओर आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग कैसरबाग चौराहा या चिरैयाझील तिराहा, संकल्प वाटिका, सिकन्दरबाग चौराहा, दैनिक जागरण चौराहा, 1090 चौराहा होकर गोल्फ क्लब चौराहा, बन्दरियाबाग चौराहा, लालबत्ती चौराहा, कैंट मिलेगा।

– डीएसओ चौराहा से सिसेंडी तिराहा, रॉयल होटल चौराहे की ओर आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग हजरतगंज चौराहा, मेफेयर तिराहा या रॉयल होटल चौराहे से बर्लिंग्टन चौराहा, कैंट होकर तय किया गया है।

रोडवेज और सिटी बसों का रूट

- संकल्प वाटिका पुल के नीचे तिराहे से महानगर से आने वाले रोडवेज व सिटी बसों की सिकन्दरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा, विधानसभा की ओर आवाजाही बंद रहेगी। इस रूट की बसें बैकुंड धाम, 1090 चौराहा, बन्दरियाबाग चौराहा, लालबत्ती चौराहा, कैंट होकर आवाजाही करेंगी।
- केकेसी तिराहे से चारबाग आने वाले रोडवेज व सिटी बसें हुसैनगंज चौराहा, रॉयल होटल चौराहा से विधानसभा की ओर नहीं जाएंगी। वैकल्पिक मार्ग लोको चौराहा, कैंट या बर्लिंग्टन चौराहा से कैसरबाग से आवाजाही करेंगी।
- गोमतीनगर की ओर से आने वाले रोडवेज व सिटी बसें सिकन्दरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा, विधानसभा की ओर नहीं जाएंगी। इनके लिए बैकुंठ धाम, संकल्प वाटिका ओवरब्रिज, चिरैयाझील तिराहा होकर कैसरबाग से 1090 चौराहा, बन्दरियाबाग चौराहा, लालबत्ती चौराहा, कैंट होकर वैकल्पिक मार्ग तय किया गया है।

बीमारी से परेशान महिला व मजदूर ने की खुदकुशी

ठाकुरगंज/काकोरी: ठाकुरगंज थानाक्षेत्र अन्तर्गत पक्का बाग में बीमारी से परेशान प्रीति (30) ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। वहीं, काकोरी के महातवा में मजदूर गुड्डू (35) का शव घर में फंदे से लटका मिला।

ठाकुरगंज प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के मुताबिक, पारा थानाक्षेत्र अन्तर्गत मायापुरम निवासी प्रीति का शव फंदे से लटकता मिला। घटनास्थल से पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं, काकोरी थानाक्षेत्र महातवा गांव निवासी गुड्डू का शव फंदे से लटकता मिला। भाई नीरज ने बताया कि कुछ साल पूर्व गुड्डू का पत्नी से अलगाव हो चुका था। इस बात से वह तनाव में रहता था।

प्रशासनिक पद पर तैनात कई डॉक्टर हुए प्रोन्नत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शासन ने लेवल 4 ग्रेड के 44 डॉक्टरों को दी पदोन्नति

अमृत विचार : मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल समेत प्रशासनिक पद पर तैनात रहे कई डॉक्टर अपर निदेशक ग्रेड पर प्रमोट हो गए। शासन ने लेवल 4 ग्रेड के 44 डॉक्टरों को पदोन्नति दे दी है। अब यह सभी डॉक्टर ग्रेड 5 अपर निदेशक कैडर में आ गए हैं।

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल, बलरामपुर अस्पताल के सीएमएस डॉ. अतुल मेहरोत्रा, लोकबंधु अस्पताल में तैनात डॉ. जीपी गुप्ता, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. एपी सिंह अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य ग्रेड में आ गए हैं। इसमें डॉ. अतुल मेहरोत्रा इसी माह 31 जनवरी को रिटायर हो रहे हैं। डॉ. अतुल ने वीआरएस के लिए आवेदन कर रखा था। हालांकि शासन ने वीआरएस पर कोई फैसला नहीं लिया था। लेवल 5 ग्रेड में आ जाने बाद वह अब 62 की उम्र में रिटायर हो जाएंगे। उन्हें वीआरएस की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसी तरह कई अन्य डॉक्टर जो ग्रेड 4 से 5 में प्रमोट हुए हैं। उन्हें भी वीआरएस लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। शासनादेश के तहत ग्रेड 1 से 4 तक डॉक्टर 64 साल की उम्र में रिटायर होंगे। इन डॉक्टरों को वीआररएस आवेदन करना पड़ता है। जबकि ग्रेड 5-6 के डॉक्टर 62 की उम्र में रिटायर होंगे। प्रमोशन से पहले कई डॉक्टर रिटायरमेंट थे। ऐसे में यदि उन्हें प्रमोशन न मिलता तो सेवा विस्तार मिल जाता।

श्री योगी आदित्यनाथ
मा0 मुख्यमंत्री,
उत्तर प्रदेश

उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड

8– तिलक मार्ग, लखनऊ

U.P. Khadi & Village Industries Board

8-Tilak Marg, Lucknow



श्री राकेश सचान
मा0 मंत्री,
खादी एवं ग्रामोद्योग,
उ0प्र0

GRAM-KHADI BOARD
Website-www.upkvib.gov.in

Ph- (0522) 2208313, 2208321, 2207004, 2208287

Fax(0522) 2208243
E-mail: ceoupkvib@gmail.com



श्री अरूण प्रकाश
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं का विवरण

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम

1) पी0एम0ई0जी0पी0 योजनान्तर्गत आवेदक www.kviconline.gov.in की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। वेबसाइट पर सम्पूर्ण दिशा–निर्देश एवं विस्तृत जानकारी उपलब्ध है।

2) न्यूनतम18 वर्ष के पुरुष / महिला / व्यक्तिगत उद्यमी / पंजीकृत संस्था / सहकारी समितियाँ एवं स्वंय सहायता समूह

3)परियोजना का अधिकतम आकार विनिर्माण क्षेत्र के लिए रू0 50.00 लाख और सेवा क्षेत्र के लिए रू0 20.00 लाख।

4) शहरी क्षेत्र के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों के आवेदन बैंको को अग्रसारित करने हेतु सभी कार्यदायी अभिकरण (KVIC, KVIB, DIC & COIR Board) अधिकृत है।

5)लाभार्थियों का चयन योजनान्तर्गत निर्धारित स्कोर कार्ड के अनुसार पूर्णांकं 100 में से 50 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले आवेदको के आवेदन पत्र स्वीकृति हेतु जिला ग्रामोद्योग अधिकारियों द्वारा ही बैंकों को अग्रसारित किया जाता है।

6) बैंक द्वारा परियोजना प्रस्ताव स्वीकृति उपरान्त रू02.00 लाख तक की परियोजना के लाभार्थियों को प्रशिक्षण अनिवार्य नही है तथा रू05.00 लाख तक 6 दिवसीय एवं रू010.00 लाख तक की लागत पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण की अनिवार्यता है।

7) पी.एम.ई.जी.पी. योजनान्तर्गत डेयरी, कुक्कुट (Poultry), जलीय कृषि (Aquaculture) एवं कीड़े (Insects) उद्योगो/व्यवसायों को भी शामिल किया गया है।

8) सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों के लिये परियोजना लागत का 10 प्रतिशत व अन्य श्रेणी के लाभार्थियों के लिये परियोजना लागत का 5 प्रतिशत अंशदान लाभार्थी द्वारा जमा किया जाता है।

9) अनु0जाति / अनु0जन–जाति / अ0प0व0 / अल्पसंख्यक, महिला, पूर्व सैनिक, शारीरिक विकलांग श्रेणी के लाभार्थियों हेतु प्रोजेक्ट कास्ट का 35 प्रतिशत एवं सामान्य श्रेणी के पुरूष लाभार्थियों को 25 प्रतिशत की मार्जिनमनी (सब्सिडी) अनुमन्य है।

मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना

1)18 से 50 वर्ष के बीच शिक्षित बेरोजगार नवयुवक/युवतियों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराने के लिये 10 लाख रूपये तक की वित्तीय सहायता राष्ट्रीयकृत / ग्रामीण बैंको के माध्यम से प्रदान की जाती है।

2)लाभार्थियों का चयन योजनान्तर्गत निर्धारित स्कोर कार्ड के अनुसार पूर्णांकं 100 में से 50 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले आवेदको के आवेदन पत्र स्वीकृति हेतु जिला ग्रामोद्योग अधिकारियों द्वारा ही बैंकों को अग्रसारित किया जाता है।

3)योजनान्तर्गत कार्यरत इकाई के सामान्य जाति के लाभार्थियों को पूजीगत ऋण पर 4% (महिला को छोड़कर) स्वयं वहन करना होगा एवं शेष धनराशि ब्याज उपादान के रूप में प्रदान की जायेगी तथा अन्य वर्ग के लाभार्थियों को पूँजीगत ऋण पर शत–प्रतिशत नियमानुसार ब्याज उपादान देय होगा।

व्यवहारिक प्रशिक्षण योजना

योजना के अन्तर्गत समस्त जनपदों के ग्रामीण क्षेत्र के उद्यमियों हेतु व्यवहारिक प्रशिक्षण खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से प्रदान किया जाता है।

टोल फ्री नम्बर– 1800 258 3113

मुख्य कार्यपालक अधिकारी
उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड

एक नजर

संदिग्ध हालात में किशोरी लापता

अमृत विचार, लखनऊ : सीतापुर निवासी युवती वर्तमान में गोमतीनगर विस्तार इलाके में जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर चार के सामने झोपड़ी में परिवार के संग रहती है। युवती का कहना है कि सोमवार रात उसकी बेटी खाना खाकर हम लोगों के संग सोयी थी। मंगलवार सुबह करीब 4 बजे वह जागी तो बेटी लापता थी। पीड़िता ने थाने में दी तहरीर में बेटी की तलाश करने की गुहार लगायी है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

मकान बेचने के नाम पर हड़पे 15 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : हैबतमऊ निवासी रमेश कुमार ने बताया 7 नवंबर को बिजनौर के अहमदपुर की रीता गौतम का मकान 15 .20 लाख रुपये में खरीदा था। अगले दिन रीता ने बैनामा करने से इंकार कर दिया। उससे रुपये वापस मांगे तो देने से इंकार करते हुये जान माल की धमकी दी। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर पीड़ित ने एसीपी कृष्णा नगर गुहार लगायी। तब एसीपी के निर्देश पर बिजनौर पुलिस ने महिला के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्ष भिड़े

अमृत विचार, लखनऊ : महिगवां थानाक्षेत्र अन्तर्गत गुलालपुर गांव में सोमवार रात जमीन पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में करीब छह लोग घायल हो गए। पुलिस को दोनों ही पक्षों ने तहरीर दी है। निवासी निर्मला देवी के मुताबिक राम अवध से जमीन को लेकर विवाद है। सोमवार रात विपक्षी राम अवध ने रामचंद्र, रामू, श्यामू के साथ मिल कर हमला बोल दिया। जिसमें निर्मला उनके पति रामकुमार, मेनका, मोनू और राम शंकर चोटिल हुए हैं। वहीं, दूसरे पक्ष से रामचंद्र, राम प्यारी, राम अवध, रामू और श्यामू भी घायल हो गए।

जमीन के विवाद में किसान के घर पर फायरिंग

नकाबपोश बदमाश दरवाजे पर फायर झोंक कर हुए फरार, ग्राम प्रधान व उसके साथियों पर आरोप

संवाददाता, लखनऊ/ काकोरी

- पुलिस मामले को बता रही संदिग्ध
- घटनास्थल से बरामद नहीं हुआ खोखा

अमृत विचार : दुबग्गा थानाक्षेत्र अन्तर्गत बनिया खेड़ा गांव में सोमवार की रात पुरानी रंजिश और जमीन के विवाद में नकाबपोश बदमाशों ने एक किसान के घर फायरिंग पर दहशत का माहौल कायम कर दिया। गोली दरवाजे में सुराख कर पार निकल गई। वहीं, घर के भीतर दरवाजे के पास लेटा किसान बाल बाल बच गया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश घटनास्थल से फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया लेकिन कोई खोखा नहीं मिल सका है।

बनिया खेड़ा गांव निवासी अरुण शर्मा ने बताया सोमवार की रात करीब 1 बजे उनके घर पर ग्राम प्रधान अपने साथियों को लेकर पहुंचा। आरोप है कि इसी बीच आरोपियों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से उनके दरवाजे पर फायरिंग कर दी। गोली दरवाजे को भेदकर पार निकल गई। गनीमत थी कि अंदर दरवाजे पास सो रहा पीड़ित इस हमले से बाल-बाल बच गया। पीड़ित ने बताया कि अचानक

फायरिंग के चलते दरवाजे पर हुए सुराख को दिखाते ग्रामीण। अमृत विचार

गोली चलने की आवाज से पड़ोसी एकत्र हो गए। इसी बीच हमलावर घटनास्थल से भाग निकले। पीड़ित का आरोप है कि पूर्व मे भी ग्राम प्रधान से उसे जान से मारने की दे चुका है। कुछ दिन पहले भी उसके घर पर फायरिंग की गई थी।

लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि प्रधान की नीयत उसकी जमीन पर खराब है। वह दबंगई के बल पर उनकी जमीन हथियाने की जुगत में हैं। इस विरोध करने पर ग्राम प्रधान उसे फर्जी मुकदमे में जेल भिजवाने की भी धमकी देता है।

वारदात की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने किसान व उसके परिजनों से भी बातचीत की। प्रभारी निरीक्षक अभिनव वर्मा ने बताया कि घटनास्थल से कोई खोखा बरामद नहीं हुआ है। किसान ने ग्राम प्रधान व उसके साथियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। हालांकि, पुलिस पूरे मामले को संदिग्ध बताते हुए जांच में जुटी है।

सोशल मीडिया पर महिला वैज्ञानिक की डिग्री बताई फर्जी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- महिला ने वजीरगंज कोतवाली में की शिकायत

अमृत विचार : सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक युवक ने महिला वैज्ञानिक की डिग्री झूठी बताते हुए अफवाह फैला दी। महिला वैज्ञानिक ने यह आरोप लगाते हुए वजीरगंज कोतवाली में लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्र के मुताबिक, हैम्पटन कोर्ट अपार्टमेंट बाराबिरवा निवासी डॉ. रिन्नी सिंह ने एक अज्ञात युवक के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा में एफआईआर दर्ज कराई है। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि वह सीएसआईआर में वैज्ञानिक-दो के पद पर कार्यरत है। आरोप है कि अगस्त 2023 में स्थाई नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए थे। डॉ. रिन्नी ने भी नियुक्ति के लिए प्रयास किया। शैक्षिक योग्यता पूरी करने पर रिन्नी का नाम शार्ट लिस्ट किया गया। इस बीच ही किसी ने सोशल मीडिया में एक फर्जी आईडी तैयार की। जिसमें रिन्नी की डिग्री को फर्जी बताते हुए कमेंट किए गए। परिचितों से यह जानकारी मिलने पर पीड़िता ने छानबीन करने का प्रयास किया। बावजूद इसके उन्हें भ्रम फैलाने वाले का सुराग नहीं मिला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से तफ्तीश शुरू कर दी है।

दो दुकानों समेत मंदिर के दानपात्र से चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में चोरो ने दो दुकानों समेत मकान और मंदिर के दानपात्र को निशान बनाते हुए करीब चार लाख से भी ज्यादा नकदी पार कर दी। पीड़ितों की लिखित शिकायत पर ठाकुरगंज, गुडम्बा, गोमतीनगर और तालकटोरा पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। लखनऊ-हरदोई रोड पर लाल मस्जिद के समीप राहुल श्रीवास्तव की दुकान का शटर काट दो लाख रुपये की नकदी समेट कर फरार हो गए। गुडम्बा के पैकरामऊ निवासी हिदायतुल्लाह की दुकान का शटर तोड़ कुल दो लाख की नकदी समेत अन्य सामान पार कर दिया। गोमतीनगर के विश्वासखण्ड निवासी अनूप सिंह ने बताया कि रविवार को एक शख्स दीवार फांदकर उनके घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। तालकटोरा ए ब्लॉक चौराहा के समीप हनुमान मंदिर से रविवार सुबह चोरों ने दानपात्र तोड़ हजारों रुपये निकाल लिए है।

मोबाइल पर बात करते समय ट्रेन की चपेट में आया बैंककर्मी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रयागराज जनपद में एक निजी बैंक शाखा में कार्यरत था नीतिश

अमृत विचार : गोमतीनगर थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्वारी रेलवे ट्रैक पर मोबाइल बातचीत कर रहे बैंककर्मी नीतिश सक्सेना (32) की ट्रेन की चपेट में हाने से मौत हो गई। रेलवे ट्रैक किनारे उसकी बाइक खड़ी मिली। पुलिस ने शिनाख्त के बाद परिजनों को हादसे की जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गुडम्बा थानाक्षेत्र के जानकीपुरम सेक्टर-जी निवासी नीतिश सक्सेना प्रयागराज जनपद में निजी बैंक में बतौर सेल्स मैनेजर थे। बहनोई विकास ने बताया कि गणेश चतुर्थी के अवसर पर नीतिश कुछ दिन पूर्व घर आया था। सोमवार दोपहर मां सुमन से खिचड़ी बनाने को कहकर वह अचानक बाइक लेकर कहीं चला गया था। बताया कि देर शाम वह ग्वारी रेलवे ट्रैक किनारे बाइक खड़ी कर मोबाइल पर बातचीत कर रेलवे लाइन पार करने लगा। तभी वह किसी ट्रेन की चपेट में आ गया। प्रभारी निरीक्षक दीपक पाण्डेय ने बताया कि पिता संदीप सक्सेना सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। परिवार में दो बहने हैं। परिवार वालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

सिक्योरिटी गार्ड का मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर बिसरा सुरक्षित
- पीजीआई के निलमथा में किराये पर रहता था

अमृत विचार : कई दिन से घर से लापता सिक्योरिटी गार्ड का शव चौराहे के समीप पड़ा मिला। गार्ड शराब का लती था। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण पता नहीं चलने पर विसरा व हार्ट सुरक्षित किया है। परिजन ने आरोप से इनकार किया है।

पीजीआई थाना अंतर्गत नीलमथा निवासी हिमांशु पांडे (46) किराए के मकान में रहकर गोमती नगर में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहे थे। वह शराब के लती थे। वह कई दिन से घर नहीं गए थे। सोमवार दोपहर गोमती नगर स्थित हुसेड़िया चौराहे के समीप उनका शव पड़ा मिला। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तलाशी में मिले आधार कार्ड व मोबाइल नंबर से परिजन को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे प्रेमचंद ने उसकी पहचान भाई हिमांशु के तौर पर की।

फिलहाल परिजन ने आरोप से इनकार किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है। हिमांशु के परिवार में पत्नी कोमल और तीन बेटियां व एक बेटा है।

हादसे में घायल युवक की मौत, अज्ञात पर रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पत्नी की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। आशियाना थाना अंतर्गत बंगला बाजार निवासी अमित कुमार (23) आलमबाग के पूरन नगर निवासी दोस्त रोहित सोनकर के घर किसी काम से गए थे। पत्नी नेहा रावत का कहना है कि 22 जनवरी को स्कूटी से घर लौटते समय एसीपी कैंट ऑफिस के समीप अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी थी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अमित को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां मौत हो गई। नेहा की तहरीर पर पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

विवाहिता ने लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा के खाण्डे देव गांव निवासी शिखा रावत ने अपने पति अंकित रावत उर्फ जीतू, ससुर सुखनंदन रावत के अलावा सास और अव्यांशी मिश्रा उर्फ माही नामक युवती के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट जान से मारने की धमकी देने के अलावा दहेज उत्पीड़न आदि के तहत बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित शिखा का कहना है कि उसकी शादी 27 जून 2017 को अंकित के साथ हुई थी। उसके बाद 4 जून 2019 को एक बेटा भी जन्मा। आरोप है कि इसके बाद अंकित और उसके घर वालों का रवैया बदलने लगा। वह आए दिन उसके साथ मारपीट करने लगे। बाद में अंकित ने उससे 10 लाख रुपए या एक इनोवा क्रिस्टा गाड़ी, दो विश्वा पुश्तैनी जमीन या 1000 स्क्वायर फीट का प्लाट और दो तोला सोने की चेन व अंगूठी की मांग करने लगा। मना करने पर मारा पीटा साथ ही तलाक देकर दूसरी शादी करने की धमकी दी।

अटल चौराहे पर महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर सायरन बजने पर रुके वाहनों के अवागमन ठप हो गया तो वहीं कुछ लोगों ने राष्ट्रपिता को चौराहे पर खड़े होकर श्रद्धांजलि भी दी। अमृत विचार

युवक से 11 लाख की धोखाधड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रुपये वापस मांगने पर जालसाज ने पीड़ित को सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा
- पीड़ित ने वजीरगंज कोतवाली में लिखित शिकायत देकर लगाई मदद की गुहार
- कई पहलुओं पर मामले की गहनता से जांच करने में जुटी वजीरगंज पुलिस

अमृत विचार : वजीरगंज कोतवाली में एक युवक ने जालसाजों के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर जालसाजों ने उससे 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। सच्चाई सामने आने पर रुपये मांगे जाने पर आरोपियों ने उसे सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर बेरहमी से पीटा। हालांकि, पुलिस मामले की गहनता से जांच करने में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्र के मुताबिक, कैंट थानाक्षेत्र के लालकुर्ती सदर बाजार निवासी राहुल सोनकर ने अगस्त 2023 को बिजनौर के अस्त्रीनगर सुनहरा गांव में आवासीय जमीन खरीदने के लिए प्रॉपटी डीलर अभिषांक यादव और रवि रावत से सम्पर्क किया था।

लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि जमीन पसंद आने पर जालसाजों ने उसकी मुलाकात रणविजय प्रताप सिंह, रवि प्रताप सिंह, रामदुलारी, और पूर्णिमा से कराई। जमीन का सौदा कुल 11 लाख रुपये में तय हुआ। पीड़ित ने बताया कि उसने दो मदों में आरोपियों को रुपया दिया।

बावजूद इसके जालसाजों न जमीन दी और न ही रुपये लौटाए। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने उसे सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर लात घूंसो से पीट दिया। विरोध किए जाने पर आरोपी पीड़ित को धमकाते हुए घटनास्थल से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने ससुंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

बच्चों को नशा न करने की शपथ दिलाते विकास किशोर। अमृत विचार

नशा न करने की दिलाई शपथ

अमृत विचार, काकोरी : सुभाष चंद्र बोस पब्लिक स्कूल जेहटा काकोरी में नशा उन्मूलन को लेकर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के विकास किशोर आशु, विशिष्ट अतिथि प्रतिनिधि पार्षद पुष्पेंद्र सिंह लोधी, शीतल मेमोरियल स्कूल बरावन कलां के प्रबंधक घनश्याम वर्मा आदि शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान विकास किशोर ने नशा न करने की शपथ दिलाई। वहीं जादूगर आफताब एवं सुरेश ने जादू द्वारा बच्चों को नशा न करने की शिक्षा दी।

प्रतियोगिता में विजयी टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित

अमृत विचार, निगोहां : नगराम के बहरौली स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में मंगलवार को खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को ट्राफियां, मेडल व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंर्तगत बैडमिंटन में अंशुल और सचिन प्रथम स्थान पर रहे। वहीं कबड्डी के बालिका वर्ग फाइनल मैच में कक्षा 9 की टीम ने कक्षा 12 की टीम को बड़े ही रोमांचक मुकाबले में हराया। सभी विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने खेलों का महत्व बताते हुए समझाया कि इसी प्रकार पठन-पाठन में भी वह ध्यान दें। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज मेडल दिए गए।

केमिकल व्यापारी के बेटे को अगवा करने की दी धमकी

अमृत विचार, लखनऊ : थाना अंतर्गत विजय खंड निवासी निशांक रस्तोगी केमिकल व्यापारी हैं। उनकी खुद की कंपनी है। उनके अनुसार वर्ष 2012 से 17 तक एडिल्को ग्रीन्स निवासी एक कंपनी की मालकिन वीना कपूर व रणवीर कपूर को उनकी कंपनी ने केमिकल की सप्लाई की। जिसकी रकम करीब 28 लाख रुपये उधारी हो गयी। मांगने पर ऊंची पहुंच होने का हवाला देते हुये पीड़ित के बेटे को अगवा करने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगायी है। इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने बताया वीना व रणवीर कपूर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

नो पार्किंग में खड़े 14 वाहन सीज, 15 का चालान

अमृत विचार, लखनऊ : मनमानी कर नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करना चालकों को भारी पड़ा। पुलिस ने इन वाहन चालकों के खिलाफ सीज व चालान की कार्रवाई की है। सुशांत गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया की मंगलवार को फीनिक्स प्लासियो मॉल समेत आसपास के एरिया में नो पार्किंग और सड़क के किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान मॉल और आसपास की सड़कों तक खड़े 14 वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की गयी। इसके अलावा 15 वाहनों के चालान किया गया।

चोरी के दो वाहनों के साथ आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : चोरी के दो वाहनों संग पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया पिछले वर्ष 14 नवम्बर को अर्जुनगंज निवासी प्रीतम मिश्रा ने घर से स्कूटी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस आरोपियों की पहचान कर तलाश कर रही थी। मंगलवार को पैगम्बरपुर थाना लोनी कटरा जनपद बाराबंकी निवासी अब्दुल कलाम को संस्कृति चौराहे से गिरफ्तार किया गया।

पारा में निशुल्क चिकित्सा शिविर कैम्प का हुआ आयोजन

अमृत विचार, काकोरी : भारत सरकार एवं सांसद लखनऊ राजनाथ सिंह के द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर कैम्प का आयोजन पारा के आदर्श विहार में डॉ. कैलाश नारायण सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के द्वारा कैम्प का आयोजन हुआ। इस कैम्प में मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा ने पीता काटकर कैम्प का उद्घाटन किया।

साइबर अपराधियों ने चार लोगों से सात लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ितों ने संबंधित थानों में दर्ज करायी रिपोर्ट

अमृत विचार : साइबर अपराधियों ने अलग-अलग थाना क्षेत्र निवासी चार लोगों को निशाना बनाते हुये करीब सात लाख की ऑनलाइन ठगी कर ली। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस मामले दर्ज कर आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रही है।

अमीनाबाद निवासी साफ्टवेयर इंजीनियर अहमर ऐनुल ने बताया कि उनके टेलीग्राम ऐप पर लिंक आया था। दिया गया टास्क पूरा करने पर रुपये मिले थे। बाद में झांसे में आकर पांच लाख रुपये निवेश कर दिए। इसके बाद उनकी जमा पूंजी तक चली गयी। उधर, विभूतिखंड निवासी नेहा राय ने बताया वह आरो अटरिया कंस्ट्रक्शन कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर हैं। उन्होंने 540 बोरी सीमेंट खरीदने गूगल सर्च में मिले सीमेंट कंपनी के नंबर पर कॉल की थी। दीपक मिश्रा नामक जालसाज ने खुद को कंपनी का सप्लायर बताते हुये सीमेंट भेजने के नाम पर 1.51 हड़प लिये। इधर, महानगर निवासी प्रदीप कुमार से साइबर अपराधी ने ऑनलाइन माध्यम से 22 हजार हड़प लिये। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दबंगों ने प्रोफेसर का हड़पा मकान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ित ने दबंगों के खिलाफ वजीरगंज थाने में की लिखित शिकायत
- पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : अधिवक्ता की वेशभूषा में दबंगों ने प्रोफेसर के मकान पर कब्जा कर लिया। प्रोफेसर के बेटे ने दबंगों का विरोध किया तब उसे धमकी मिलने लगी। इसके बाद पीड़ित ने दबंगों के खिलाफ वजीरगंज कोतवाली में लिखित शिकायत देते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्र के मुताबिक, मूलरूप से जौनपुर जनपद के पोस्ट खपराहा, भुवा कलां गांव निवासी मिथलेश मिश्र ने रवि प्रकाश और गौरव चौधरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि पिता उमापति मिश्र

बाबूगंज स्थित श्रीदुर्गा गीता विद्यालय में प्रोफेसर थे। जीवन काल में पिता ने महानगर सेक्टर-सी में एक मकान खरीदा था। कुछ समय तक पिता खरीदे गए मकान में सपरिवार रहते थे। वर्ष 1966 में पिता जौनपुर के खपराहा में जनता इंटर कॉलेज में बतौर प्रधानाचार्य के पद पर नियुक्ति हो गए। बताया कि पिता की मौत के बाद पड़ोसी रामेश्वर प्रसाद गुप्ता उनके मकान को कम रुपये में खरीदना चाहते थे। इनकार पर पड़ोसी धमकी देने लगा। आरोप है कि पड़ोसी ने रवि प्रकाश से संपर्क किया। दबंग रवि प्रकाश और गौरव चौधरी ने उनके मकान के फर्जी दस्तावेज तैयार कर कब्जा कर लिया। विरोध करने पर दबंग धमकाने लगे। पीड़ित ने सम्बन्धित थाने में तहरीर दी। बावजूद इसके पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर से मदद की गुहार लगाई। जिनके निर्देश पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में एफआईआर दर्ज की है।

सफाई कर्मी ने युवती का बनाया आपत्तिजनक वीडियो

अमृत विचार, लखनऊ : तालकटोरा प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली युवती (21) ने सफाई कर्मी रवि भारती के खिलाफ छेड़खानी की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में युवती ने बताया कि सोमवार शाम वह पुराना टेम्पो स्टैंड के सुलभ शौचालय में शौच के लिए गई थी। आरोप है कि सफाईकर्मी रवि मोबाइल कैमरे से उसका आपत्तिजनक वीडियो बनाने लगा। जब युवती की नजर उस पर पड़ी तब वह शोर मचाने लगी। हालांकि, पकड़े जाने के डर से सफाई कर्मी घटनास्थल से भाग निकला। वहीं, मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत मामा के घर आई किशोरी से गांव के एक युवक ने घर में घुसकर छेड़खानी की। किशोर के शोर मचाने पर पहुंचे परिजनों ने आरोपी को धर दबोचा। इसके बाद आरोपी को पुलिस के हवाले कर तहरीर देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।

अदालत से | रेप पीड़िता व उसके साथी के आत्मदाह का मामला

बसपा सांसद अतुल राय को मिली अंतरिम जमानत

विधि संवाददाता, लखनऊ

- मेडिकल आधार पर मिली जमानत, रैली या पब्लिक मीटिंग न करने की शर्त

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कथित रेप पीड़िता व उसके साथी द्वारा सुप्रीम कोर्ट के समक्ष आत्मदाह के मामले में बसपा सांसद अतुल कुमार सिंह उर्फ अतुल राय को मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। अंतरिम जमानत की अवधि 22 मार्च 2024 तक होगी। न्यायालय ने अंतरिम जमानत की शर्तें अधिरोपित करते हुए कहा कि इस दौरान अतुल राय को देश के भीतर ही इलाज कराना होगा। वह कोई रैली अथवा पब्लिक मीटिंग में भी भाग नहीं लेंगे।

यह आदेश न्यायमूर्ति मोहम्मद फैज आलम खान की एकल पीठ ने अतुल राय के अंतरिम जमानत प्रार्थना पत्र पर पारित किया। अभियुक्त की ओर से खुद के गंभीर रूप से बीमार होने का हवाला देते हुए कहा गया कि वह 27 जुलाई 2019 से जेल में बंद है और इस दौरान तमाम गम्भीर बीमारियों से ग्रसित हो चुका है लेकिन सुविधाएं न होने के कारण उसका इलाज नहीं हो पा रहा है। मामले में पूर्व की सुनवाईयों के दौरान न्यायालय ने चिकित्सीय आख्याएं तलब कीं जिनमें अभियुक्त के कान में गम्भीर बीमारी, चक्कर, सिर दर्द व मेमोरी लॉस जैसी समायाओं की पुष्टि हुई। वहीं राज्य सरकार की ओर से अंतरिम जमानत का विरोध किया गया। कहा गया कि अभियुक्त को नैनी जेल के मेडिकल अधीक्षक ने तीन सप्ताह तक यात्रा न करने की सलाह दी है, ऐसे में उसे फिलहाल अंतरिम जमानत पर रिहा करने का कोई औचित्य नहीं है। हालांकि न्यायालय ने कहा कि अभियुक्त को एम्स, दिल्ली में दिखाने की सलाह दी गई है,यह विश्वास करना मुश्किल है कि एक मरीज को सिर में चक्कर आने की दवा लेने के कारण कैंसर जैसी बीमारी के इलाज के लिए यात्रा करने से ही रोक दिया जाए। न्यायालय ने इन टिप्पणियों के साथ अभियुक्त को अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में अतुल राय व पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर पर कथित रेप पीड़िता व उसके साथी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। पीड़िता ने अतुल राय के खिलाफ दुराचार की एफआईआर लिखाई थी। हालांकि, दुराचार के मामले में वह बरी हो चुका है।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा पर आरोप तय

विधि संवाददाता,लखनऊ

- प्रधानमंत्री के पिता पर अशोभनीय टिप्पणी का मामला

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता के नाम को जानबूझकर गौतम अडानी के नाम के साथ जोड़ने के आरोपी कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा पर सीजेएम हृषिकेश पांडे ने आरोप तय कर दिया है। अदालत ने मामले में गवाही के लिए 8 फरवरी की तिथि नियत की है।

सहायक अभियोजन अधिकारी राजेंद्र पांडेय के अनुसार आरोपी पवन खेड़ा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। पवन खेड़ा ने मोदी के पिता का नाम दामोदर दास मूल चंद्र मोदी की जगह दुराशय से नरेंद्र गौतम दास मोदी लिया था। यह भी कहा गया है कि विवादित बयान के दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा अडानी ग्रुप पर स्टॉक मैनिपुलेशन के आरोपों का समर्थन किया गया था। अदालत को बताया गया कि पवन खेड़ा के इन आपत्तिजनक वक्तव्यों को लेकर 20 फरवरी 2023 को बनारस के थाना कैंट एवं जनपद लखनऊ के थाना हजरतगंज में तथा 22 फरवरी 2023 को असम के

थाना हाफ लॉन्ग में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। अदालत को बताया गया कि भिन्न-भिन्न थानों में दर्ज एफआईआर को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती देते हुए याचिका दायर की गई थी जिस पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 20 मार्च 2023 को सभी रिपोर्ट को जनपद लखनऊ के थाना हजरतगंज में स्थानांतरित कर दिया था। जहां पर विवेचना के उपरांत आरोपी पवन खेड़ा के विरुद्ध आरोप पत्र सीजेएम लखनऊ की अदालत में दाखिल किया गया था। अदालत को यह भी बताया गया कि पवन खेड़ा की डिस्चार्ज अर्जी को अदालत ने गत 6 जनवरी को खारिज कर दिया था।

अरज है सरकार, व्यापारियों को राहत देने पर करो विचार

व्यापारियों ने वित्त मंत्री से किया दर्द साझा, कहा- बजट में सरकार लाए सिंगल विंडो सिस्टम, ई-कामर्स और रिटेल ट्रेड पॉलिसी

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : आखिरकार केंद्र सरकार के बजट की बहुप्रतीक्षित तारीख आ गई है। पहली फरवरी को बजट पेश होने जा रहा है। बजट से पहले व्यापारियों ने सरकार से अपना कारोबारी दर्द साझा किया है। जीएसटी पोर्टल की दिक्कतों के पुराने मर्ज का जिक्र करते हुए कारोबारियों ने साफ कहा है कि सरकार 'सिंगल विंडो सिस्टम' ले आए तभी कारोबार रफ्तार भर पाएगा।

जीएसटी में करों के अलग-अलग स्लैब में व्यापारी राहत चाहते हैं। 'एक व्यापार एक कर' की पॉलिसी पर सरकार को आगे बढ़ने की सलाह व्यापारी दे रहे हैं। जीएसटी का सरलीकरण, आयकर में छूट और ई-कामर्स पॉलिसी लागू करने समेत कई अन्य मुद्दों पर व्यवसायिक संगठनों के प्रमुखों और विभिन्न ट्रेड के व्यापारियों से बजट पर सरकार से अपेक्षाएं जानने की कोशिश की।

सभी दल एकमत, लागू हो 'ई-कामर्स' पॉलिसी, बने 'रिटेल ट्रेड पॉलिसी' : उप्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, लखनऊ व्यापार मंडल, उप्र. आदर्श व्यापार मंडल, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, मोबाइल एसोसिएशन एमरा समेत सभी दल वैसे तो व्यापारियों के मुद्दे पर एकमत नहीं दिखते हैं लेकिन ई-कामर्स पॉलिसी पर सभी दल एक हैं। रिटेल ट्रेड पॉलिसी बनाए जाने पर भी सभी सहमत हैं। ऑनलाइन कारोबार के तरीके में बदलाव पर सभी दल सरकार से इस बजट में ठोस पहल की उम्मीद कर रहे हैं। संगठनों का मानना है कि ईज आफ डूइंग बिजनेस की सोच पर सरकार को ध्यान देना ही होगा।

डेबिट-क्रेडिट कार्ड पर शुल्क हो खत्म

पिछले वर्ष शुरू हुए नए इनकम टैक्स स्लैब में 80 सी की छूट को शामिल किया जाए। जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों को 10 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा मिले। अपंजीकृत व्यापारियों को 500000 का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाए। जीएसटी भुगतान पर आधारित व्यापारियों के लिए पेंशन योजना शुरू की जाए। ई-कॉमर्स पॉलिसी लागू हो। रिटेल ट्रेड पॉलिसी बने। व्यापारियों को बैंकों से कम ब्याज दरों पर बिना सिक्योरिटी लोन उपलब्ध कराया जाए। डिजिटल पेमेंट को और अधिक बढ़ावा देने के लिए डेबिट-क्रेडिट कार्ड पर लगने वाले शुल्क को समाप्त किया जाए। आयकर की दोहरी व्यवस्था को समाप्त कर सिंगल व्यवस्था लागू किए जाने और आयकर छूट का दायर और बढ़ाया जाना चाहिए। सीजीटीएमएस ई योजना के प्रावधानों को सरल किया जाए ताकि एमएसएमई के अंतर्गत आने वाले उद्योगों को आसानी से ऋण उपलब्ध हो सके। जीएसटी प्रणाली में केवल दो दरें ही होनी चाहिए। जीएसटी के अंतर्गत सेवा सेक्टर को 5 प्रतिशत के स्लैब में शामिल करने समेत कई अन्य मांगे सरकार के समक्ष रखीं।

–संजय गुप्ता, अध्यक्ष उप्र. आदर्श व्यापार मंडल

ऑनलाइन ट्रेडिंग पर लगे 20 प्रतिशत जीएसटी

ऑनलाइन ट्रेडिंग पर 20 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त शुल्क लगाया जाए। इससे भारत का फुटकर कारोबार बचाया जा सके। आयकर में 10 लाख तक की आय कर रहित होनी चाहिए। माल पर परिवहन पेनाल्टी नहीं लगनी चाहिए। व्यापारी पोर्टल पर एक्टिव जीएसटीएन देखकर ही माल ख़रीदा जाता है। ऐसे में यदि धोखा होता है तो उसका ज़िम्मेदार क्रेता क्यों सरकारी कर्मचारी क्यों नहीं जबकि रजिस्ट्रेशन देने की ज़िम्मेदारी सरकार की है। व्यापारी समाज के लिए स्मार्ट हेल्थ कार्ड एवं पेंशन की व्यवस्था होनी चाहिए। दोहरी कर प्रणाली बचाने के लिए केंद्र सरकार को जीएसटी के दायरे में मंडी शुल्क को भी लाना चाहिए। इससे दोहरी लिखा पढ़ी से व्यापारी बच सके। ई-कामर्स और रिटेल ट्रेड पॉलिसी बनाई जाए। डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर शुल्क खत्म किया जाए। दस लाख का बीमा समेत तमाम सुविधाएं दी जाएं।

–अमरनाथ मिश्र, अध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल

आयात शुल्क दस फीसद हो, लागू हो अनिवार्य हॉलमार्किंग

आयात शुल्क 15 से घटाकर 10 किया जाय। इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (आईआईबीएक्स) के माध्यम से आयात करने पर 0.5 प्रतिशत शुल्क का विशेष लाभ मिले। जीएसटी बांडेड वेयरहाउस के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रसीद (ईजीआर) का निर्माण। इससे एक्सचेंजों पर ईजीआर पर कारोबार संभव हो सकेगा। सोने के सभी आयात को केवल आईआईबीएक्स के माध्यम से अनुमति दिया जाना। आईआईबीएक्स पर ब्लॉक डील के माध्यम से कंसाइनमेंट गोल्ड के आयात की अनुमति। आईआईबीएक्स के माध्यम से सर्राफा निर्यात का मौका। घरेलू व्यापारियों के लिए गिफ्ट सिटी में आभूषण निर्यात केंद्र की स्थापना। आभूषणों के लिए पूरे भारत में अनिवार्य हॉलमार्किंग। अल्प विकसित देशों (एलडीसी) और मुक्त व्यापार क्षेत्र (एफटीए) देशों से आयात शुल्क लाभ को रोकना, जिससे बाजार विकृत होने से बचे। धीरे-धीरे केवल कमोडिटी एक्सचेंज के माध्यम से 100 प्रतिशत सराफा व्यापार की ओर बढ़ना। आभूषण खरीद पर ईएमआई की अनुमति। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) से ब्याज पर आयकर छूट। सोने के मुद्रीकरण को बढ़ावा देने और आयात को कम करने के लिए सोने और आभूषणों की बिक्री पर पूंजीगत लाभकर हटाना। सीईपीए के तहत चांदी पर शुल्क को सोने के बराबर लाना।

अनुराग रस्तोगी, स्टेट हेड इंडिया बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन (इब्जा)

सीमेंट पर घटे जीएसटी दर

सरकार के नुमाइंदों से पूर्व में हुई वार्ता के अनुसार इस बार सीमेंट पर जीएसटी घटाए। सीमेंट पर लागू 28 फीसद टैक्स को कम करते हुए 18 प्रतिशत कर दिया जाए। व्यापारियों का शोषण बंद करने वाले आयकर के टीडीएस(टैक्स डिडक्शन ऑफ सोर्स) और टीसीएस (टैक्स कलेक्शन ऑफ सोर्स) पर नजर डाले तो पता चलेगा कि इस नियम से दोनों तरफ से व्यापारी को ही चपत लगती है चाहे वह क्रेता हो या फिर विक्रेता।

श्याममूर्ति गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष, उप्र. सीमेंट व्यापार संघ

बोले कारोबारी

जीएसटी की पांच दरों को हटाकर अधिकतम दो से तीन स्लैब में लाया जाए। ई-कामर्स पॉलिसी बनाई जाए जिससे खुदरा व्यापार पनपे और फुटकर कारोबार जीवित रहे। ऑनलाइन कारोबार के लिए सख्त पॉलिसी बनायी जाए।

बनवारी लाल कंछल, प्रदेश अध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

एक हजार रुपये से ऊपर के कपड़े पर पांच और रेडीमेड वस्त्रों पर 12 फीसद जीएसटी है। पॉलिएस्टर धागे पर भी 12 फीसद का कर है। सभी पर पांच फीसद जीएसटी होनी चाहिए। इससे सरकार को बड़ा टैक्स मिलेगा। कर एक बारीय होना चाहिए। लेकिन धागा और कपड़े की प्रोसेसिंग के नाम पर हर साल दस प्रतिशत की बढ़ोत्तरी कर दी जाती है। इससे कारोबार प्रभावित होता है। कपड़े की दरें मनमानी गति से भागती हैं। अब जब व्यापारी जीएसटी दे रहा है तो आयकर का क्या मतलब? इस दिशा में भी सरकार को अपने बजटीय प्रावधान में ध्यान रखना होगा।

अशोक मोतियानी, अध्यक्ष उप्र, कपड़ा उद्योग व्यापार मंडल

स्टेशनरी कारोबार में जीएसटी की दरों में एकरूपता नहीं है। जीरो से लेकर 18 फीसद तक अलग-अलग चीजों पर अलग-अलग जीएसटी की दरें हैं। हर आइटम पर अलग कर है। इससे कारोबार में दिक्कत आती है। कारोबारी लिखापढ़ी में अक्सर बड़ी गलतियां हो जाती हैं। चीजें महंगी होती हैं। इसका नुकसान कभी उपभोक्ता को तो कभी फुटकर और थोक विक्रेता को। एक ट्रेड एक कर की अवधारणा लागू हो तो व्यापारी और आमजन दोनों को राहत मिलेगी और कीमतें अनियंत्रित नहीं होंगी।

जितेंद्र सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विक्रेता एवं स्टेशनरी निर्माता एसोसिएशन

ई-कामर्स और ऑनलाइन कारोबार के लिए सबसे पहले पॉलिसी बनाई जाए। सरकार को बड़ी चपत लगा रहीं इन ऑनलाइन कंपनियों पर नकेल कसने के लिए आम व्यापारियों की तरह स्पष्ट नियम कानून हों। यह कंपनियां रिटेल कारोबार को खत्म कर रही हैं। ऐसे में ऑनलाइन कारोबार में बदलाव होना जरूरी है। थोक हो या रिटेल इन सभी की ऑनलाइन कीमत में मामूली अंतर हो। करीब-करीब दरें एक समान हों। बड़ी कंपनियां अपनी मोनोपोली बनाने के लिए छूट के नाम पर रिटेल कारोबार के दौरान मनमानी पर उतर आती हैं। इससे उनका एकाधिकार बढ़ रहा है और व्यापार प्रभावित हो रहा है। कारोबार में भी पारदर्शिता नहीं है।

नीरज जौहर, प्रदेश एवं लखनऊ अध्यक्ष ऑल इंडिया रिटेल मोबाइल एसोसिएशन (एमरा)

ऑनलाइन पर अतिरिक्त टैक्स लगाया जाना चाहिए। इसे लेकर पॉलिसी बनाई जाए। जिससे खुदरा कारोबार जीवित रह सके। जीएसटी की दरों का पुर्न अवलोकन किया जाए। व्यापार के लिए एक राष्ट्रीय व्यापारी नीति बनाई जाए। राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के लिए तिथि तय करे सरकार और इसके लिए बजटीय प्रावधान का निर्देश मिले। विशेष फंड बनाया जाए। ई-कामर्स कंपनियों को नियामक आयोग के दायरे में लाए जाए। कड़े प्रावधान के साथ अतिरिक्त कर लगाया जाए। इससे बड़ी कंपनियों की मनमानी पर रोक लगेगी।

संदीप बंसल, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

शिक्षिकाओं को बजट से राहत की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अनीता शर्मा

मंजू चौधरी

▸▸ नौकरीपेशा महिलाओं ने बजट को लेकर रखी अपनी राय

अमृत विचार : देश का आम बजट एक फरवरी को पेश होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी। शहर की नौकरीपेशा महिलाओं ने बजट को लेकर अपनी राय व्यक्त की है।

नवयुग कन्या विद्यालय की शिक्षिका अनीता शर्मा ने कहा कि टैक्स बहुत कट जाता है। हम सभी को उम्मीद है कि सरकार बजट में कुछ अच्छा लेकर आएगी। हनुमान गर्ल्स कॉलेज की शिक्षिका डॉ. मीता श्रीवास्तव ने कहा कि इस बार बजट में टैक्स का दायरा बढ़ाया जाना चाहिए, क्योंकि वर्तमान में टैक्स का जो स्लैब है उसमें एक से दो महीने का वेतन टैक्स में ही चला जाता है। वहीं महिला विद्यालय की शिक्षिका मंजू चौधरी ने बताया कि खाने-पीने की चीजों पर जीएसटी नहीं होनी चाहिए। हर वर्ग को ध्यान में रखकर बजट आना चाहिए। दयानंद गर्ल्स कालेज की प्रधानाचार्य डॉ. दिव्या श्रीवास्तव ने बताया कि महंगी होती जा रही वस्तुओं पर अंकुश लगे।

मूविंग ट्यूमर के मरीजों का आसानी से होगा इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

कैंसर संस्थान में स्थापित हो रही मशीन

▸▸ कल्याण सिंह कैंसर सुपर स्पेशलिटी संस्थान में लाई गई 12 करोड़ की रेडियोथेरेपी मशीन

▸▸ मशीन शुरू होने से दो महीने की वेटिंग भी होगी कम

अमृत विचार : अब चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर सुपर स्पेशलिटी संस्थान में मूविंग ट्यूमर (चलायमान ट्यूमर) सहित अन्य जटिल कैंसर का इलाज आसान होगा। इसके लिए कैंसर संस्थान में इंग्लैंड से 12 करोड़ रुपये कीमत वाली 4डी तकनीक की हाईटेक रेडियोथेरेपी मशीन मंगवाई गई है। मशीन के स्थापित करने का काम किया जा रहा है। संस्थान प्रशासन ने फरवरी महीने में ट्रायल शुरू होने की उम्मीद जताई है।

डॉ. शरद

कैंसर संस्थान में उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश और बिहार के अलावा नेपाल तक के कैंसर मरीज आते हैं। जटिल कैंसर के मरीजों को इलाज के लिए दिल्ली और मुंबई जाना पड़ता है। इस नई मशीन के स्थापित होने से ऐसे मरीजों को काफी हद तक राहत मिलेगी। रेडिएशन विभाग के प्रमुख डॉ.शरद ने बताया कि वर्तमान में बढ़ते कैंसर मरीजों की संख्या के चलते संस्थान में रोजाना करीब 120-150 मरीज रेडियोथेरेपी के लिए आते हैं। इनमें नए मरीजों की संख्या भी करीब 20 से 25 होती है। ऐसे में मौजूदा समय में करीब 2 महीने की वेटिंग चल रही है। हालांकि नई मशीन आने से इसमें कमी आने की संभावना हैं।

नई मशीन मूविंग ट्यूमर को ऐसे करेगी खत्म : डॉ. शरद ने जानकारी देते हुए बताया कि कई ऐसे भी कैंसर रोगी होते हैं जिनके इलाज के दौरान रेडियोथेरेपी करते समय 4डी यानी चौथे डायमेंशन का भी ध्यान रखना पड़ता हैं। इस चौथे डायमेंशन के जरिए मूविंग ट्यूमर का इलाज होता है। जैसे कई बार लिवर या लंग्स कैंसर के इलाज के दौरान ट्यूमर सांस लेने और छोड़ने पर अपनी जगह बदल लेता है। अब इसके इलाज के दौरान यदि सही मशीन से रेडिएशन नहीं किया गया तो रेडिएशन की बीम शरीर के अन्य हिस्सों के लिए बेहद नुकसानदायक होगी। वहीं जरूरत के मुताबिक ट्यूमर पर इसका प्रभाव नहीं पड़ेगा। इस हाईटेक मशीन के जरिए बीम उसी समय सटीक रेडिएशन की बीम फायर करेगी, जहां इसकी जरूरत होगी।

इस नई मशीन के जरिए शरीर के ऐसे भागों में होने वाले कैंसर का इलाज आसानी से हो पाएगा, जहां अब तक मशीन न होने के कारण उन्हें रेफर किया जाता रहा है। इसके अलावा नई मशीन आने से रेडियोथेरेपी के मरीजों के लिए चल रही वेटिंग भी कम हो सकेगी। संस्थान में कैंसर रोगियों के इलाज में जो कुछ भी जरूरी होगा, उन सभी सुविधाओं का इजाफा किया जाएगा।

– प्रो.आरके धीमन, निदेशक कैंसर संस्थान

एक नजर

वितरक की माता का निधन

अमृत विचार, लखनऊ: वरिष्ठ समाचार पत्र वितरक भूपेंद्र सिंह नेगी की माता चम्पा नेगी का निधन हो गया। वह 75 वर्ष की थीं और काफी समय से अस्वस्थ थीं। वह अपने पीछे तीन बेटे दीवान सिंह, देवेन्द्र नेगी व भूपेंद्र सिंह नेगी 2 बेटी नाती, पौत्र से भरा परिवार छोड़कर गई हैं। उनके निधन पर लखनऊ समाचार पत्र वितरक विकास मंच के अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट एवं समस्त पदाधिकारी गण एवं समस्त वितरक बन्धुओं ने शोक व्यक्त किया है।

लविवि में सेमिनार का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में फाईजाक सोसाइटी द्वारा गेस्ट एक्सपर्ट सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की श्रंखला में वर्जिनिया टेक विश्वविद्यालय अमेरिका से आए डॉ. करुणेश कांत ने प्रकृति से प्रेरित ऊर्जा भण्डारण नवीन तकनीक शोध सेमीनार दिया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एनके पाण्डेय ने सभी परास्नातक व शोध छात्र छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें आधुनिकतम सामाजिक महत्व की शोध समस्याओं को हल करने के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सेमिनार का संचालन प्रोफेसर ज्योत्सना सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर ओंकार प्रसाद ने किया।

विशेष शिविर में 27 आवंटियों ने कराई रजिस्ट्री

अमृत विचार, लखनऊ : एलडीए के बारादरी लॉन में मंगलवार को विशेष शिविर में आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों की 27 आवंटियों ने रजिस्ट्री कराई। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि पहले दिन 42 संपत्तियों के निबंधन की पत्रावली तैयार की गई। रजिस्ट्री के तीन नये प्रार्थना पत्र प्राप्त आए। बुधवार को भी शिविर लगेगा।

बिना जांच किए कर दिया आईवीएफ प्रोसीजर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पारा क्षेत्र के बालाजी आईवीएफ सेंटर पर लगा आरोप

▸▸ गोद भरने का दावा कर सेंटर ने वसूल लिए करीब 3.50 लाख रुपये

▸▸ स्वास्थ्य विभाग की टीम कर रही जांच

अमृत विचार : पारा क्षेत्र में स्थित बाला जी आईवीएफ सेंटर पर लापरवाही का आरोप लगा। स्वास्थ्य विभाग को की गई शिकायत के मुताबिक बच्चेदानी की बिना जांच किए ही आईवीएफ प्रोसीजर कर दिया गया।

आरोप है कि इसके एवज में दंपति से करीब 3.50 लाख रुपये भी वसूल लिए गए। प्रोसीजर फेल होने पर महिला ने दूसरे डॉक्टर को दिखाया। जांच कराने पर बच्चेदानी में टीबी होने की पुष्टि हुई। जिसके बाद महिला ने सीएमओ ऑफिस में शिकायत दर्ज कराई है। अधिकारियों का कहना है कि अभी जांच चल रही है।

शहर में करीब 40 से अधिक आईवीएफ सेंटर का संचालन हो रहा है। आईवीएफ सेंटर प्रोसीजर का शुल्क तय न होने से मनमानी की जा रही है। एक प्रोसीजर का करीब तीन से चार लाख रुपए लिए जा रहे हैं। पीड़ित महिला का कहना है कि शादी के कई साल बाद भी बच्चा न होने पर उसने पारा स्थित बालाजी आईवीएफ सेंटर पर डॉक्टर से परामर्श लिया। डॉक्टर ने प्रोसीजर से पहले रूटीन जांच कराकर

प्रोसीजर कर दिया। प्रोसीजर बाद भी गर्भधारण नहीं हुआ। आरोप है आईवीएफ सेंटर ने करीब 3:50 लाख रुपए भी ले लिए। महिला ने दूसरे डॉक्टर को दिखाया तो पता चला कि महिला को बच्चेदानी में टीबी है। ऐसे में गर्भधारण संभव नहीं है। महिला ने आईवीएफ सेंटर से

रुपए वापस मांगे। जिसे डॉक्टर ने देने से मना कर दिया। महिला ने दोबारा प्रोसीजर उसी शुल्क में करने को कहा मगर वह राजी नहीं हुए। महिला ने मामले की शिकायत सीएमओ आफिस में दर्ज कराई। मामले की जांच के आदेश दिए गए। जांच रिपोर्ट में महिला को बच्चेदानी में टीबी होने बाद भी प्रोसीजर किए जाने की पुष्टि हुई। जबकि यह जांच डॉक्टर को प्रोसीजर से पहले की जानी थी। ऐसे में महिला डॉक्टर की लापरवाही की पुष्टि हुई है। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल का कहना है कि मामले की अभी जांच चल रही है। वहीं आईवीएफ सेंटर संचालक डॉ. ऋचा रस्तोगी ने फोन पर किसी तरह के बयान देने से मना कर दिया।

भांजे के खिलाफ दर्ज कराई चोरी और धोखाधड़ी की रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर कोतवाली में ठेकेदार ने भांजे के खिलाफ चोरी और धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इन्दिरानगर शक्तिनगर निवासी ठेकेदार वीरेंद्र सिंह के मोबाइल पर 19 जनवरी को बैंक से मैसेज आया, जिसमें 50 लाख रुपये की चेक क्लीयरिंग के लिए आने की सूचना थी। वीरेंद्र बैंक पहुंचे तो उन्हें चेक दिखाया गया। ठेकेदार के मुताबिक जो चेक बैंक में लगाया गया था। उसकी चेक बुक काफी दिन से मिल नहीं रही थी। बैंक में क्लीयरिंग के लिए चेक लगाने पर उन्हें चोरी होने का पता चला। उनका कहना है कि दो चेक पर हमेशा हस्ताक्षर करके रखते हैं, क्योंकि कारोबार के सिलसिले में शहर से बाहर जाना पड़ता है। इसकी जानकारी सिर्फ उनके भांजे शैलेंद्र कुमार को थी जो उनके पड़ोस में ही रहता है। आरोप है कि उनकी गैरमौजूदगी में भांजा शैलेंद्र घर से चेक बुक चोरी कर ले गया।

दुनियाभर में हर 5वां व्यक्ति एनडीटी से ग्रसित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एनडीटी दिवस पर विशेषज्ञों ने किया जागरूक

अमृत विचार : विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में हर 5वां व्यक्ति एनटीडी रोगों से ग्रसित हैं। यह गंभीर रोग हैं जो हर जगह, हर किसी की शिक्षा, पोषण और आर्थिक विकास पर विपरीत प्रभाव डालते हैं।

यह जानकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निदेशक, डॉ. बीपी सिंह कल्याणी ने एनटीडी दिवस पर मंगलवार को आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम में दी। उन्होंने बताया कि एनटीडी में लिम्फैटिक फाइलेरिया (हाथी पांव) विसेरललीश मैनियासिस (कालाजार), लेप्रोसी (कुष्ठरोग), डेंगू, चिकुनगुनिया, सर्पदंश, रेबीज जैसे रोग शामिल होते हैं, जिनकी रोकथाम संभव है वेक्टर जनित रोग राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश सिंह ठाकुर ने बताया कि जून 2023 तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राज्य में 51 फाइलेरिया एण्डेमिक जिले हैं और राज्य में कुल 90768 लिम्फेटिक फाइलेरियासिस एवं 21131 हाइड्रोसील के रोगी चिन्हित किए गए है।

बलरामपुर अस्पताल में नए न्यूरो सर्जन की नियुक्ति

अमृत विचार, लखनऊ : बलरामपुर अस्पताल को एक नया न्यूरो सर्जन मिला है। इससे न्यूरो से संबंधित बीमारियों के इलाज में राहत मिलेगी। अभी तक यहां कार्यरत एक मात्र न्यूरो सर्जन के छुट्टी पर जाने या फिर वीआईपी ड्यूटी लगने पर मरीजों को इलाज नहीं मिल पाता था। न्यूरो विभाग की ओपीडी में रोजाना 70-80 के करीब मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। अस्पताल मे अब तक केवल एक ही न्यूरो सर्जन डॉ. रघुवीर श्रीवास्तव की स्थायी नियुक्ति है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि अब नए न्यूरो सर्जन डॉ. विनोद कुमार ने ज्वाइन किया है। इनकी नियुक्ति एनएचएम के तहत की गई है। नए डॉक्टर के आने से न्यूरो के मरीजों को राहत मिलेगी। डॉ. रघुवीर की वीआईपी ड्यूटी होने या अवकाश होने पर न्यूरो विभाग के पास दूसरा विकल्प उपलब्ध नहीं था, ऐसे में मरीजों को वापस लौटना पड़ता था।

कपड़ा बैंक से लावारिस मरीजों को मिलेंगे कपड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

बलरामपुर अस्पताल के लावारिस वार्ड में भर्ती मरीज। अमृत विचार

▸▸ बलरामपुर अस्पताल में शुरू हुआ कपड़ा बैंक

अमृत विचार : बलरामपुर अस्पताल में लावारिस मरीजों को पहनने के लिए कपड़े भी मिलेंगे। इसके लिए अस्पताल प्रशासन ने कपड़ा बैंक शुरू किया है। जिसमें अस्पताल के डॉक्टर व अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा कपड़े दान करने की अपील की गई है।

बलरामपुर अस्पताल में भर्ती लावारिस मरीजों को देखरेख के लिए विशेष व्यवस्था अस्पताल प्रशासन द्वारा की जा रही है। अस्पताल के निदेशक डॉ. एके सिंह ने बताया कि वर्तमान में 15 लावारिस मरीज भर्ती हैं। इनकी देखरेख के लिए कोई तीमारदार न होने आए कारण दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वार्ड में यह गंदगी करते हैं। लिहाजा सफाई की भी विशेष व्यवस्था की गई है। सफाई एजेंसी को निर्देश दिए है कि हर दिन यहां पर तीन बार सफाई होनी चाहिए। वहीं स्टॉफ नर्स को हिदायत दिया कि इन मरीजों के इलाज व देखभाल में किसी तरह की लापरवाही न होने पाए। सभी मरीजों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं, कपड़ों की दिक्कत न हो इसके लिए कपड़ा बैंक शुरू किया गया है।

हेपेटाइटिस बी का मुफ्त डीएनए परीक्षण शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के हेपेटोलॉजी विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीएचसीपी) के तहत उपचार केंद्र का मंगलवार को शुरुआत की गई। कार्यक्रम के तहत हेपेटाइटिस बी के लिए मुफ्त डीएनए परीक्षण और हेपेटाइटिस सी के लिए आरएनए परीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी के मरीजों को मुफ्त परामर्श और दवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इन सेवाओं के लिए मरीजों को सोमवार और शुक्रवार को हेपेटोलॉजी ओपीडी में अपना पंजीकरण कराना होगा। उद्घाटन के मौके पर डीजी हेल्थ डॉ. ब्रजेश राठौड़, डीन प्रोफेसर शालीन कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

रो-हाउस समेत पांच निर्माण दोबारा सील, एक ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



जानकीपुरम के ग्राम-मिर्जापुर में एलडीए द्वारा सील किए गए रो-हाउस। अमृत विचार

▸▸ एलडीए ने जोन-5 व 1 में की कार्रवाई

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने नियम विरुद्ध बने रो-हाउस समेत पांच निर्माण दोबारा सील कर दिए हैं। बिल्डरों द्वारा सील तोड़ने पर और चोरी छिपे निर्माण करने पर दोबारा कार्रवाई की गई। जबकि एक जगह बुलडोजर से कॉलोनी निर्माण ध्वस्त किया गया।

मंगलवार को जोनल अधिकारी संजय जिंदल के निर्देश पर जोन-5 अंतर्गत टीम ने पुलिस बल के साथ जानकीपुरम के ग्राम-मिर्जापुर में राजू पांडे व अन्य द्वारा लगभग 9 हजार वर्गफिट में बनाए गए रो-हाउस भवन सील कर दिए गए। इसके अलावा चिनहट की गुलजार कालोनी में मो. तालिब हसन व अन्य द्वारा लगभग 3500 वर्गफिट के भूखंड पर बना दो मंजिल भवन का निर्माण भी सील किया गया। इसी तरह गुलजार कालोनी में रितुज सोमवंशी व अभिषेक सिंह द्वारा 2500 वर्गफिट में द्वितीय तल तक किया निर्माण सील किया गया। इंदिरा नगर के खुर्रमनगर में पिकनिक स्पॉट रोड पर 5 हजार वर्गफिट में सचिन सिंह व अन्य द्वारा किया गया पांच मंजिला भवन का भी निर्माण सील किया गया। अंत में टीम ने बिल्डर खुर्रम व हमजा, कुसुम गुप्ता व उमंग गुप्ता द्वारा महानगर के सेक्टर-बी में बेसमेंट समेत तीन मंजिला भवन का निर्माण सील किया। यह सभी निर्माण पूर्व में सील किए गए थे। इनकी सील तोड़कर चोरीछिपे निर्माण व फिनिशिंग कराई जा रही थी। दूसरी तरफ जोन-1 में सुशांत गोल्फ सिटी थाना के अंतर्गत ग्राम-मस्तेमऊ में कालीचरण द्वारा 8700 हेक्टेयर में बिना तलपट मानचित्र स्वीकृत के विकसित की जा रही कालोनी का निर्माण ध्वस्त किया गया।

गांवों के अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाना सरकार का लक्ष्य

अमृत विचार, लखनऊ: सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने कहा कि गांवों में अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है। वह मंगलवार को उत्तर प्रदेश को-आपरेटिव बैंक के तत्वावधान में सहकारिता भवन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। सहकारिता मंत्री ने कहा कि सभी 16 जिला सहकारी बैंक घाटे में थे, उनमें से 11 को हम लाभ में ला चुके हैं। आने वाले 31 मार्च तक सभी बैंकों को लाभ में लाया जा सकेगा। इस मौके पर नेशनल फेडरेशन ऑफ स्टेट कोआपरेटिव बैंक्स (नेफस्कॉब) के चेयरमैन केआर राव ने कहा कि कोआपरेटिव क्रेडिट की थ्री टायर सिस्टम अपेक्स कोआपरेटिव बैंक, जिला सहकारी बैंक, पैक्स को मिलकर साथ काम करना होगा, तभी बैंकिंग व्यवस्था मजबूत होगी। हमें अपने टेक्नोलाजी में अद्यतन सुधार करने का प्रयास करते रहना चाहिए।

ई-ऑक्शन में बेची 675 करोड़ की व्यवसायिक सम्पत्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को ई-ऑक्शन से 675 करोड़ रुपये से अधिक की व्यवसायिक सम्पत्ति बेची। प्रक्रिया कार्यालय पर प्राधिकरण की अध्यक्ष/मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की उपस्थिति में की गई। निवेशकों में उत्साह दिखा।

नतीजा यह रहा कि ई-नीलामी में आरक्षित दर से अधिक कीमत तक बोली लगी और व्यावसायिक भूखंडों के साथ ग्रुप हाउसिंग, स्कूल, हेल्थ सेंटर/नर्सिंग होम व मिश्रित भू-उपयोग के भूखंड बिके। मंडलायुक्त ने उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के साथ सफल आवंटियों को सभागार में सर्टिफिकेट बांटे।

कहा कि 15 दिन के अंदर आवंटन पत्र दिए जाएंगे। इन सम्पत्तियों पर जो भी प्रोजेक्ट लगाएं उसके निर्माण का मानचित्र जरूर स्वीकृत कराएं। सिंगल विन्डो सिस्टम से यह कार्य होंगे। उपाध्यक्ष ने बताया कि जो लोग सफल नहीं हुए वह निराश न हों। 20 फरवरी को करीब 2500 करोड़ रुपये की व्यवसायिक सम्पत्तियों की ई-ऑक्शन के लिए पोर्टल खोला गया है। बोली लगाने के लिए 16 फरवरी तक पंजीकरण कराएं।

180 करोड़ में बिका सीबीडी का भूखंड

अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि ई-ऑक्शन में सीजी सिटी स्थित सीबीडी योजना का भूखंड सीपी-4 (क्षेत्रफल-18962.81 वर्गमीटर) लगभग 180 करोड़ रुपये में बिका। भूखंड संख्या सीपी-5ए (क्षेत्रफल-5246.32 वर्गमीटर) की 45.85 करोड़ रुपये की अंतिम बोली लगी। इसके अलावा गोमती नगर विस्तार योजना के सेक्टर-7 में नर्सिंग होम/हेल्थ सेंटर के लिए आरक्षित भूखंड संख्या-7/12ए (क्षेत्रफल-8844.69 वर्गमीटर) 50.81 करोड़ से अधिक कीमत में बिका। सीजी सिटी योजना में स्कूल के लिए आरक्षित भूखण्ड संख्या-एफ-3 (क्षेत्रफल-19060.62 वर्गमीटर) लगभग 119 करोड़ रुपये में बिका। मिश्रित भू-उपयोग के भूखंड संख्या-एफ-1 (क्षेत्रफल-13989.18 वर्गमीटर) की बिक्री 102.93 करोड़ रुपये में हुई।

एक नजर

गांधी के मूल्यों को जीवन में आत्मसात करें : आनंदीबेन

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को राजभवन में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राजभवन के अध्यासित बच्चों की ओर से गांधी के प्रिय भजनों की प्रस्तुति दी गई। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में राजभवन के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गांधी के मूल्यों को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांधी के जीवन मूल्यों में स्वच्छता का महत्व सर्वाधिक था। उन्होंने मन की स्वच्छता, शरीर की स्वच्छता, विचारों की स्वच्छता के लिए जीवनपर्यंत कार्य किया।

एसी का इस्तेमाल करने वालों को चिन्हित करने की तैयारी

कहा - बिलिंग मास्टर डाटा में शामिल की जाए जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने पावर कारपोरेशन के निदेशक आईटी को भेजा प्रस्ताव

अमृत विचार : घरों में एसी का इस्तेमाल करने वाले बिजली उपभोक्ता चिन्हित होंगे। इस सिलसिले में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने पावर कॉरपोरेशन के निदेशक आईटी को प्रस्ताव भेजा है। कहा गया है कि बिलिंग मास्टर डाटा में एसी के इस्तेमाल की जानकारी भी शामिल की जाए। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है।

घाटे का सामना कर रही वितरण बिजली कंपनियां राजस्व वसूली बढ़ाने की कवायद में जुटी हैं। सूत्रों के अनुसार, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत के निर्देश पर निगम के निदेशक वाणिज्य ने कॉरपोरेशन के निदेशक आईटी को प्रस्ताव भेजा है।

इस प्रस्ताव में अयोध्या के मुख्य अभियंता की ओर से तैयार प्रस्ताव का हवाला दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, प्रस्ताव में तर्क दिया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ता भी एसी का इस्तेमाल करते हैं, जबकि उनसे बिल के तौर पर निर्धारित धनराशि ही ली जा रही है। ऐसे बिजली उपभोक्ताओं को चिन्हित कर उनका भार बढ़ाया जाए।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिलिंग में एसी की जानकारी लेने से उपभोक्ताओं का शोषण बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में तो मीटर रीडिंग के अनुसार बिल वसूला जा रहा है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित लोड के अनुसार बिल वसूल किया जा रहा है, ऐसे में एसी का उल्लेख किये जाने का कोई औचित्य नहीं है।

प्रशिक्षु अधिकारियों को मुख्य सचिव ने समझाई जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) 2021 बैच के 47 प्रशिक्षु अधिकारियों ने मंगलवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से मुलाकात की। इस मौके पर मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें प्रदेश में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें समानता के सिद्धांतों को कायम रखते हुए पक्षपात या भेदभाव के बिना कार्य करना होगा।

उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को उनकी पृष्ठभूमि या संबद्धता की परवाह किए बिना समान अवसर देकर और उचित व्यवहार करके उनमें शासन के प्रति विश्वास जगाना होगा। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा के अधिकारियों की एक अहम जिम्मेदारी होती है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों को मिले, उनके जीवन में किस प्रकार से बदलाव लाया जाय, इस दिशा में गंभीरतापूर्वक कार्य करना होगा।

प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) 2021 बैच के 47 प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात के दौरान मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र।

- सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों को मिले : मुख्य सचिव

उन्होंने कहा कि समय अब बदल रहा है, 'पब्लिक सर्वेंट' के लिए आने वाले समय में बड़ी चुनौतियां आएंगी। आज के दौर में जन आकांक्षाएं तेजी से बढ़ रही हैं। सिविल सेवकों को अपने कार्यों, निर्णयों और सार्वजनिक संसाधनों के उपयोग की जवाबदेही खुद तय करनी होगी। उन्होंने कहा कि सिविल सेवकों को समाज के हाशिये पर पड़े, वंचित और कमजोर वर्गों के प्रति उत्तरदायी होना चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी आवाज सुनी जाए और उनके अधिकारों की रक्षा की जाए।

सार-संक्षेप

फुटकर दुकानों की ई-लॉटरी का प्रथम चरण सम्पन्न

अमृत विचार, लखनऊ : आबकारी आयुक्त संथिल पाण्डियन सी. ने बताया कि देशी मदिरा की 1202, विदेशी मदिरा की 679, बीयर की 280, भांग की 291 दुकानों तथा 64 मॉडल शॉप के व्यवस्थापन हेतु प्रथम चरण की ई-लॉटरी सोमवार को प्रदेश के 73 जिलों में संपादित की गई। इसमें देशी मदिरा की 495, विदेशी मदिरा की 312, बीयर की 188, भांग की 75 दुकानों तथा 20 मॉडल शॉप का व्यवस्थापन हुआ। उन्होंने बताया कि इन दुकानों के व्यवस्थापन से लगभग 141 करोड़ रुपये की लाइसेंस फीस राज्य सरकार को प्राप्त होगी। देशी मदिरा की व्यवस्थित हुई 495 दुकानों में लगभग 2.10 करोड़ बल्क लीटर कोटा व्यवस्थित हुआ। ई-लॉटरी के प्रथम चरण में विज्ञापित दुकानों पर कुल 6521 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे, जिससे राज्य सरकार को प्रोसेसिंग फीस के रूप में लगभग रूपया 26.73 करोड़ प्राप्त हुआ है। 1430 अवशेष दुकानों का व्यवस्थापन ई-लॉटरी के द्वितीय चरण में संपन्न कराया जाएगा।

ए प्लस ग्रेड मिलने पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को राजभवन में नैक मूल्यांकन में 'ए प्लस' ग्रेड प्राप्त वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने टीम के सदस्यों को उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने मूल्यांकनों के लिए दो बार पियर टीम के भ्रमण का अनुभव अर्जित किया है, इसलिए टीम के सभी सदस्य अपने नैक तैयारी के अनुभवों पर एक पुस्तक अवश्य बनाएं। उन्होंने कहा कि नैक ग्रेडिंग के बाद से लोगों में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रति दृष्टिकोण में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि जब भी कोई काम शुरू करना हो तो पहले काम को समझना और फिर योजना बनाकर उस कार्य को आगे बढ़ाना चाहिए। इस मौके पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह समेत राजभवन के अधिकारी मौजूद थे।

कुष्ठ रोग के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश भर में कुष्ठ रोग को जड़ से खत्म करने के लिए चलाये जा रहे स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान व कुष्ठ पखवाड़ा के तहत मंगलवार को आईएमए भवन में जन जागरूकता के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. ब्रजेश राठौर ने कहा कि कुष्ठ रोग छुआछूत की बीमारी नहीं है। हमें इसे समझना होगा। हमें रोगी से नहीं, रोग से बचना चाहिए। कार्यक्रम की राज्य नोडल अधिकारी डॉ. जया देहलवी ने बताया कि विशेष अभियान में अब तक दस हजार से ज्यादा कुष्ठ रोगियों की तलाश की जा चुकी है। कार्यक्रम में कुष्ठ रोगियों को कंबल, चप्पल एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

13 माध्यमिक शिक्षकों को मिलेगा राज्य अध्यापक पुरस्कार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य अध्यापक पुरस्कार-2023 के लिए प्रदेश के 13 माध्यमिक शिक्षकों को चुना गया है। राज्य पुरस्कार पाने वाले शिक्षकों में दो निजी स्कूलों के और 11 सरकारी व एडेड स्कूलों के हैं। लखनऊ से बीकेटी इंटर कॉलेज के रवींद्र कुमार को पुरस्कार मिला है।

सरकारी और एडेड कॉलेज के राजेश कुमार त्यागी (मेरठ), चंद्रमणि सिंह (वाराणसी), पवन कुमार त्यागी (अमरोहा), सुभाष चंद्र मौर्य (बरेली), केशवर प्रसाद सिंह (सुल्तानपुर), रवींद्र कुमार (लखनऊ), ऋषिपाल सिंह (अमरोहा), डॉ. निखिल जैन (आगरा), डॉ. रामशंकर पांडेय (अमेठी) और लालमन (चित्रकूट) को राज्य पुरस्कार के लिए चुना गया है। वहीं निजी स्कूलों के भूपेंद्र कुमार सिंह (अलीगढ़) और अनिल कुमार मिश्र (कानपुर) का चयन हुआ है। आदेश में कहा गया कि निजी स्कूलों के शिक्षकों को पुरस्कार दिया जाएगा, लेकिन सेवा विस्तार और अन्य लाभ नहीं दिए जाएंगे।

45 सीटों पर प्रत्याशी खड़ा करेगा भारतीय राष्ट्रीय मोर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय राष्ट्रीय मोर्चा आईएनएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि उनकी पार्टी भारत के 17 प्रदेशों में चुनाव लड़ेगी और उप्र की 45 सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़ा करेगी। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत के प्रदेशों का चुनाव प्रभारी मो. मेराजुद्दीन व राष्ट्रीय महासचिव राम विलास शर्मा को पूर्वोत्तर राज्यों का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश के तीन जिलो के प्रभारी किशोरीलाल वर्मा, शिव नारायण बंसल, रमेशचन्द्र श्रीवास्तव, शिव पूजन सेन, रोसन लाल वर्मा, माला आंनद और अलगर अली को बनाया गया है। यूपी का चुनाव पर्यपेक्षक संत कुमार वर्मा, भगवान शरण श्रीवास्तव एवं जगमोहन श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया हैं। पार्टी ने यह भी कहा कि जिस किसी इच्छुक व्यक्ति को कहीं से टिकट न मिलें तो हमारी पार्टी उनको टिकट देगी।

महात्मा गांधी की हत्या करने वाली विचारधारा का जवाब देगी कांग्रेस : अजय राय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस महात्मा गांधी की हत्या करने वाली विचारधारा का जवाब देगी। पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 में ऐसे लोगों को हराने का काम करेगी। प्रदेश अध्यक्ष मंगलवार को गांधी के शहादत दिवस पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित महात्मा गांधी के जीवन का संदेश विषयक विचार गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों से ओतप्रोत होकर राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की है। यात्रा के जरिये लोगों के बीच महात्मा गांधी के संदेश को पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गांधीवादी चिंतक, लेखक व प्रो. राम पुनियानी, प्रसिद्ध इतिहासविद अशोक पांडेय, सामाजिक चिंतक प्रो. रविकांत शामिल हुए। उन्होंने महात्मा गांधी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

इससे पूर्व कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेताओं ने राम धुन गाकर आजादी के महानायक को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने हजरतगंज स्थित जीपीओ पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

ब्लॉकों में चल रही यात्रा का मुख्यालय पर समापन

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में प्रदेश के सभी 844 ब्लाकों से चलाई जा रही यात्रा का मंगलवार को जिला मुख्यालयों पर समापन हुआ। राजधानी में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर यात्रा का समापन हुआ।

भारत हस्तशिल्प महोत्सव में कार्यक्रम के दौरान मनमोहक प्रस्तुति देते बच्चे। अमृत विचार

प्रतियोगिता में कला का प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

पीडीए को ही हथियार बनाकर चुनावी संघर्ष में उतरने तैयारी में सपा

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के लिए सपा प्रत्याशियों की जारी सूची से यह भी साफ होता दिखता है कि पार्टी पीडीए को ही चुनावी हथियार बनाकर चुनावी संघर्ष में उतरने तैयारी में है। पार्टी ने जिन 16 प्रत्याशियों की मंगलवार को घोषणा की, उनमें दो खास नामों पर चर्चा की जा सकती है। इन प्रत्याशियों में अपने तीखे बयानों से चर्चा में रहने वाले सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क का नाम है तो वहीं, दलित नेता अवधेश प्रसाद का नाम है। अवधेश प्रसाद को सपा ने उसी अयोध्या (फैजाबाद लोकसभा सीट) से मैदान में उतारा है, जहां श्रीराम का मंदिर बनाकर भाजपा पूरे देश में अपने लिए महौल बनाने में जुटी है। डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के बयानों के कारण सपा को कई बार असहज स्थिति से गुजरना पड़ा है। कभी मायावती की तारीफ तो कभी मुसलमानों को लेकर आक्रामक बयान देकर भी बर्क के कारण सपा विरोधियों के निशाने पर रही है। इसके बाद भी बर्क ने सपा की पहली ही सूची में स्थान बना लिया है। इसके पीछे सपा की पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्संख्यक वाली रणनीति मानी जा रही है। सपा की सूची में पांच बार के कैबिनेट मंत्री और नौ बार मिल्कीपुर के विधायक अवधेश प्रसाद का भी नाम है। दलित नेता अवधेश प्रसाद को सपा ने अयोध्या (फैजाबाद लोकसभा सीट) से मैदान में उतारा है। नवनिर्मित राम मंदिर और रामलला प्राण प्रतिष्ठा से दुनियाभर में चर्चित चल रही अयोध्या में अखिलेश यादव ने दलित कार्ड खेलकर पहले ही राजनीतिक चाल चल दी है।

नीलगिरि तमिलनाडु, एचएफबी सोनीपत, घुमनेहरा और रायल हॉकी समेत अन्य टीमें अंतिम आठ में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मानवीर सिंह ने तीन गोल दाग लगायी हैट्रिक

अमृत विचार : नवल टाटा ओडिशा, राउंडग्लास पंजाब हॉकी अकादमी, रायल हॉकी अकादमी और घुमनेहरा हॉकी अकादमी दिल्ली ने 34वीं ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर बालक (अंडर-14) प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट में लीग दौर के मुकाबलों के अंतिम दिन अपने-अपने मैच जीत लिए। इसी के साथ नीलगिरि तमिलनाडु, एचएफबी सोनीपत, घुमनेहरा हॉकी अकादमी और रायल हॉकी अकादमी पंजाब ने भी अंतिम आठ में जगह बना ली।

केडी सिंह बाबू स्मारक सोसायटी के तत्वावधान में गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक टर्फ स्टेडियम पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में मंगलवार को यूपी करम को नवल टाटा ओडिशा ने 5-2 से पराजित किया। नवल टाटा ओडिशा से दूसरे क्वार्टर में अरमान मिंज ने 18वें मिनट में मैच का पहला गोल दागा। जवाब में यूपी करम से आयुष यादव ने 19वें मिनट में बराबरी का गोल किया। फिर टीम से जानसन ही 38वें मिनट में विरोधी के डिफेंस को भेद सके।

नवल टाटा ओडिशा से अरमान मिंज ने 22वें, बिबे लुगान ने 39वें, अभिषेक सोरंग ने 49वें व छबीला ने 57वें मिनट में गोल दागा। दूसरी ओर पिछली उपविजेता राउंडग्लास पंजाब हॉकी अकादमी ने एमएमएस अकादमी के खिलाफ 7-2 से जीत दर्ज की। टीम की जीत में मानवीर सिंह ने हैट-ट्रिक सहित चार गोल दागे। सुलेमान ने चौथे व अर्शदीप ने 17वें मिनट में गोल दागे। वहीं मानवीर सिंह ने 10वें मिनट में पेनाल्टी कार्नर पर गोल दागने के बाद 32वें मिनट में मैदानी गोल, 38वें मिनट में पेनाल्टी और फिर 40वें मिनट में मैदानी गोल दागते हुए हैट-ट्रिक जड़ी। प्रभिंदर सिंह ने 55वें मिनट में गोल किया। आज अन्य मुकाबलों में घुमनेहरा हॉकी अकादमी दिल्ली ने ओबीएचए तमिलनाडु को 11-0 से और रायल हॉकी अकादमी पंजाब ने ध्यान चंद हॉकी अकादमी आंध्र प्रदेश को 7-0 से हराया।

राम आएंगे व वंदे मातरम से गूंजा हस्तशिल्प महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फिश एक्वेरियम और फैशन प्रस्तुतियों की रही धूम

अमृत विचार : प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट एवं प्रगति इवेंट की ओर से आयोजित भारत हस्तशिल्प महोत्सव में राम आएंगे के साथ देश भक्ति गीतों की गूंज रही। कार्यक्रम के दौरान फिश एक्वेरियम और फैशन प्रस्तुतियों की धूम रही। खिली हुई धूप में अंगूठी योग प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

भारत हासिल महोत्सव 2024 के जय श्री राम सेल्फी पॉइंट पर डिस्ट्रिक्ट योगसाना स्पोर्ट एसोसिएशन की ओर से दिव्य आशीष योग संस्थान के योग प्रशिक्षक आशीष के नेतृत्व में अनूठी योग प्रस्तुति राम आएंगे, देशभक्त गीत जय हो एवं वंदे मातरम से लोगों को योग के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। कार्यक्रम में खुशी, पलक, श्रद्धा, आयुष, रौनक, महक, अंजलि, नीरज, आलोक ने अद्भुत संगीत में योग की प्रस्तुति दी। प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और एनबी सिंह द्वारा सभी कलाकारों को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया।

मिस भारत 2024 का ऑडिशन : प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट द्वारा मिस भारत 2024 का ऑडिशन का आयोजन हुआ। प्रतिभागियों ने अपनी दक्षता का परिचय दिया। वहीं थाप संस्था द्वारा रिचा गोयल के नेतृत्व में अर्थव गोयल, सुध कथक एवं अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इनमें मोहे रंग दो लाल, सिलसिला यह चाहत का आदि प्रमुख रहे।

काव्य समारोह में विभूतियां सम्मानित

भारत हस्तशिल्प महोत्सव 2024 के सांस्कृतिक मंच से अखिल भारतीय कविता लोक सृजन संस्थान के सौजन्य से लोकार्पण, सम्मान एवं काव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तीन दर्जन से अधिक कवि और कवत्रियों ने कविता पाठ किया। सभी विभूतियों को उत्तरीय एवं सम्मान पत्र भेंट कर कविता लोक गौरव मानद उपाधि से विभूषित किया गया। सम्मानित होने वाली विभूतियों में डॉक्टर हरिशंकर मिश्र, अमरनाथ अग्रवाल, डॉक्टर श्रीमंगल सिंह मंगल, डॉक्टर सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी, डॉक्टर योगेश अस्थाना, महेश प्रकाश, विनोद कुमार गुप्ता, निवेदिता श्रीवास्तव, अशोक कुमार श्रीवास्तव, सरिता सदाबहार, डॉक्टर उमेश प्रकाश, जयप्रकाश तिवारी, मंजू सक्सेना आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

क्रांतिकारी विचार मंच ने सामाजिक समस्याओं को लेकर दिया धरना

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश भर की ज्वलन्त सामाजिक समस्याओं के समाधान को एक माह पूर्व मुख्यमंत्री को दिये गये ज्ञापन से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान न होने को लेकर मंगलवार को ईको गार्डन में प्रदेश भर से क्रान्तिकारी विचार मंच के पदाधिकारी, मजदूर, किसानों के साथ बड़ी संख्या में पहुंचकर धरना दिया।

- प्रदेश भर से मजदूर व किसान ईको गार्डेन में हुए एकत्रित

मंच के प्रांतीय संरक्षक एवं किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने कहा कि नये हाईवों पर डिवाइडर न बनाने से भीषण हादसे हो रहे हैं। बैंकों में बिना दलाल के लोन नहीं मिलता और लोन वसूली में बैंक अधिकारियों ने सूद खोर महाजनों को भी मात दे दी है। इलेक्ट्रानिक कांटों में इलेक्ट्रानिक चिपे लगाकर आम जनता के साथ घटतौली कर ठगी की जा रही है। थानों में असली पीड़ितों की सुनवाई नहीं हो रही है जनपद बरेली में एक ही थाना क्षेत्र में 9 महिलाओं की अज्ञात बदमाशों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गयी जिसका खुलासा आज तक नहीं हुआ।

विजेता खिलाड़ियों के साथ पुलिस अधीक्षक यातायात शिवराज। अमृत विचार

आयोजन जो व्यक्ति मांस का सेवन करता है, वह कभी भी भगवान का विचार प्राप्त नहीं कर सकता

मन राम में लग जाए तो राम मिल जाएंगे : देवकीनन्दन ठाकुर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में डीएवी कॉलेज मैदान में चल रही रामकथा के 7वें दिन की शुरुआत विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। प्रार्थना के बाद रामकथा वाचक देवकीनन्दन ठाकुर ने भक्तों को श्री रामचंद्र कृपाल भजमन भजन सुनाया।

आज यहां बालयोगी अरुण पुरी चैतन्य महाराज ने कहा कि अयोध्या में रामलला विराजमान हो जाएं, इसके लिए देवकीनंदन ठाकुर ने कितने बड़े-बड़े आयोजन, कथाएं और कितने शिवलिंगों का निर्माण किया है। युवाओं के अंतःकरण में रामलला के प्रति भक्ति कैसे जाग्रत की जाए, इसके लिए उनके प्रयत्न प्रशंसनीय हैं।

डीएवी कॉलेज के मैदान में पंडित देवकीनंदन ठाकुर से आशीर्वाद लेते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में पत्नी नम्रता पाठक। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि रामायण हमें जीना सिखाती है और भागवत हमें मरना सिखाती है। गुरुद्वारों से आज भी सकारात्मक वाइब्स आती हैं। वहां हर व्यक्ति सेवाभाव से आता है। जो व्यक्ति मांस का सेवन करता है, वह कभी भी भगवान का विचार प्राप्त नहीं कर सकता है और जो मनुष्य मदिरा और मांस खाता है वह भयानक रूप से आलसी होगा और उसका मन कभी भी भजन में नहीं लगेगा। कथा मनुष्य के मन को निर्मल करती है क्योंकि जो भी मनुष्य करता है वह सब अपने मन के कारण ही करता है और मन के कारण ही व्यक्ति बंधन में फंसता है।

संसार मनुष्य को अपने विचारों में फंसाता है लेकिन साधु-संत उन्हीं विचारों से मनुष्य को मुक्त करते हैं और संसार मनुष्य से उसकी तीन चीजें मांगता है तन-मन और धन। व्यक्ति को अपने तन और धन संसार को सौंप देना चाहिए लेकिन अपना मन राम भगवान में लगा ले तो राम भगवान भी उस मनुष्य के हो जायेंगे।

उप मुख्यमंत्री ने किया आरती-पूजन

कथा के मुख्य यजमान प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उनकी पत्नी नम्रता पाठक और डीएवी कॉलेज प्रबंधक मनमोहन तिवारी रहे। सभी ने मिलकर आरती पूजन किया। सर्वेश पाण्डेय, मुरलीधर आहूजा, अंशु गुप्ता, अरविन्द सिंह, सुरेश मिश्रा, नितिन गुप्ता भी उपस्थित रहे।

बरेली ने छह स्वर्ण, दो रजत व चार कांस्य पदक पर किया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 37वीं सब जूनियर राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित

अमृत विचार : 37वीं सब जूनियर राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता के.डी. सिंह स्टेडियम में आयोजित हुई। जिसमें पदक विजेता खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक यातायात शिवराज ने खिलाड़ियों और कोच भानु प्रताप को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी 2, 3 और 4 फरवरी को रायपुर छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मिलना सक्सेना को सेकंड डान ब्लैक बेल्ट प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सब जूनियर बालक वर्ग में श्रेष्ट शर्मा ने तीन स्वर्ण एक रजत पदक, दक्ष प्रताप सिंह ने एक स्वर्ण एक कांस्य पदक, अभिषेक ने एक स्वर्ण एक कांस्य पदक, सब जूनियर बालिका वर्ग में श्रुति शर्मा ने एक स्वर्ण एक कांस्य पदक, दिव्यांशी सिंह ने एक कांस्य पदक केडिट बालिका वर्ग में माही गंगवार ने प्रतिभाग किया। बरेली स्पोर्ट्स ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल मिश्रा एवं सचिव अकमल खान ने खिलाड़ियो को बधाई दी।

एक नजर

हेल्पलाइन नंबरों के सहारे साझा कीं जानकारियां

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति चरण-4 कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय के गणित एवं खगोल विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष ने कार्यक्रम से जुड़ी जानकारियां साझा कीं ।शक्ति चरण-4 कार्यक्रम के तहत कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्रवक्ता डॉ. मीनाक्षी त्रिपाठी ने महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान दिया। उन्होंने आत्म-मूल्य, विकल्प और सामाजिक परिवर्तन में भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सखी, महिला ई-हाट और स्टेप कार्यक्रम जैसी सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर कार्यक्रम के फोकस पर अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला।

युवती की फोटो की वायरल प्राथमिकी दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : नगराम थाने में किसान ने शिवा शुक्ला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी उनकी बेटी से दोस्ती की। फिर दोनों फोन पर अक्सर बातचीत करते थे। शिवा की हरकत गलत देखकर बेटी ने उससे दूरी बना ली। बावजूद इसके शिवा बेटी पर दबाव बनाने लगा। विरोध किए जाने पर आरोपी ने बेटी की फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर शिवा शुक्ला व उसकी मां और बहन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

भाजपा का बूथों पर 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने का लक्ष्य

गांव चलो अभियान के तहत बूथों पर जाकर जनसमर्थन जुटाएंगे भाजपाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। लोकसभा चुनाव को लेकर बूथों पर फोकस करने की योजना बनाई गई है और दस प्रतिशत वोट बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

डीएवी कॉलेज सभागार में आयोजित गांव चलो अभियान की कार्यशाला में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश की विचारधारा बदल चुकी है। ऐसे लोग भी अब भारतीय जनता पार्टी से जुड़ना चाहते हैं जिन्होंने पहले हमारी विचारधारा को स्वीकार नहीं किया था। चुनावी माहौल पूरी तरह से हमारे पक्ष में है लेकिन चुनाव को चुनौती मानकर हमें कार्य करना है। अभियान को धरातल पर उतरने के लिए घर-घर जाकर संपर्क करना है। अल्पसंख्यक समाज के प्रबुद्ध वर्ग लोगों की सूची बनानी है और उनसे संपर्क करना है। सी और डी बूथों को इस बार ए श्रेणी में बदलकर बहुमत से विजय प्राप्त करनी है।

लखनऊ प्रभारी त्रियंबक त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर 'गांव चलो अभियान' के माध्यम से उतारकर भाजपा ने पिछले लोकसभा में प्राप्त 51% मत को 10% बढ़कर 61 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। पार्टी का मानना है कि चाहे केंद्र की योजनाएं हो या फिर राज्य की सभी का लाभ सभी जातिवर्गों को समान रूप से मिल रहा है। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि सरकार कि जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर लेकर जाएं। एक और दो फरवरी तक मंडल स्तर की कार्यशाला का आयोजन होगा। गांव चलो अभियान में प्रवासी कार्यकर्ता को हर बूथ पर प्रवास के लिए भेजना है। इसमें प्रत्येक बूथ में प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में 24 घंटे प्रवास पर रहेगा और केंद्र सरकार की योजना को जन-जन तक पहुंचाना हैं।

गांव चलो अभियान के तहत कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

इस दौरान मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, नगर संयोजक अभिषेक खरे, मेयर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव में जिम्मेदारी के अनुरूप करें काम: खन्ना

अमृत विचार, लखनऊ : वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम से भाजपा पिछले चुनावों में बड़ी सफलता हासिल करती आई है। इस बार भी सभी अपनी जिम्मेदारी के अनुरूप मजबूती के साथ काम करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कारण माहौल भाजपा के पक्ष में है। मंगलवार को लोकसभा चुनाव को लेकर गठित की गई महानगर संचालन समिति की बैठक हुई। खन्ना ने कहा कि इस बार भाजपा ने प्रदेश के सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। लोकसभा चुनाव में इस बार रिकार्ड मतों से जीत हासिल करनी है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश की सभी सीटों पर हम भारी मतों से विजय प्राप्त करेंगे। जनता ने मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनवाने का मन बना लिया है। लोकसभा संचालन समिति संयोजक मुकेश शर्मा ने कहा कि विधानसभा स्तर पर भी संयोजक और संचालन समिति का गठन किया गया है। 29 फरवरी तक विधानसभा स्तर के कार्यालय खोले जाएंगे। पार्टी की योजना और रणनीति के अनुसार पुन: भारी मतों से विजय प्राप्त करेंगे। चुनाव के लिए 37 विभागों में संयोजकों की जिम्मेदारी निर्धारित की गई। इस दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सह प्रभारी पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, लखनऊ प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी, राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेई, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी, सुधीर हलवासिया सहित संचालन समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

नमो एप से नमो-नमो कराने की तैयारी

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने कमर कस ली है। दीवार लेखन और विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों तक जाना इस ओर इशारा कर रहा है। नमो एप के माध्यम से भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नमो-नमो कराने की तैयारी में हैं। लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने पिछले वर्ष नवंबर और दिसंबर में मतदाता बनवाने के लिए अभियान छेड़ा था। पार्टी नेताओं ने लोगों के घरों तक पहुंचकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म भरवाए। प्रक्रिया पूरी होने के बाद लोगों को इसकी जानकारी दी। साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम लोगों को सरकारी योजना के बारे में जानकारी दी और पात्रों को योजना का लाभ दिलाने के लिए तत्काल फार्म भरवाकर आवेदन कराया। भाजपा नेताओं को जिले में दो लाख लोगों को नमो एप से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। लक्ष्य मिलने के साथ महानगर इकाई इस काम में जुट गई है। जिले में छह विधानसभाएं। प्रत्येक विधानसभा में 30 हजार से अधिक युवाओं को नमो एप से जोड़ा जाना है। नमो ऐप डाउनलोड करने के बाद ऐप पर 100 डेज चैलेंज की शुरुआत होगी। 100 दिनों में पार्टी कार्यकर्ता विकसित भारत एंबेसडर, माइक्रो डोनेशन आदि का अभियान चलाएंगे। नमो एप से जोड़कर भाजपा नेता लोगों को यह अनुभूति कराने चाहते हैं कि वे सीधे प्रधानमंत्री से जुड़े हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि युवाओं को नमो एप से जोड़ने का आदेश पार्टी ने दिया है। इस दिशा में काम शुरू हो गया है। प्रयास किया जाएगा कि दो लाख से अधिक को नमो एप से जोड़ा जाए।

पन्नू के सीधे संपर्क में थे अयोध्या में पकड़े गए खालिस्तानी समर्थक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के पहले रेकी के दौरान एटीएस के हत्थे चढ़े गैंगेस्टर और उसके साथी, खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के सीधे संपर्क में थे। उनके निशाने पर लारेंस विश्नोई गैंग से जुड़े बदमाश हैं। गैंगेस्टर गैंगेस्टर शंकर लाल दुसाद उर्फ शंकर जाजोद और उसके दो साथियों- प्रदीप पुनिया और अजीत कुमार शर्मा से पूछताछ में इस बात खुलासा हुआ है। तीनों खालिस्तानी समर्थक 26 जनवरी से एक सप्ताह के लिए एटीएस की रिमांड पर है। एटीएस सूत्रों के मुताबिक गैंगेस्टर दुसाद ने पूछताछ में बताया कि बीकानेर जेल से छूटने के बाद उसकी मुलाकात

खुलासा

- लारेंस विश्नोई गैंग से जुड़े बदमाश निशाने पर, एटीएस की पूछताछ में हो रहा खुलासा

लखबिन्दर (जेल में साथ रहा) के भांजे पम्मा से हुई थी। उसके माध्यम से मिले नंबर से उसकी बातचीत कनाडा में रह रहे खालिस्तानी समर्थक सुखबिन्दर गिल उर्फ सुखडोल सिंह गिल उर्फ सुखदिल व्हाट्सएप कॉल से होने लगी थी। इस दौरान सुक्खा ने उससे कहा था कि तुम्हारे गैंग के लोगों एवं खालिस्तानी समर्थकों की हत्या में गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई का हाथ है। तुम बदला लेने में हम लोगों की मदद करो।

इस बीच सितम्बर 2023 में कनाडा में सुखबिन्दर उर्फ सुक्खा की हत्या हो गयी। उसकी हत्या के बाद वह (दुसाद) और उसके साथी प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू के संपर्क में आ गए। उसी के निर्देश पर वह अपने साथियों के साथ अयोध्या में रेकी करने आया था। इस काम के बदले पन्नू से लॉरेंस विश्वनोई गैंग के सदस्यों को निपटाने में मदद करने वादा किया है। सूत्रों के मुताबिक इस खुलासे के बाद एटीएस सुखबिन्दर उर्फ सुक्खा, पन्नू तथा लॉरेंस विश्वनोई गैंग के लोगों की तलाश में जुट गई है।

कार्यालय ग्राम पंचायत जौरिया, मलिहाबाद जनपद- लखनऊ

पत्रांक: मेमो/2023-2024/अति अल्पकालीन निविदा/मनरेगा दिनांक: 30.01.2024

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जौरिया में मनरेगा/2023-24 की कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नांकित कार्यो हेतु उनके नाम के सम्मुख अंकित सामग्री की आवश्यकता है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्रयुक्त होने वाली सामग्री										
		ईटा M-150	ईटा M-275	मौरंग	बालू	सीमेंट	ईटा रोड़ा	पत्थर गिट्टी	सरिया	RCC टाइल्स	सिरेमिक टाइल्स	अन्य सामग्री
1-	रामोतार के घर से प्रीतम के घर तक इंटर लाकिंग व नाली निर्माण	10698	-	10.0	42.0	7.71 टन	38.11 CUM	6.0	-	11.552	-	अन्य फुटकर सामग्री प्राक्कलन के अनुसार

उपरोक्त विवरण के अनुसार अति अल्पकालीन निविदा सूचना के इच्छुक पंजीकृत फर्म/आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद लिफाफे में प्रकाशन तिथि से 05/02/2024 को समय अपरान्ह 2.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। निविदा उसी दिन सभी निविदादाताओं व क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष 4 बजे खोली जायेगी। सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करना आवश्यक होगा। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।

संदीप कश्यप -सचिव श्रीमती रामदेवी- प्रधान

डकैती वाली रात सीतापुर की ओर जाते दिखा संदिग्ध ट्रक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

- चोरी में बंद आरोपी से मिलाई करने वालों की खंगाली जा रही कुंडली
- चिनहट इलाके में ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में डकैती की वारदात का मामला

अमृत विचार : ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में डकैती की वारदात में उपयोग की गयी ट्रक की पहचान कर ली गयी। वारदात वाली रात ट्रक इंटौजा टोल से सीतापुर जनपद की ओर जाते समय सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। वारदात के खुलासे के लिये पुलिस ने इस इलाके में पूर्व में हुई चोरी के मामले में जेल में बंद एक आरोपी से मिलाई करने वालों की भी कुंडली खंगाल रही है।

डीसीपी पूर्वी आशीष श्रीवास्तव का दावा है कि डकैती का सामान ले जाने में उपयोग की गयी ट्रक की पहचान कर ली गयी है। कई जगह खंगाले गये सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में ट्रक इटौंजा स्थित टोल प्लाजा से सीतापुर की तरफ जाते दिखी है। संदेह के आधार पर ट्रक की बरामदगी के लिये दो टीमें सीतापुर और हरदोई जिले में दबिश दे रही हैं। इसके अलावा चिनहट इलाके में पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में जो आरोपी जेल में बंद हैं। उनकी डिटेल भी खंगाली जा रही है। आरोपियों से मिलाई करने वालों की पहचान कर उनके नंबरों को सर्विलांस पर लगाया गया है। दो टीमें अन्य बिंदुओं पर भी काम कर रही हैं। बताया अब तक करीब 800 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा चुके हैं। डकैती में उपयोग किये गये ट्रक को लगातार ट्रेस किया जा रहा है। गाड़ी कौन-कौन से रूट से गुजरी, कहां-कहां रुकी। इसका ब्योरा एकत्रित किया जा रहा है।

हुई थी 80 लाख की डकैती

चिनहट इलाके में देवा रोड स्थित ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में शुक्रवार डकैती हुई थी। डकैत फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारियों को बंधक बना कर 80 लाख रुपये का तार उठा ले गये थे। पुलिस डकैती की रिपोर्ट दर्ज कर खुलासे का प्रयास कर रही है।

सार-संक्षेप

पूर्व सहयोगी ने रिसेप्शनिस्ट से की छेड़खानी

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, मूलरूप से उत्तराखंड के रानीखेत की रहने वाली युवती (23) अलीगंज कपूरथला में एक संस्थान में बतौर रिसेप्शनिस्ट है। लिखित शिकायत में युवती ने बताया कि पूर्व में वह कंपनी की हजरतगंज ब्रांच में कार्यरत थी। उस शाखा में फर्रुखाबाद का रहने वाला शशांक त्रिपाठी भी काम करता था। आरोप है कि उसका स्थानांतरण होने से शशांक उसे परेशान करने लगा। आरोपी अलीगंज दफ्तर में पहुंचा जबरन बातचीत किए जाने का दबाव बनाने लगा। इनकार करने पर आरोपी छेड़खानी करने लगा। हालांकि, पीड़िता के विरोध किए जाने पर आरोपी धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। इसके बाद से ही आरोपी ने युवती के लिए सोशल मीडिया में कई बार आपत्तिजनक टिप्पणी की। विरोध करने पर धमकाने लगा।

युवती को वीडियो कॉल कर निर्वस्त्र हुआ युवक

अमृत विचार, लखनऊ : फेसबुक पर युवक ने लड़की बन युवती से दोस्ती गांठी। आरोपी ने मैसेज में दीदी लिख युवती को वीडियो काल की...काल रिसीव करते ही युवक कपड़े उतार कर निर्वस्त्र हो गया। पीड़िता ने काल डिस्कनेक्ट की तो वह अश्लील वीडियो व मैसेज भेजने लगा। इसके बाद पीड़िता ने तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गोमतीनगर इलाके में रहने वाली युवती ने बताया 26 जनवरी को उसके फेसबुक अकाउंट पर रश्मि तिवारी नाम से फ्रेंड रिक्वेस्ट आयी थी। मेरी सहेली का नाम भी रश्मि है, इसके चलते रिक्वेस्ट स्वीकार कर ली। इसके बाद से उक्त आईडी से मैसेज और वीडियो काल आने लगे। मैसेज में लिखा दीदी आप मुझे पहचान नहीं पा रही हैं, वीडियो कॉल रिसीव करें। युवती का कहना है कि वीडियो कॉल रिसीव करते ही आरोपी निर्वस्त्र हो गया। इसके बाद लगातार अश्लील वीडियो और मैसेज भेजने लगा। आरोपी ने युवती की बड़ी बहन और रिश्तेदारों को भी फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज रखी है। गोमतीनगर इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने बताया फेसबुक अकाउंट के आधार पर आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की है।

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रात: 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रात: 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रवृत्तवाक् विचित्रकथ ऊहवान् प्रतिभानवान्।
आशु ग्रन्थस्य वक्ता च यः स पण्डित उच्यते ॥

जो व्यक्ति बोलने की कला में निपुण हो जिसकी वाणी लोगों को आकर्षित करे, जो किसी भी ग्रंथ की मूल बातों को शीघ्र ग्रहण करके बता सकता हो, जो तर्क-वितर्क में निपुण हो, वही ज्ञानी है।

संपादकीय

प्रतिस्पर्धी वैश्विक राजनीति

भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता तेज हो गई है और सत्ता व रसूख के लिए संघर्ष नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। चीन का एक मात्र लक्ष्य एक एशियाई ताकत के रूप में अपने रुतबे को और अधिक बढ़ाना, हिंद महासागर के विशाल संसाधनों तक अपनी पहुंच बनाना, भारत की घेराबंदी करना, संचार की महत्वपूर्ण समुद्री लाइनों को सुरक्षित करना और विशेष रूप से शिनजियांग और तिब्बत जैसे अपने अस्थिर क्षेत्रों में आर्थिक विकास की शुरुआत करना है। जबकि भारत वैश्विक स्तर पर, विशेष रूप से 'वैश्विक दक्षिण' का नेतृत्व करने और विश्व राजनीति में प्रमुख हितधारक बनने के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की महत्वाकांक्षा रखता है। पड़ोस में जटिलताओं से उसके प्रयासों में बाधा आ रही है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय व्यवस्था में रणनीतिक वर्चस्व के लिए भारत और चीन होड़ करते रहे हैं और सीमा विवादों में उलझे रहते हैं। हालांकि, अपने तमाम मतभेदों के बावजूद दोनों देशों ने अतीत में द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सहयोग भी किया है। वास्तव में वैश्विक राजनीति एक प्रतिस्पर्धी खेल है। ऐसे में विदेश मंत्री एस. जयशंकर का यह कहना महत्वपूर्ण है कि चीन भारत के पड़ोसी देशों को प्रभावित करेगा और भारत को ऐसी 'प्रतिस्पर्धी राजनीति' से नहीं डरना चाहिए। एक प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के नाते, चीन संसाधनों का इस्तेमाल करके चीजों को अपने तरीके से आकार देने की कोशिश करेगा।

भारत ने अतीत में वैश्विक उथल-पुथल का सामना अच्छी तरह से किया है। फिर भी दक्षिण एशिया में राजनीतिक रूप से भारत विरोधी शासनों का उदय चिंता की बात है। भारत और मालदीव के बीच तनावपूर्ण संबंध हैं। विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि हर देश के पड़ोस में समस्याएं हैं। हमारा काम अनुमान लगाना, आकलन करना और प्रतिक्रिया देना है। अंत में पड़ोसियों के एक-दूसरे के साथ संबंध रहते हैं। राजनीति और कूटनीति को परिभाषित करते हुए जयशंकर ने अहम बात कही कि राजनीति में तीखे रुख अपनाए जाते हैं और कूटनीति हमेशा उन तीखे रुख से नहीं चलती। आखिरकार, पड़ोसियों को एक-दूसरे की जरूरत होती है। इतिहास और भूगोल बहुत शक्तिशाली ताकतें हैं। इससे कोई बच नहीं सकता। इन हालात में आगे बढ़ने के लिए भारत को आर्थिक कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए और सकारात्मक संबंधों के लिए अपने 'सॉफ्ट पावर' का उपयोग करना चाहिए। विकसित हो रहे दक्षिण एशियाई परिदृश्य में एक स्थिरताकारी शक्ति बनने के लिए रणनीतिक संचार, क्षेत्रीय मंचों में सक्रिय भागीदारी और दीर्घकालिक दृष्टिकोण भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

बदल रही है भारतीय खेती

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारतीय कृषि देश की लगभग 58 प्रतिशत जनसंख्या के लिए आजीविका का एक प्रमुख स्रोत है। वर्तमान में हमारे देश में 196 मिलियन टन फल एवं सब्जी तथा 305 मिलियन टन खाद्यान्न, 36 मिलियन टन दाल, 34 मिलियन टन तिलहन तथा 27 मिलियन टन शक्कर का उत्पादन किया जा रहा है।

खेती के बदलते चेहरे में एक महत्वपूर्ण जैविक (आर्गेनिक) खेती को मिल रहा बढ़ावा भी है। अत्यधिक फसल उत्पादन की होड़ में अंधाधुंध रासायनिक खाद तथा पेस्टिसाइड के प्रयोग तथा सिंचाई प्रबंधन खराब होने के कारण देश की अधिकांश मिट्टी तथा पानी की स्थिति खराब हो गई है।

भारतीय खेती के पिछड़ेपन का मुख्य कारण भूमि सुधार संस्थागत सुधार और तकनीकी सुधारों में पिछड़ापन तो रहा ही,साथ में कभी उसको एक व्यवसाय के रूप में न देखकर मात्र आजीविका के रूप में देखने की सोच भी रही है। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान कृषि का मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य के आर्थिक हितों की पूर्ति करना था। हालांकि स्वतंत्रता पश्चात भारत ने कई कृषि सुधारों को लागू किया है। पचास और साठ के दशक के सुधार कृषि उत्पादकता और आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर केंद्रित थी। हरित क्रांति का उद्देश्य उच्च उपज वाली फसल किस्मों,आधुनिक कृषि तकनीकों और सिंचाई सुविधाओं की शुरूआत के माध्यम से कृषि उत्पादकता को बढ़ाना था। यह भारत को खाद्य अल्पता की स्थिति से आत्मनिर्भर राष्ट्र में बदलने में सफल रहा। सरकार ने भूमि हदबंदी कानूनों के माध्यम से भूमि के पुनर्वितरण के प्रयास किए जिसका उद्देश्य सामंती भूमि स्वामित्व प्रणाली को तोड़ना था। हालांकि उद्देश्य अच्छा था,परंतु कार्यान्वयन खराब होने के कारण विभिन्न राज्यों में इसका प्रभाव अलग-अलग रहा। 1990 के दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण और बढ़त निजीकरण के चलते कृषि नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। निर्यात बाधाएं हटी और किसानों को नकदी फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इससे जहां नए अवसर खुले,वहीं छोटे किसानों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता का भी सामना करना पड़ा। प्रौद्योगिकी में प्रगति से कृषि में नए रास्ते आए।

भारतीय कृषि देश की लगभग 58 प्रतिशत जनसंख्या के लिए आजीविका का एक प्रमुख स्रोत है। वर्तमान में हमारे देश में 196 मिलियन टन फल एवं सब्जी तथा 305 मिलियन टन खाद्यान्न, 36 मिलियन टन दाल, 34 मिलियन टन तिलहन तथा 27 मिलियन टन शक्कर का उत्पादन किया जा रहा है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 18 प्रतिशत योगदान देती है। संस्थागत सुधारों के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा पिछले एक दशक में उठाए गए कदम महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का लक्ष्य वर्ष 2024 तक 100 मिलियन हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई प्रदान करना है। नई नहरों एवं बांधों का निर्माण,मौजूदा नहरों और बांधों का नवीनीकरण और आधुनिकीकरण,सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा भूजल पुनर्भरण किसानों का क्षमता निर्माण, इसके प्रमुख लक्ष्य हैं। मार्च 2023 तक इस योजना के अंतर्गत लगभग 30 मिलियन हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित की गई थी। परंपरागत कृषि विकास योजना किसानों को पारंपरिक कृषि के लिए प्रशिक्षण,इनपुट और सुनिश्चित खरीद गारंटी प्रदान करती है। स्वाभाविक रूप सुधारों से कृषि उपज में वृद्धि हुई है और उसके मार्केटिंग की समस्या भी किसानों के समक्ष आती है। सरकार भले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों की उपज खरीदती है,परंतु यह सिर्फ कुछ गिने-चुने फसलों के लिए है। कृषि उपज के विपणन, प्रसंस्करण,पैकेजिंग,ग्रेडिंग और निर्यात पर ध्यान न देने के कारण कृषि उपज बिक्री और निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। विश्व के कुल कृषि उपज निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 2.4 प्रतिशत ही है। सरकार ने फसल विविधीकरण पर जोर दिया,ताकि किसान गेहूं-धान-गन्ना जैसी चुनिंदा फसलों की खेती से आगे बढ़कर बागवानी,मछली पालन,दुग्ध उत्पादन जैसी आयपरक गतिविधियों में संलग्न हों। कृषकों को उनकी उपज का उचित एवं प्रतिस्पर्धी मूल्य दिलाने के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) की शुरुआत की गई है। इससे किसान बिना किसी बिचौलियों के अपनी उपज बेच रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) द्वारा संचालित ई-नाम किसानों को देशभर के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए एकल मंच प्रदान करता है। इससे किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर और प्रतिस्पर्धी मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलती है और मूल्य में उतार-चढ़ाव के जोखिम को कम करने में भी सहायता मिलती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी रिसर्च के अनुसार ई-नाम के माध्यम से अपनी उपज बेचने वाले किसानों को पारंपरिक मंडियों की तुलना में औसतन 10 प्रतिशत अधिक मूल्य प्राप्त हुआ है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार ई-नाम से कृषि वस्तुओं की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत अस्थिरता कम हो गई है। छोटे किसानों को बाजार व्यवस्था से जोड़ने के लिए सरकार 22 हजार ग्रामीण हाटों के बुनियादी ढांचे में सुधार कर उन्हें आधुनिक बना रही है।

उक्त सुधारात्मक प्रयासों के अतिरिक्त किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) और किसान उत्पादक कंपनी (एफपीसी) का गठन छोटे और सीमांत किसानों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। देश में छोटे और सीमांत किसानों की संख्या लगभग 12 करोड़ से अधिक हैं। यह कुल किसानों का लगभग 86 प्रतिशत हैं। इनकी कृषि जोत का औसत आकार 1.10 हेक्टेयर से कम है। इन किसानों को उत्पादन से जुड़े कार्यों और बाजार तक पहुंचने में अत्यधिक कठिनाई होती है। एफपीओ द्वारा अपने सदस्य किसानो से फल-फूल, सब्जी, मछली आदि से संबंधित उपजों को खरीदकर सीधे कंपनियों को बेचा जाता है। सरकार ने वर्ष 2024 के अंत तक दस हजार एफपीओ बनाने का लक्ष्य रखा है जिससे लगभग 30 लाख किसान लाभान्वित होंगे। नाबार्ड के अनुसार वर्ष 2020-22 के मध्य एफपीओ से जुड़े किसानों की कृषि उत्पादकता में 31.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एफपीओ के माध्यम से पिछले तीन-चार वर्षों में वाराणसी कृषि उपज के निर्यात का एक हब बनकर उभरा है। वर्ष 2022 में वाराणसी एयरपोर्ट से 541 मीट्रिक टन कृषि उपज का निर्यात किया था,जो गतवर्ष बढ़कर 655 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लगभग 20 हजार किसान 50 एफपीओ से जुड़कर अपनी फसलों का निर्यात कर रहे है। स्पष्ट है सरकार बिचौलियों को हटाकर सीधे किसानों को निर्यातक बना रही है। राजस्थान के झुंझुनू जिले के लांबी अहीर गांव में एक एफपीओ ने अपने 300 सदस्यों के साथ 800 कुंतल सरसों की कटाई और बिक्री की है। यहां की महिला सरपंच नीरू यादव द्वारा संचालित एफपीओ ने 50 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया है। किसानों का संगठन अब 5 करोड़ रुपए के निवेश के साथ एक कृषि-प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिए तैयार है। इतना ही नहीं लैंगिक समानता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इस एफपीओ ने 150 महिला किसानों को उनके पुरुष समकक्षों के साथ इक्विटी धारकों के रूप में शामिल किया है। बिहार के बख्तियारपुर, एकंगरसराय, बाढ़ और हरनौत के लगभग 3273 किसानों ने एफपीओ के माध्यम से अपने सब्जियों को सीधे दिल्ली,नोएडा जैसे बड़े शहरों में बेचना शुरू कर दिया है। राजगढ़ (मध्य प्रदेश) के एफपीओ और एफपीसी के छोटे-छोटे किसान अब बड़ी-बड़ी कंपनियों से आंखों में आंखें डालकर अपनी फसलों का सौदा तय करते हैं। यह आत्मविश्वास उन्होंने एफपीओ की सामूहिक शक्ति से पाया है।

खेती के बदलते चेहरे में एक महत्वपूर्ण जैविक (आर्गेनिक) खेती को मिल रहा बढ़ावा भी है। अत्यधिक फसल उत्पादन की होड़ में अंधाधुंध रासायनिक खाद तथा पेस्टिसाइड के प्रयोग तथा सिंचाई प्रबंधन खराब होने के कारण देश की अधिकांश मिट्टी तथा पानी की स्थिति खराब हो गई है। देश के 700 जिलों में से लगभग 256 जिलों में अत्यधिक भूजल दोहन के चलते भूजल स्तर बहुत नीचे जा चुका है। जैविक खेती को बढ़ावा देने के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने के लिए स्वायल हेल्थ कार्ड योजना,परंपरागत कृषि विकास योजना, नेशनल हॉर्टिकल्चर मिशन,राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन आदि योजनाएं चलाई जा रही है। इन सब प्रयासों से भारत में जैविक उत्पादों का बाजार प्रति वर्ष 25 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। अभी यह बाजार लगभग 1.20 लाख मिलियन रुपये का है। आज भारत में कुल 4.43 मिलियन हेक्टर में जैविक खेती की जा रही है, जो वैसे तो कुल कृषि क्षेत्रफल का दो प्रतिशत ही है,परंतु विश्व में इसका पांचवा स्थान है। जाहिर है भारतीय खेती अब तेजी से बदल रही है। खेती किसानी के सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए सरकार और खुद किसान दृढ़ संकल्पित हैं।

व्यंग्य

लात और हैसियत

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

किसी को लतिया देना,हमारी महान सभ्यता की गौरवशाली परंपरा है। आमतौर पर या तो हम किसी को लतियाते है या खुद लतियाये जाते हैं। यही भारतीय जीवन पद्धति है। हम हमेशा चाहते हैं कि जिसने कभी भूतकाल में हमसे ये सद्व्यवहार किया हो,मौका मिलते ही उसका कर्जा सूद समेत लौटा सकें। जब भी ऐसा कर पाते हैं हम,हल्के हो जाते हैं, खुशी मिलती है और लगता है कि धरती पर अभी न्याय बचा हुआ है। हालांकि पेट पर भी लात मारी ही जाती है,पर इस बाबत लोग कुछ ज्यादा ही बुरा मान जाते हैं। ऐसे मे इस काम के लिए पिछवाड़ा ज्यादा मुफीद जगह है। यदि आप किसी को लतियाना तय कर ही चुके हैं तो फिर सामने वाले के लात मारते वक्त किसी भी तरह का लिहाज करना ठीक नहीं। किसी को लतियाना,फिर उसे चींचीं करके हुए देखना परमानंद है।

वैसै किसी को लतिया देने के लिए हमारे पास कोई वाजिब कारण हो ही ये कतई जरूरी नहीं है। ये तो मन की मौज भर भी हो सकती है। पेट भरा है हमारा,करने को कुछ खास है नहीं, सामने कोई लाचार दिख गया है तो यह कार्य केवल मजे मजे के लिए भी किया जा सकता है। लतियाया गया आदमी यदि कमजोर है तो वो ऐसे व्यवहार से चौंकता नहीं। या तो उसे इसकी आदत होती है या वह आपसे ऐसा ही कुछ किए जाने की उम्मीद लेकर आया होता है। ऐसे लोगों को लतियाना कोई खास मजेदार नहीं होता। बहुत बार ऐसा करने के बाद उस पर दया करने की,उसे पुचकारने की इच्छा भी हो सकती है आपकी,जो कि घाटे का सौदा होती है। शातिर लोग तो खुद ही ऐसा माहौल बना देते हैं कि आप उन्हें लात मारे बिना रह न सके और बाद में वे पांव पकड़ कर अपनी बात मनवा लें।

हालांकि लतियाते वक्त ज्यादा सोचा विचारा नहीं जाता। फिर भी यदि सामने वाला बंदा आपसे हर लिहाज से कमजोर हो और निकट भविष्य मे भी उसके कमजोर ही बने रहने की उम्मीद हो तो ठीक रहता है। होता ये है कि जिस आदमी को लतिया दिए जाने की आदत नहीं होती वो शुरू-शुरू में इसका थोड़ा बहुत बुरा मान जाता है। उसका बुरा मानना जरूरी भी है ,वरना लतिया देने का सारा मजा ही किरकिरा हो सकता है। कमजोर को लतिया लीजिए पर नंगों से दूर रहिए। इसलिए क्यों नंगों से खुदा भी डरता है। नंगों का कोई भरोसा नहीं। खोने को कुछ होता नहीं उसके पास ऐसे में वो निडर हो जाता है,उससे उलझने में उल्टे बांस बरेली वाली नौबत आ सकती है। किसी को अकेले में लतियाना भी मजा कम कर देता है। जंगल में मोर नाचेगा तो कौन देखेगा? यह काम चार लोगों से सामने कीजिए। आपकी शोहरत में चार चांद लगेंगे इससे और देखने वाले बिना आपकी लात खाए आपको बड़ा और काम का आदमी मान लेंगे। यदि आप एक साथ पच्चीसों को लतिया सकते है तो यकीनन आपकी इज्जत तो बढ़नी ही है। इससे आपका लतियाना सामने वाले को भी शोहरत बख्श सकता है।

एक फायदा और है इससे। ऐसा करके आप अपनी औकात का भी अंदाजा लगा सकते हैं। लात और हैसियत का सीधा संबंध है। हमारे देश में हैसियत वाला ही लात मार सकता है और लात चलाने की हिम्मत रखने वाले के हैसियतदार हो जाने की पूरी गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। आपके लात मारने के बाद सामने वाला यदि आपकी कॉलर न पकड़े,आपके प्रति और अधिक आदर भाव से भर उठे तो इसका मतलब यही है कि आप हैसियत वाले हैं और जैसा कि आपको पता ही है हमारे यहां हैसियत वाले आदमी को ही इज्जतदार कहा जाता है। हालांकि ऐसा कम ही होता है,पर बहुत से कमजोर ऐसे ही खब्ती होते हैं,जो अपनी इज्जत की चिंता करते हैं। उन्हें लगता है कि उनके पास वही है जिसे बचाना जरूरी है। ऐसे में वो भी अपनी लातों का इस्तेमाल कर सकता है। जब भी ऐसा हो तो किसी को कानों कान खबर न होने दें। इसे अपने तक रखिए। सामने वाले से हाथ मिला लें और उस दिन का इंतजार करें जब वो बिल्कुल गाफिल हो और आप उसे दोबारा,पिछली बार से भी ज्यादा करारी लात मार सकें।

एक सवाल जो पूछा ही जाना चाहिए कि यदि किसी को लतिया देने का ख्याल आता कहां से है? आमतौर पर ये आता है कि भरी जेब से,जेब की गर्मी सीधे दिमाग पर असर करती है और ऐसे हर शख्स का मन अपनी लात इस्तेमाल करने के लिए कुलबुलाने लगता है। भरी जेब होने के बाद भी जो आदमी अपनी लात को काबू में रखे हमारे यहां तो लोग उसको रसूखदार मानने के लिए ही राजी नहीं होते। यदि आप ऐसा नहीं करते तो अब करके देखिए। अच्छा लगता है।

लोक संस्कृति का आधार है बोली

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बालक मां का दूध पीते-पीते दुलार में कहे गए शब्दों को सुनता है और मां के भावों से परिचित होते-होते शब्दार्थ को सीख जाता है।

लोक संस्कृति सामान्य जन की संस्कृति है। सामान्य जन का जीवन बोली में ही व्यतीत होता है। इसलिए लोक संस्कृति अनिवार्य रूप से बोली में होती है। बालक को बोली के रस से पहला परिचय मां के द्वारा होता है। पहला बोल मां का होता है। अमृत एक मीठी कल्पना है,लेकिन मां का बोल वास्तविक है और वह इस कल्पना से अधिक मीठा है। बालक का पहला संस्कार "भाषिक संस्कार" होता है और यह संस्कार मां की लोरी से होता है "हलराबै दुलराइ मल्हाबै जोई सोई कछु गावै।" अपने बालक में मां अपने को भूल जाती है। अपने को भूलना ही तो आत्मप्रतीति है और रस का प्रतिपादन करते हुए आचार्य अभिनव कहते हैं यह आत्मप्रतीति ही रस है। मां बालक में खो जाती है और बालक मां के रूप में अपने को पा जाता है। यह बोली की रस प्रक्रिया है।

बालक मां का दूध पीते-पीते दुलार में कहे गए शब्दों को सुनता है और मां के भावों से परिचित होते-होते शब्दार्थ को सीख जाता है। फिर उसी बोली में दादी और नानी उसे कहानी सुनाती हैं, उसी बोली में जीजी पहेली पूछती है,उसी बोली में काकी गीत गाती है और मौसी कहनावत कहती है-ग्वाल-बाल सखा-मंडली उसी बोली में आंख-मिचौनी खेलती है। छठी से लेकर विवाह तक के संस्कार बोली के मांगलिक गीतों के संग होते हैं। देवी-देवताओं को बोली में मनाया जाता है,पति-पत्नी का प्यार बोली में ही छलकता है। प्यारी बोली में रूठ जाती है तो प्रियतम बोली में ही मनुहार करता है। इस परस्परता के भाव में बोली का रस अंतर्निहित है। बोली परिवार और समुदाय की जिंदगी के साथ जल से लहर की तरह जुड़ी होती है। हर सुख-दुख में बोली उसके साथ रहती है। वह प्रगाढ़ आत्मीयभाव कोई दुराव नहीं,कोई छिपाव नहीं,कोई औपचारिकता नहीं,अकृत्रिम सहज भाव हृदय की मुक्तावस्था आचार्य शुक्ल कहते हैं- इसी का नाम रसदशा है। हम कहीं परदेश में हों और वहां हमें किसी से अपनी बोली सुनने को मिल जाए तो जान-पहचान के अभाव में भी एक आत्मीय भाव जगता है,क्योंकि बोली अपने मूल रूप में समष्टि चित्त पर परिवेश का प्रतिबिंब है। बोली नैसर्गिक दाय है। बोली से विच्छिन्न होने का मतलब है, अपनी जड़ों से कट जाना।

शतकोटिजन के परिवेश में असंख्य भिन्नताएं हैं- कहीं पहाड़ है तो कहीं समुद्र है,कहीं जंगल हैं तो कहीं गांव है,कहीं झोपड़ी है तो कहीं बहुमंजिले महल हैं। सामाजिक,आर्थिक,शैक्षिक और सांस्कृतिक परिवेश की भिन्नताओं के कारण शतकोटिजन का संवाद विविधताओं का संवाद है। इस संवाद के अनेक स्तर हैं। इस संवाद की असंख्य शैलियां हैं और इस संवाद के विभिन्न रूप हैं। इसी कारण बोलियों में विविधता है। यह विविधता नैसर्गिक है और नैसर्गिक है इसलिए अपरिहार्य है। जैसे संवाद और परस्परता अन्योन्याश्रय है,वैसे ही संवाद और बोलियां भी अन्योन्याश्रय है। संवाद होता है तो बोलियां बनती है और बोलियां बनती हैं तो संवाद होता है। सामान्यजन का संवाद सामान्य से होता है, सामान्य के माध्यम से होता है, बोली में होता है। यही कारण है कि जब बुद्ध और महावीर सामान्यजन से संवाद करने निकले,तो पाली और प्राकृत में बोले।

कबीर को भाषा के 'सामान्य तत्व' की बड़ी गहरी पहचान थी,बोले-संसकिरत है कूप जल भाखा बहतानीर। विद्यापति ने जब 'देसिल बयना सब जन मिट्ठा का सूत्र दिया था,तब उन्होंने बोली के अभ्यंतर-संगीत को पहचान लिया था। कोई भी भाषा अपने मूलरूप में बोली ही होती है। विभिन्न बोलियां बोलने वाले जब परस्पर मिलते हैं तब उनके बोली तत्व भी परस्पर मिल जाते हैं। कोई भी बोली अपने जनपद में सीमित रहे, अन्य जनपदों में उसका संपर्क और प्रसार न हो तो वह भाषा नहीं बन सकती।

कोई भी बोली तब भाषा बन जाती है,जब अन्य बोलियों के भाषा तत्व घुल मिलकर आधार भाषा के रूप को बदल देते हैं, जब कोई आंदोलन आंधी की तरह उठता है, तब उसके केन्द्र की बोली भी उठती है। जहां-जहां आंदोलन पहुंचता है, वहां-वहां बोली पहुंचती है और विविध बोलीतत्व परस्पर अंतर्भुक्त होते हैं। बोली भाषा बनती है तो शाही फरमान या सरकारी आदेश का इंतजार नहीं करती। जब कोई बोली भाषा बनती है तो वह व्याकरण का इंतजार नहीं करती, वह किसी कोशरचना की मोहताज नहीं है। वह कभी नहीं कहती कि पहले मानकीकरण कर लो तब आगे बढ़ूंगी। किनारे नदी को नहीं बनाते,नदी किनारों को बनाती है। नदी बहती है तो किनारे अपने आप बन जाते हैं। बोली भाषा बनती है तो समष्टि जीवन के परस्पर संवाद से बनती है। वह सामूहिक भाव कितना व्यापक है, अंतर्जनपदीय और अंतर्प्रांतीय संपर्क जितना प्रगाढ़ है,वह भाषा उतनी ही समर्थ है।

सोशल फोरम

विज्ञान की आजादी

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

अतीत में विज्ञान एक साधना थी। बेचैन वैज्ञानिक रात-रात जगकर नए आविष्कार करते थे। आज विज्ञान का ज्यादा इस्तेमाल उपनिवेशवादी तौर-तरीकों से सीखकर कूट उद्देश्यों से होता है। यह हम खासकर सूचना क्रांति,उपग्रह प्रक्षेपण,कृत्रिम मेधा और युद्ध तकनीक के क्षेत्र में देख सकते हैं। हम मंगल ग्रह पर जल्दी जा सकते हैं, लेकिन उत्तराखंड के पहाड़ों पर सुरंग निर्माण में फंसे 41 श्रमिकों के पास जल्दी नहीं पहुंच सकते। वर्तमान विश्व में सत्ताएं उच्च टेक्नोलॉजी और इसके डिजिटल औजारों का इस्तेमाल अपने नागरिकों पर निगरानी रखने के लिए कर रही हैं। इस दौर में बढ़ती बेरोजगारी और विषमता से जन्मे क्षोभ को दबाना मुश्किल नहीं है। विश्वभर में सभ्य ढंग से क्षोभ का डिजिटल दमन हो रहा है। विकसित टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल पिछड़ी मानसिकता के प्रसार के लिए ज्यादा हो रहा है। इतिहास के गड़े मुर्दों को हथियारबंद किया जा रहा है। समस्या यह है कि बाजार और राजनीति दोनों ही निरंकुश ढंग से टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए यथार्थ को अपने उद्देश्य के अनुरूप ढालने में कुशल हो गए हैं। वे करिश्माई हैं और लोगों को रंगीन अंधविश्वासों, प्रलोभनों तथा भ्रमों से सम्मोहित करने में सक्षम हैं। जाहिर है,आज विज्ञान की आजादी का प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है।

विज्ञान की प्रधान शिक्षा यह है कि व्यक्ति बिना सोचे-समझे या ठीक से जांचे-परखे किसी चीज को आंख मूंदकर न माने और सोशल मीडिया के भ्रामक प्रचार से न घिरे। विज्ञान सिर्फ इसलिए नहीं है कि इसके बल पर चालाकियां की जाएं,आराम की चीजों और सुख-सुविधाओं को इकट्ठा किया जाए। उसका एक बड़ा उद्देश्य जीवन की समस्याओं का यथार्थ तरीके से समाधान निकालना है। हम यह भी कैसे मानें कि वैज्ञानिक दृष्टिसंपन्न होने का दावा करने वाले बुद्धिजीवी विज्ञान की शिक्षाओं पर चलते हैं। वे वैज्ञानिक दृष्टि-संपन्न कैसे हो सकते हैं? यदि वे सर्वज्ञ होने के अहंकार से भरे हों,उनके शब्द तथा कर्म के बीच दूरी हो और उनमें बौद्धिक सहृदयता नहीं हो सकती। दरअसल उनसे अधिक वैज्ञानिक गांवों-शहरों के वे साधारण लोग हैं जिनमें आज भी 'कॉमन सेंस' और बौद्धिक सहृदयता बहुत ज्यादा है।

-फेसबुक वॉल से

बापू और गोडसे

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

महात्मा गांधी ने सेक्युलर शब्द न कभी कहा और न कही लिखा। वे चाहते थे कि यदि पुनर्जन्म हुआ तो वे हिंदू ही हों। अपने को संकोच नहीं होता था। फिर भी मनसा, वाचा, कर्मणा बापू अप्रतिम सेक्युलर थे। इसीलिए वेदना होती है,रोष भी,जब अधकचरी जानकारी के बूते विकृत बातें पेश की जाती हैं। मसलन तुर्की के खलीफा का समर्थन कर गांधीजी ने भारत में इस्लामी फिरकापरस्ती को खादपानी दिया,पोषित किया। आधुनिक संदर्भ में जब हिंदू-मुस्लिम रिश्तों में विषाक्तता बढ़ रही है। यह विश्लेषण करना होगा कि क्या बापू की यह भूल थी कि इस्लामी दुनिया के खलीफा और तुर्की के अपदस्थ सुल्तान मोहम्मद चतुर्थ को पुनर्प्रस्थापित करने हेतु खिलाफत आंदोलन चलाया जाना चाहिए था? इस्तानबुल स्थित ओटोमन खलीफा ने 1774 से रूस से युद्धोपरांत एक संधि की थी जिससे तुर्की के बाहर बसे मुसलमानों का मजहबी संरक्षक बन गया था। इसके कारण 1880 से भारत के मुसलमानों का भी यह तुर्की सुल्तान अब्दुल हामिद द्वितीय खलीफा बन गया था,किंतु प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी,तुर्की और रूस की ब्रिटेन व अमेरिका द्वारा हरा दिए जाने पर तुर्की की सल्तनत खत्म हो गई। अंग्रेजों ने पराजित सुल्तान का खलीफा पद को अमान्य करार दिया। इससे 1920 से 1924 तक भारतीय मुसलमानों ने मौलाना मोहम्मद अली,उनके भाई मौलाना शौकत अली,मौलाना अबुल कलाम आजाद,डॉ.मुख्तार अहमद अंसारी,बेरिस्टर मोहम्मद जान अब्बासी आदि के नेतृत्व में भारतीय केन्द्रीय खिलाफत समिति बनाई जिसने खलीफा को पुनः स्थापित करने हेतु आंदोलन छेड़ा। गांधीजी इस केन्द्रीय समिति के सदस्य बने और मोतीलाल नेहरू ने उनके कदम का खुला समर्थन किया। मगर मोहम्मद अली जिन्ना ने खलीफा को बचाने का कड़ा विरोध किया। बापू की पुण्यतिथि पर नाथूराम विनायक गोडसे की भी याद अनायास आती है। जिस देश में पंचमी के दिन नाग को दूध पिलाते हों,वहां इसमें अचरज नहीं होगा। आखिर कैसा, कौन और क्या था गोडसे? नाथूराम स्कूल से भागा हुआ छात्र था। नूतन मराठी विद्यालय में मिडिल की परीक्षा में फेल हो जाने पर उसने पढ़ाई बंद कर दी थी। उसका मराठी भाषा का ज्ञान भी अल्प था। अंग्रेजी और इतर भाषाओं की जानकारी तो शून्य ही थी। जीविका हेतु उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। सांगली शहर में दर्जी की दुकान खोल ली थी। उसके पिता विनायक गोडसे डाकखाने में बाबू थे,मासिक आय पांच रुपये थी। नाथूराम अपने पिता का लाडला था,क्योंकि उससे पहले जन्मी सारी संतानें मर गई थीं। नाथूराम के बाद और भी पैदा हुए थे जिनमें था गोपाल,जो नाथूराम के साथ सहअभियुक्त था। लोग अभी भी नाथूराम गोडसे के प्रति थोड़ी बहुत नरमी बरतते हैं,उन्हें इस क्रूर हत्यारे के बारे में प्रमाणित तथ्यों पर गौर करना चाहिए। गांधीजी को मारने के दो सप्ताह पूर्व नाथूराम ने अपने जीवन को काफी बड़ी राशि के लिए बीमा कंपनी से सुरक्षित करा लिया था। जाहिर है उसके मौत के बाद उसके परिवारजन इस बीमा राशि से लाभान्वित होते। (पृष्ठ 18 व 19 : गांधीवध और मैं, लेखकः गोपाल विनायक गोडसे, प्रकाशकः वितस्ता प्रकाशन पुणेः 1982)। ऐतिहासिक मिशन को लेकर चलने वाला व्यक्ति बीमा कंपनी से क्या ऐसा मुनाफा कमाना चाहेगा? अब जानिए गोड्से के परम सखा, फांसी पर लटके नारायण दत्तात्रेय आप्टे को। उसने 29 जनवरी की रात दिल्ली के वेश्यालय में गुजारी थी। ताकत बढ़ाने हेतु। आप्टे और गोड्से ने जेल के भीतर सुविधाओं की मांग की। हम भारतीय सीधी, सरल बात करना कब शुरू करेंगे कि हत्या एक जघन्य अपराध और सिर्फ नृशंस हरकत है। वह भी लुकाटी थामे, एक वृद्ध अधनंगे हिन्दू की जो राम का अनन्य, आजीवन भक्त रहा।

क्या असीम है नेताओं की कार्यक्षमता

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

मानव की आत्मा जिस खोल में रहती है,उसे शरीर या देह कहा जाता है। इसीलिए आत्मा को 'शरीरी' या 'देही' भी कहते हैं। शरीर शब्द का अर्थ ही है कि जो शीर्ण यानी क्षरित होता है। शनैः शनैः उसकी क्षमताएं और सामर्थ्य कम होती जाती है। इसी कारण सेवाओं में एक सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित की गई है। मान्यता है कि तत्समय वह अक्षम हो चुका होगा,अतः उसे सेवा मुक्त कर दिया जाए। अपने देश के संविधान के अनुच्छेद 14 में 'समानता' का सिद्धांत पवित्रता के साथ संरक्षित है। हालांकि जब हम विभिन्न वर्गों की एतत्संबंधी आयु पर दृष्टि डालते हैं तो स्पष्ट रूप से असमानता परिलक्षित होती है। अध्यापन वृत्ति से जुड़े लोगों के लिए यह 65 वर्ष है। सर्वोच्च न्यायालय के जजों के लिए भी यही है। उच्च न्यायालय के जजों हेतु 62 वर्ष है और राजकीय कर्मचारियों के लिए 60 है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए कोई सेवानिवृत्ति आयु नहीं है। वे कितने ही उम्र दराज हो जाए,अशक्त हो जाए,ह्वील चेयर पर चलें,तो भी वे सक्षम और समर्थ हैं। भाजपा ने एक अलिखित नियम बनाया है जिसके अनुसार उनका नेता 75 वर्ष का होने पर सक्रिय राजनीति हेतु अक्षम माना जाता है,जिसे रिटायर होना कह सकते हैं। यद्यपि वह राज्यपाल या सक्रिय राजनीति के अगल-बगल वाले पदों पर रह सकता है। क्या भाजपा का कथित 75 वाला नियम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी लागू होगा, जब वे 17 सितम्बर, 2025 को 75 के हो जाएंगे। ऐसी ही विषमता पेंशन के संबंध में है। सरकारी कर्मचारियों के लिए यह बंद कर दी गई है,लेकिन एमपी,एमएलए आदि व जजों की बरकरार है। सेना में 'अग्निवीर' प्रणाली लाकर इसे खत्म कर दिया गया है। जैसे 'एक देश एक चुनाव' की बयार सरकार ने चलाई है,वैसे ही 'एक सेवानिवृत्ति आयु और पेंशन' नियम भी प्रवृत्त होने चाहिए। संविधान की आत्मा तो यही कहती है।

दि सेकसरिया बिसवाँ शुगर फैक्ट्री लिमिटेड, बिसवाँ (सीतापुर)

(आई0एस0ओ0 9001:2015, 14001:2015 एवं 22000:2018 द्वारा प्रमाणित संस्थान)

समस्त क्षेत्रवासियों, कर्मचारियों एवं किसान भाईयों को नव वर्ष एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें।

Producer of Double Refined Plantation Cane Sugar
(DEFECO- Melt Phosphotation with IER), Ethanol and 32 MW Co-generation Power

"मृदा परीक्षण अवश्य करायें, संस्तुति के आधार पर उर्वरक लगायें"

- "ट्रेन्च विधि से गन्ने की बुवाई करायें, सह फसल के साथ दोहरा लाभ कमायें।"
- "पराली एवं गन्ने की पत्ती न जलायें, ट्रैश मल्चर से जुताई कर जैविक खाद बनायें।"
- "गन्ना प्रजाति को0पी0के0-05191 की बुवाई कदापि न करें, उन्नतशील प्रजाति को0-15023, को0लख0-94184, को0लख0-14201, को0शा0-13235, को0-0118 एवं को0-0238 को अपनायें।"

(रमेश चन्द्र सिंघल) मुख्य अधिशासी

कार्यालय नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद जनपद सीतापुर

पत्रांक :-348/न0प0त0अ0/2023-24 दिनांक 24.01.2024

स्वच्छता ऐप डाउनलोड कीजिए (SWATCHCHAMAHUA)

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

75वें गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2024) के शुभ अवसर पर नगर पंचायत अपने नागरिकों का हार्दिक अभिनन्दन करती है नगर वासियों को समुचित सुविधाएँ उपलब्ध करानेहेतु संकल्पबद्ध होने के साथ-साथ अपने नागरिकों से अपेक्षाएँ रखती है कि

1. स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर को प्रथम स्थान दिल्यने में सहयोग करे।
2. दुकानदार/ग्राहक कपड़े के कैरीबैंग का प्रयोग करें। प्रतिबन्धित पश्वलीथीन का प्रयोग न करें।
3. नगर पालयत की सरकारी भूमि एवं नाला नाली पर अतिक्रमण कदापि न करे।
4. वातावरण को स्वच बनाये रखने हेतु वृक्षारोपण अवश्य करें।
5. हमेशा अपने कबरा संग्राहक को गीला व सूखा कचरा अलग-अलग है।
6. नगर पंचायत में जन्म मृत्यु कापीकरण समय से अवश्य करायें।
7. नगर के सार्वजनिक या सामुदायिक शौचालय मूत्रालय को स्वच्छ बनाये रखें।
8. नगर पंचायत के समस्त कहाँ को समय से अदा करें।

नगर पंचायत आपकी सेवा में सदैव तत्पर है।

प्रदीप कुमार गौतम अधिशासी अधिकारी	समस्त सम्मानित सदस्यगण	तय्यबुन अध्यक्ष

नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद सीतापुर

कार्यालय नगर पंचायत सिधौली, जनपद सीतापुर

पत्रांक :-मेमो/2023-24 दिनांक 24.01.2024

स्वच्छता ऐप डाउनलोड कीजिए (SWATCHCHAMAHUA)

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

नगर पंचायत सिधौली 26 जनवरी, 2024 गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने नागरिकों का हार्दिक अभिनन्दन करती है और अपेक्षा करती है

1 पालीथीन का प्रयोग दण्डनीय अपराध है। इसका प्रयोग कदापि न करें। यदि किसी भी दुकानदार / व्यक्ति को उपयोग करते पाया गया तो उससे अर्थदण्ड वसूल किया जायेगा। पंचायत द्वारा अभियान चलाकर पालीथीन का उपयोग करने / बिक्री करने वालों से जुर्माना वसूल किया जायेगा।
2. गृहकर जलकर व जलमूल्य व विविध लाईसेन्स शुल्क समय पर जमा करना सुनिश्चित करें।
3. जल ही जीवन है। पेयजल का दुरूपयोग कदापि न करें, तया नल की टोटी खुली न छोडे।
4. सड़को/नालियों में इधर-उधर कूडा न फेंके। निर्धारित स्थल पर रखे कूड़ादान में ही कूड़ा डाले तथा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कर्मचारी को ही कूडा दें जिससे अपना नगर अपना घर, गली साफ-सुथरा रहे।
5. खुले में शौच करना दण्डनीय अपराध है। यदि कोई भी व्यक्ति खुले में शीघ्र करते हुए पाया जाता है तो उससे अर्थदण्ड वसूल किया जायेगा।
6. आर0आर0आर0 केन्द्र को निष्प्रयोज्य सामग्री जैसे कपडे, जूते स्टेशनरी आदि दान करें। जिससे आपकी मदद से किसी को सहारा मिले।
7. आप हमें सहयोग देंगें हम आपको समुचित नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु वचनबद्ध है।

नगर आपका है, इसे स्वछ एवं सुन्दर बनाने हेतु अपना अमूल्य सुझाव सदैव देते रहें, जिससे नगर पंचायत बेहतर सेवा नागरिक मूलभुत सुविधाएं प्रदान कर सकें।

समस्त सभासद गण- श्रीमती गीता भार्गव, श्रीमती सरोज देवी, श्रीमती अर्चना देवी, श्री हरिनाम वर्मा, श्री रंजीत यादव, श्री सन्तोष कुमार, श्री गिरीन्द्र त्रिपाठी, श्रीमती सुनीता, श्रीमती रेनू श्री मनीष जायसवाल, श्री दिग्विजय शुक्ला (गुन्नन), श्रीमती आबिदा, श्री अनुराग शुक्ला, श्री संजय।

रेणुका यादव अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सिधौली	गंगाराम राजपूत अध्यक्ष नगर पंचायत सिधौली

कार्यालय नगर पालिका परिषद खैराबाद सीतापुर

पत्रांक :-2695/न0पा0परि0 खैराबाद/ दिनांक 24.01.2024

स्वच्छता ऐप डाउनलोड कीजिए (SWATCHCHAMAHUA)

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद, खैराबाद नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए निवेदन करती है कि

01. यह नगर आपका है। इसे स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखने में अपना सार्थक योगदान दें।
02. जन्म-मृत्यु की सूचना विलम्बतम 21 दिन के अन्दर दर्ज कराकर प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
03. पॉलिथिन का प्रयोग निषिद्ध है। इसके स्थान पर जूट व कपड़े के थैले का प्रयोग करें।
04 नाला-नालियों व सड़क की पटरियों तथा सरकारी /नजूल भूमि पर अतिक्रमण न करें।
05 पथ प्रकाश बिन्दुओं व जलकल की टोटियों को क्षतिग्रस्त होने से बचायें।
06. नाली, सड़क, जलापूर्ति, जलजमाव व साफ-सफाई संबंधी शिकायत टोल फ्री नं0 1533 पर या पालिका स्थित शिकायत प्रकोष्ठ में करें।
07. अपने भवन के गृहकर जलकर, दुकान किराया व लाइसेन्स शुल्क आदि का भुगतान समय से करें।
08. सक्षम प्राधिकारी से मानचित्र की स्वीकृति के उपरान्त ही भवन का निर्माण करायें।
09. निरोगी काया हेतु अपने जीवन में योग, प्राणायाम व ध्यान को नियमित रूप से शामिल करें।
10. अपने भवन व प्लाट के खाली स्थानों पर पौधारोपण करें और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करें।
11. फास्ट फूड बीमारियों की जड़ है अतएव फास्ट फूड के सेवन से परहेज करें।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद खैराबाद सीतापुर	समस्त सभासदगण नगर पालिका परिषद खैराबाद सीतापुर	अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खैराबाद सीतापुर

कार्यालय नगर पंचायत पैंतेपुर-सीतापुर

पत्रांक: 334/न0पं0पै0/अल्प का0नि0सू0/2023-24 दिनांक:- 27 जनवरी 2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद द्वारा नगर पंचायत पैतेपुर जनपद सीतापुर के सिविल कार्य हेतु पजीकृत/ ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि 15 वां वित्त आयोग (टाईड ग्रान्ट) की द्वितीय किश्त के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हेतु दिनाँक 19.02.2024 को समय अपरान्ह 02:00 बजे तक मैनुवल निविदायें आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र की धनराशि नगर पंचायत पैतेपुर के खाता सं0 612480100009992, IFSC CODE-BKIDOARYAGB आर्यावृत बैंक शाखा पैतेपुर में जमा अथवा नगद जमा करके प्राप्त की रसीद निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। मैनुवल निविदाओं के प्रपत्र दिनोंक 19.02.2024 को समय 12:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत पैतेपुर से क्रय किये जा सकती है। तथा समय 02:00 बजे तक निविदाये टेण्डर बाक्स में डाली जायेगी। निविदाओं की जानकारी कार्यालय किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है, यदि किन्ही कारण वस निविदा तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है तो अगले दिन कार्य दिवस में यथावत् निविदायें खोली जायेगी-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	10 प्रतिशत जमानत धनराशि	निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित	कार्य अवधि
01	वेस्ट वाटर मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत मोहल्ला पटटी में अली हसन के प्लाट से तौफीक के मकान के निकट पुलिया तक जल निकासी हेतु नाला निर्माण कार्य। (नाले की ल0-40 मी0 चौ0-2.30 मीटर व ऊ0-1.20 मी0)	4.99	49,900.00	590.00	02 माह
02	वेस्ट वाटर मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत :- मोहल्ला पट्टी में मो0 अहमद के मकान / दुकान के निकट पुलिया से इकरामुद्दीन के मकान तक जल निकासी हेतु नाला निर्माण कार्य। (नाले की ल0-40 मी0 चौ0-230 मीटर व ऊ0-1.20 मी0)	4.99	49,900.00	590.00	02 माह
03	बेस्ट वाटर मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत- वार्ड पुरानी बाजार में मेन रोड सगत निकट छगा की दुकान से विनय कुमार यादव के मकान तक नाला ढकने का कार्य। (ल0-55 मी0, पत्थर चौ0-01 मी0)	2.86	28,600.00	350.00	01 माह
04	बेस्ट वाटर मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत- मोहल्ला जैनी टोला में राम जानकी (मढी मदिर) निकट पुलिया से कन्हैया सैनी के मकान के निकट पुलिया तक जल निकासी हेतु नाला निमार्ण कार्य। (नाले की ल0-40 मी0 चौ0-230 मीटर व ऊ0-1.20 मी0)	4.99	49,900.00	590.00	02 माह

नियम व शर्ते:-

01- निविदाओं को अनिवार्य रूप से जिलाधिकारी महोदय द्वारा जारी अद्यतन वैध हैसियत, चरित्र प्रमाण-पत्र (पी0डब्लू0डी0, टी0-04 व टी0-05) पंजीयन प्रमाण-पत्र, आयकर पंजीयन, पैन, आधार कार्ड, टी0-06 प्रारूप पर शपथ-पत्र की प्रमाणित प्रति, निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा की दशा में उक्त की निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

2- यह कि निविदा धनराशि चालान /RTGS/NEFT/Net Banking के माध्यम से खाता संख्या- 612480100009992, IFSC CODE- BKIDOARYAGB आर्यावृत बैंक शाखा पैतेपुर में अथवा लिपिक, कार्यालय नगर पंचायत पैतेपुर जनपद-सीतापुर के पटल पर जमा करते हुये निविदा शुल्क जमा रसीद प्रपत्रो के साथ जमा करना अनवार्य होगा।

3- निविदा के साथ 10 (दस) प्रतिशत धरोहर धनराशि जो कॉलम नं0-04 में अंकित है, को चालान /RTGS/NEFT/Net Banking के माध्यम से खाता संख्या- 612480100009992, IFSC CODE- BKIDOARYAGB आर्यावृत बैंक शाखा पैतेपुर में अथवा एफ0डी0आर0 जो कि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी किया गया हो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पैतेपुर जनपद-सीतापुर के नाम बन्धक होगा। अन्यथा की दशा में उक्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

04- निविदा स्वीकार करने की वैधता निविदा प्राप्त करने की तिथि से तीन माह (90 दिन) होगी।

05- निविदा स्वीकृति के उपरान्त सम्बन्धित ठेकेदार को कार्यालय नगर पंचायत पैतेपुर जनपद-सीतापुर में वर्ष 2023-24 हेतु पंजीकरण / नवीनीकरण कार्यालय के नियम एवं शर्तो के अनुसार कराना अनिवार्य होगा। अन्यथा उनकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

06- चरित्र एवं हैसियत प्रमाण-पत्र अनुबन्ध गठित होने तक वैध होना चाहिये अन्यथा निविदा न्यूनतम दरों पर प्राप्त होने पर भी निरस्त कर दी जायेगी।

07- अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत पैतेपुर जनपद-सीतापुर द्वारा बिना कोई कारण बताये एवं नोटिस दिये एक या समस्त निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार निहित है।

08- सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

09- कार्य निर्धारित समय के अन्दर पूर्ण न करने पर नियमानुसार आर्थिक दण्ड लगाया जायेगा। जिस पर कटौती ठेकेदार के बिल से अथवा जमा जमानत धनराशि से की जायेगी।

10- अपूर्ण अथवा सही ढंग से न भरी गयी निविदायें स्वीकार नही की जायेगी।

11- अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पैतेपुर जनपद-सीतापुर को विशेष परिस्थितियो मे आवश्यकतानुसार दण्ड आरोपित करने अथवा बिना कोई दण्ड आरोपित किये समय वृद्धि करने का अधिकार होगा।

12- शासनादेश संख्या-1319/नौ-9-21-45ज/21 नगर विकास अनुभाग-7 दिनांक 30 जून 2021 की बिन्दु सख्या- 5 प्रस्तर संख्या-5.8 के अनुसार निर्माण होने के पश्चात् 01 वर्ष तक अनुरक्षण व रखरखाव की जिम्मेदारी ठेकेदार/ फर्म की होगी। परियोजना लागत की 10(दस) प्रतिशत जमानत धनराशि के रूप में 01 पूर्व रोकने के उपरान्त कार्य के समुचित रखरखाव होने की दशा में अवर अभियंता सिविल की सतोषजनक आख्या के आधार पर जमानत धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

13- किसी विवाद की दशा में अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पचातय पैतेपुर जनपद-सीतापुर का निर्णय अन्तिम होगा। जो उभय पक्ष को मान्य होगा।

14- ठेकेदार के बिल से शासन के निर्देशानुसार देय करो की नियमानुसार कटौती की जायेगी जो ठेकदार को मान्य होगा।

15- स्वीकृत आगणन दर से न्यूनतम/अधिक दर निविदा डालने वाले निविदा दाता को न्यूनतम/ अधिक दर पर कार्य/आपूर्ति करने का तकनीकी जस्टीफिकेशन साथ में सलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा यह समझा जायेगा कि निविदा मात्र निविदा प्रकिया बाधित करने हेतु डाली गयी है। ऐसी निविदा मान्य नही होगी।

16- शासनादेश संख्या- 609/नौ-9-2007-249ज/06 दिनांक 26.02.2007 के अनुसार राज्य बार कौंसिल में पंजीकृत किसी भी अधिवक्ता को ठेकेदारी में प्रतिभाग करने का अधिकार न होगा।

17- ई-निविदा दाता द्वारा विभागीय लागत से कम लागत की निविदा डालने की दशा में शासनादेश संख्या-11593/नौ-5-14सा/2021 दिनाँक 07.01.2022 के अनुसार 10 प्रतिशत तक निम्न दर प्राप्त होने पर 03 प्रतिशत की अतिरिक्त धनराशि जमानती धनराशि परफॉर्मेस गारण्टी के रूप में एवं 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर तक होने पर 05 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत को जमा करने के उपरान्त ही अनुबन्ध गठित किया जायेगा। ई-निविदा दाता द्वारा निर्धारित अवधि में उक्त धनराशि जमा न किये जाने किये जाने पर उसकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

18- कार्य समाप्ति के उपरान्त अतिरिक्त परफार्मेस सिक्योरिटी जो की 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर तक होने पर 0.5 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत है को अवमुक्त कर दिया जायेगा। परफॉर्मेस सिक्योरिटी जो कि 03 प्रतिशत अनिवार्य है को कार्य समाप्ति के 03 (तीन) वर्ष तक अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पैतेपुर जनपद-सीतापुर के नाम अनुरक्षण/रखरखाव हेतु बन्धक रहेगी। उक्त धनराशियों अवर अभियंता सिविल नगर पंचायत पैतेपुर की सतोषजनक आख्या के आधार पर अवमुक्त की जायेगी।

19- निर्माण कार्य हेतु उल्लिखित आगणन की दरे जल निगम / डी0डब्लू0डी0 द्वारा निर्धारित है उक्त आंगणन में किसी प्रकार की भिन्नता/अन्तर की स्थिति में पी0डब्लू0डी0 उ0प्र0 द्वारा निर्धारित दरों पर ही आकलित किया जायेगा।

20- कार्य स्थल का निरीक्षण निविदा दाता को टेण्डर लेने के पूर्व करना होगा बाद में किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

21- कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई बढ़ाई जा सकती है। तद्नुसार ठेकेदार को भुगतान किया जायेगा।

22- ठेकेदार को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, कार्य की प्रगति के दौरान तथा कार्य समाप्ति के उपरान्त कार्य स्थल का फोटोग्राफ एक ही स्थान व आंक्षाश व
देशान्तर सहित कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

23- ठेकेदार/फर्म द्वारा कार्यो हेतु निर्धारित लागत के सापेक्ष 60 प्रतिशत का एकमुश्त अथवा 50 प्रतिशत के 02 (दो) नग अथवा 40 प्रतिशत के 03 (तीन) नग किसी भी राजकीय/ अर्द्धसरकारी संस्था द्वारा जारी अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

24- निविदा में सम्मिलित कार्यो की निर्धारित अवधि में पूर्ण न होने पर तर्कसंगत आधार पर नियमानुसार समय में वृद्धि की जा सकेगी।

25- यदि निविदा डालने की अन्तिम दिनों तक को किसी कारण वश कोई अवकाश घोषित हो जाता है तो निविदा अगले दिन तक डाली व खोली जायेगी, निविदा डालने से पूर्व आगणन व कार्य स्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें।

26- निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री का सैम्पल परीक्षण पी0डब्लू0डी0/किसी सरकारी तकनीकी संस्थान से कराने (जिसका व्यय भार ठेकेदार/फर्म द्वारा वहन किया जायेगा) के पश्चात ही कार्य का अन्तिम भुगतान किया जायेगा। आवश्यकता पड़ने पर नगर पंचायत पैतेपुर जनपद-सीतापुर द्वारा भी कार्य स्थल से सामग्री का सैम्पल एकत्र कर तकनीकी संस्थान से जाँच करायी जा सकती है। जिसकी धनराशि ठेकेदार के बीजक से काटी जायेगी।

27- कार्य सतोषजनक पाये जाने पर ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।

28- कार्य स्थल पर राज्य स्तरीय स्टाक फोर्स द्वारा नियत डिस्प्ले बोर्ड पर कार्य का पूर्ण विवरण, कार्यदायी सस्था का नाम कार्य प्रारम्भ होने की सम्भावित तिथि आदि का उल्लेख किया जायेगा।

29- निविदा दाता को किसी भी सस्था द्वारा काली सूची में न होने का शपथ-पत्र देना अनिवार्य होगा।

30- किसी भी प्रकार के वाद-विवाद की स्थिति में वैधानिक क्षेत्र जनपद-सीतापुर का होगा।

31- धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क की मूल प्रति तकनीकी विडस के समस्त अभिलेखो की मूल प्रति/छायाप्रति (जो वांछित हो) के साथ सलग्न कर कार्यालय नगर पंचायत पैतेपुर जनपद-सीतापुर में तकनीकी निविदा खुलने से एक दिन पूर्व तक कार्य दिवस में प्रस्तुत करना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में उक्त की निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

32-निविदा दाता को नियमानुसार 100/-रुपये स्टाम्प पेपर निर्धारित प्रारूप पर स्व घोषणा-पत्र इस आशय का कि निविदा के साथ सलग्न समस्त अभिलेख पूर्व एव सत्य है, नोटरी द्वारा सत्यापित कराकर देना होगा।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पैतेपुर, सीतापुर	अध्यक्ष नगर पंचायत पैतेपुर, सीतापुर

भाजपा के सत्ता में आने के बाद दंगामुक्त हुआ प्रदेश

किया दावा

- बाराबंकी में जल शक्ति मंत्री ने कुड़वा (बल्लोपुर) का नाम बदलने का दिया आश्वासन

सूरतगंज, बाराबंकी

पंचमुखी बालाजी हनुमान मंदिर का उद्घाटन करते जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

अमृत विचार : प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को यहां कहा कि भाजपा सरकार में धार्मिक स्थलों के विकास के साथ श्रद्धालुओं की आस्था का पूरा सम्मान किया जा रहा है। वर्ष 2014 के पहले की सरकारों के कार्यकाल में फाइव स्टार होटलों में तो कभी धार्मिक स्थलों में बम ब्लास्ट होते थे। भाजपा के सत्ता में आने के बाद प्रदेश दंगामुक्त हो गया है। सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर केंद्र और प्रदेश सरकार कार्य कर रही हैं

जल शक्ति मंत्री इलाके के कुड़वा बल्लोपुर स्थित पंचमुखी बालाजी हनुमान मंदिर परिसर में मंगलवार को 31 फीट ऊंचे शिवलिंग स्वरूप मंदिर का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने राघव दास महाराज की मांग पर कुड़वा (बल्लोपुर) के नाम को बदलकर भरत नगर रामेश्वर रखने का आश्वासन दिया। सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने चहलारी घाट से गणेशपुर तक सरयू नदी तटबंध पर पक्की सड़क बनवाने के लिए मंत्री से मांग की। उन्होंने कहा कि पक्की सड़क बन जाने से सीतापुर से अयोध्या जाने वाले लोगों की कम से कम 60 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी, तो वहीं पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने सूरतगंज से हेतमापुर संपर्क मार्ग का चौड़ीकरण करवाने के लिए निवेदन किया। साधु-संतों का काफिला पहले से ही मौजूद रहा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्या, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत, सूरतगंज ब्लॉक प्रमुख लकी सिंह, रामनगर ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

बिना सामान आने वालों को जल्दी दर्शन देंगे रामलला

अयोध्या, अमृत विचार : रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद से भक्तों का तांता लगा हुआ है। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए कई प्लान बनाए गए हैं। मजिस्ट्रेटों की तैनाती भी कर दी गई है। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने मंगलवार को बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्री रामलला के दर्शन के लिए एक डेडिकेटेड फास्ट लेन विकसित कर ली है जो दर्शनार्थी बिना सामान के (जूता-चप्पल, घड़ी, मोबाइल या अन्य) के आ रहे हैं, उन्हें सीधे फास्ट लेन में प्रवेश दिया जाएगा। इस व्यवस्था से उन्हें कम से कम समय में श्री रामलला के दर्शन प्राप्त हो सकेंगे। शेष अन्य जो दर्शनार्थी है जिनके पास समान होगा उनके लिए अलग लाइन होगी जो पीएफसी में सामान जमा कराते हुए होगी।

किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की कैद

बाराबंकी, अमृत विचार : दलित किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के अभियुक्त को अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने मंगलवार को दोषी मानते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

मामला नगर कोतवाली इलाके के एक क्षेत्र का है। पांच वर्ष पहले 19 जून 2018 को पीड़ित मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि क्षेत्र का ही रहने वाले शकील अहमद ने उसकी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म किया। पुलिस ने दुष्कर्म, धमकी, पॉक्सो एक्ट व एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया। मामले की विवेचना कर रहे तत्कालीन सीओ सिटी सुशील कुमार सिंह ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा। मामले की सुनवाई कर रही अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश की अदालत ने अभियुक्त शकील अहमद को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

हनुमानगढ़ी में अब शुद्ध देशी घी और बेसन के लड्डुओं का ही चढ़ावा

सीएम से बातचीत के बाद लिया गया फैसला, वनस्पति घी से बने प्रसाद का नहीं होगा निर्माण

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : मुख्यमंत्री द्वारा सोमवार को हनुमानगढ़ी के दर्शन के दौरान लड्डू प्रसाद की शुद्धता की अपील पर हनुमानगढ़ी की सभी पट्टी और व्यापारी आगे आए हैं। विभिन्न पट्टियों की बैठक में मंगलवार को निर्णय लिया गया कि हनुमानगढ़ी पर अब शुद्ध देसी घी व बेसन से निर्मित लड्डू प्रसाद का ही चढ़ावा होगा। इसे बंसत पंचमी से लागू किए जाने पर सहमति भी बन गई है।

हनुमानगढ़ी मंदिर के मुख्य महंथ गद्दीनशीन प्रेम दास की अध्यक्षता में चारों पट्टी के महंतों के साथ मुख्य प्रसाद विक्रेताओं के साथ सामंजस्य बनाकर दो बैठक भी हो चुकी है। गद्दीनशीन प्रेम दास ने स्थानीय दुकानदारों को आदेशित करते हुए कहा है कि अब हनुमान गढ़ी मंदिर में शुद्ध देशी घी से बने प्रसाद ही मंदिर में चढ़ाए जाएंगे। गद्दीनशीन के इस फैसले का स्वागत सभी पट्टी के महंतों व दुकानदारों ने किया है। बैठक में हरिद्वारी पट्टी के महंथ मुरली दास, बसन्तिया पट्टी के महंथ रामचरण दास, उज्जैनिया पट्टी से प्रतिनिधि के तौर पर नंदराम दास, सागरिया पट्टी से प्रतिनिधि के तौर पर ज्ञान दास के शिष्य संजय दास, गौरी शंकर दास के अलावा रामशंकर दास, राजेश पहलवान, आदि मौजूद रहे।

हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

लड्डू प्रसाद की गुणवत्ता के लिए लिया गया है निर्णय

पुजारी हनुमानगढ़ी मंदिर के पुजारी हेमंत दास ने बताया कि लड्डू प्रसाद की गुणवत्ता सुधार के लिए अखिल भारतीय पंच रामानंदीय निर्वाणी अखाड़ा के फैसला लिया गया है। जिसके तहत अब हनुमानगढ़ी पर शुद्ध चने के बेसन और शुद्ध देशी घी के लड्डू चढ़वाने का फैसला किया गया है। बताया कि वनस्पति घी से बने प्रसाद की बिक्री एवं उत्पादन दुकानदार नहीं कर सकता है।

थाईलैंड के राजदूत पहुंचे राजसदन में हुआ स्वागत

अयोध्या, अमृत विचार : थाईलैंड के राजदूत डॉ. परविंदर सिंह मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। उनका राजसदन में राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य राजा विमलेद्र मोहन प्रताप मिश्र ने स्वागत कर उनको हर प्रकार से सहयोग का आश्वासन दिया। रामलला के दर्शन करने के बाद विदेशी मेहमान ने अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह व अयोध्या विकास परिषद के एक्सईएन ओम प्रकाश पांडेय से भी मुलाकात की। उन्होंने भूमि विकास गृह स्थान व बाजार योजना के अंतर्गत भूखंड आवंटित करने के संबंध में पांच एकड़ भूमि के लिए थाईलैंड सरकार की तरफ से मांग पत्र दिया। थाईलैंड के राजदूत डॉ. परविंदर सिंह ने कहा कि रामलला का दर्शन-पूजन कर जीवन धन्य हो गया। रॉयल थाई मठ बुद्ध गया के मुख्य मठाधीश फ्रादम बोधिवोंग के प्रतिनिधि भी रहे।

गृहमंत्री अमित शाह के मामले में बयान दर्ज

सुलतानपुर, अमृत विचार :

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस की सुनवाई में मंगलवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र का बयान दर्ज किया गया। कोर्ट ने शेष गवाहों के बयान के लिए 17 फरवरी की तारीख नियत किया है। बता दें कि यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

श्रद्धालुओं से रेट बढ़ाकर मांगना पड़ेगा महंगा

अयोध्या कार्यालय

निर्णय

- होटल व्यवसायियों व धर्मशाला प्रतिनिधियों को मिले सख्त निर्देश
- शबरी रसोई का बिल वायरल होते ही चेता प्रशासन

अमृत विचार : रामनगरी की शबरी रसोई के चाय और टोस्ट का बिल सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिला प्रशासन चेत गया है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को इस तरह की लूट का सामना न करना पड़े, इसके लिए जिलाधिकारी नितीश कुमार ने मंगलवार को व्यवसायियों को रेट बढ़ाकर न लेने के सख्त निर्देश दिए हैं।

कलक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को होटल व्यवसायियों व धर्मशाला प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए नितीश कुमार ने कहा कि अयोध्या एक धार्मिक व अध्यात्मिक पर्यटन नगरी के रूप में विश्व पटल पर प्रसिद्धि पा रही है। यह सांस्कृतिक राजधानी के रूप में उभरा है। श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत अयोध्या धाम में श्रद्धालु व पर्यटकों की आवक में तीव्र वृद्धि हुई है। यहां आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को ठहरने व आवागमन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना सभी का कर्तव्य है। यह सुनिश्चित किया जाए कि अयोध्या धाम आने वाले किसी भी पर्यटक व श्रद्धालु से किसी भी होटल व्यवसाय द्वारा रेट बढ़ाकर न लिए जाएं। उन्होंने सभी होटल व धर्मशाला के मालिकों को अपने-अपने होटल, धर्मशाला का रेट लिस्ट व प्राइस बैंड को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ठहरने के लिए दिए जाने वाले कमरे में सुविधाएं यथा-वाहन, भोजन आदि अर्थात पैकेज में सम्मिलित समस्त सुविधाओं का स्पष्ट उल्लेख करने का निर्देश दिया है। होटल व्यवसाइयों ने आश्वस्त किया कि निर्देशों का बेहतर ढंग से अनुपालन किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, सिटी मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार रहे।

पीएम आवास लाभार्थी के बयान दर्ज जांच शुरू

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : अमृत विचार : प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थी से रुपये मांगने की शिकायत के बाद गांव पहुंचे डीसी मनरेगा ने उसके बयान दर्ज किए। लाभार्थी ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार से की थी। मंगलवार को जिला उपायुक्त मनरेगा बृजेश त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी रामनगर विजय सिंह के साथ सिलौटा ग्राम पंचायत के बबुरिहा पहुंचे। उन्होंने शिकायतकर्ता राजित राम व लाभार्थी संजू के बयान दर्ज किए। बता दें कि आवास की लाभार्थी संजू देवी के पति राजित राम ने ग्राम प्रधान सिलौटा के पति विनोद यादव पर आवास के निर्माण के लिए मिले 40 हजार रुपये की पहली किस्त में से 25 हजार जबरन लेने व दूसरी किस्त में 10 हजार रुपये और मांगने के विरोध पर लाभार्थी की पिटाई करने का आरोप लगाया था। इस मामले में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर प्रधान सहित चार लोगों पर सोमवार को स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। डीसी मनरेगा ने भी मंगलवार को गांव पहुंचकर जांच-पड़ताल की। इस दौरान संयुक्त बीडीओ नंदकुमार पांडेय, एडीओ आईएसबी जयराम वाल्मीकि, सचिन आदि मौजूद रहे।

बर्तन कारोबारी से हड़पे 40 लाख रुपये, एफआईआर

कानपुर, अमृत विचार : दानाखोरी निवासी अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि उनका बाला जी स्टील के नाम से बर्तन का कारोबार है। राजेश कुमार वर्मा निवासी गड़रिया मोहाल आनंदेश्वर मेटल सेंटर के नाम से व्यापार करते थे। उन्होंने 16 जनवरी 2022 से लेकर 27 जनवरी 2023 तक विभिन्न तिथियों में नेफ्ट के जरिए 40 लाख रुपये लिए थे। इसके एवज में गड़रिया मोहाल के मकान हक में रजिस्टर्ड बैनामा करने को कहा। आरोप है कि रुपये लेने के कुछ दिन बाद आरोपी सपरिवार कानपुर छोड़कर पालघर महाराष्ट्र चले गए। वह पालघर महाराष्ट्र स्थित उनके निवास पर 8 सितंबर 2023 को गए तो राजेश ने बेटे हिमांशु के साथ मिलकर धमकाया।

विदेशी मेहमानों ने लिया भारतीय भोजन का स्वाद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: हड़ियाकोल के जंगल में रेठ नदी के तट पर स्थित स्वामी रामदास जी महाराज स्मृति चिकित्सालय (धर्मार्थ) में मंगलवार को निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शुरू हुए। रोहतक पीजीआई के डॉ. रमेश हुड्डा ने अपनी टीम के साथ मरीजों को आपरेशन के लिए चयनित किया। सीता रसोई में विदेशी मेहमान भारतीय भोजन कर अभिभूत दिखे।

आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि मंगलवार को सैफेई मेडिकल कालेज इटावा से आपट्रोमैट्री (नेत्र सहायक) की पढ़ाई कर रहे 12 छात्र यहां मदद करने पहुंचे। बाराबंकी डॉ.वेलफेयर एसोसिएसन की तरफ से डॉ. विनय जैन ने अपनी टीम के साथ देश भर से आये हुए सेवाभावी डॉक्टरों का माल्यार्पण कर सम्मान किया। अमेरिका से आये जानब्राक्शो की टीम से आस्ट्रेलिया से भी एक सदस्य एलेक्स एनडर भी जुड़ गये। जानब्रोक्शो के टीम में मिस्टर जेमी एसटेवल अमेरिका, मिसेज मेलिशा न्यूजीलैंड ने सीता रसोई में जाकर चूल्हे पर रोटी कैसे बनती है, यह देखा। रोटी बनाने की विधि की भी जानकारी ली। जानब्राक्शो ने कहा कि हम लोगों ने कभी चूल्हे की रोटी नहीं खाई अमेरिका में केवल ब्रेड खाते है इतना स्वादिष्ट भोजन हम लोगों ने कभी नहीं किया।

स्वामी रामदासजी महाराज चिकित्सालय की सीता रसोई में भोजन करते विदेशी मेहमान।

गांधीजी ने विश्व में बढ़ाया भारत का सम्मान :गोप

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: गांधी भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार राहुल देव थे।

आजादी के नायक महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए दिन में 11 बजे सभी ने एक मिनट मौन रहकर उनको श्रद्धांजलि दी। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि राहुल देव, शीतल सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने महात्मा गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्षता पूर्व विधायक सरवर अली ने की।

शीतल पी. सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी पूरे जीवन सत्य और अहिंसा का प्रयोग करते रहे। गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने भी संबोधित किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कहा कि महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ाया। आलापुर स्थित रेठ नदी पर शाम 5:17 बजे गांधीजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी और दीपदान किया गया। कार्यक्रम में आप्रवासी भारतीय जिया चौधरी, मो. उमैर किदवाई, विनय सिंह, अताउर्रहमान, मृत्युंजय शर्मा, पाटेश्वरी प्रसाद, सभासद अश्वनी शर्मा, अशोक शुक्ला, हुमायूं नईम खान आदि मौजूद रहे।

अतिथियों को सम्मानित करते गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा।

कांग्रेस ने निकाली न्याय यात्रा, दी श्रद्धांजलि

बाराबंकी, अमृत विचार : महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी भवन तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली। इस अवसर पर पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने कहा कि भाजपा सरकार में गांधीजी के विचार और संविधान खतरे में है। इसे बचाने के लिए राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। मंडलीय प्रभारी प्रदेशीय उपाध्यक्ष सुशील पासी, प्रदेशीय महासचिव तनुज पुनिया व अन्य मौजूद रहे।

वर्ग पहेली-328

बाएं से दाएं

4. ढोलक बजाने वाला व्यक्ति, ढोलची, ढोलवादक।
8. एक रोग जिसमें पैर फूलकर हाथी के पैर की तरह हो जाता है, फीलपा।

ऊपर से नीचे

1. 1. हींग 2. लाख 3. त्वचा पर का जन्मजात चिह्न।
2. 1. आकस्मिक, कभी-कभार होने वाला 2. अवसरपरक
3. 1. मंदिर में किसी देवी-देवता की मूर्ति का शृंगार करने वाला व्यक्ति 2. पुजारी।
5. 1. आमोद-प्रमोद 2. ख़ुशी का भाव, उल्लास।
6. 1. पूजने की क्रिया 2. देवी
7. 1. थोड़े समय के लिए कोई वस्तु दिखने की अवस्था या भाव 2. झलक 3. झांई 4. आंख के कोने से देखना, कनखी।



वर्ग पहेली - 327 का हल

1 हु	2 मा	यूँ	■	3 शि
■	यू	■	4 जी	ली
■	5 स	रा	व	गी
■	■	■	लो	■
■	6 घ	7 म	क	ना
■	■	सू	■	8 थो
9 ओ	गा	र	ना	ड़ा

सुडोकू-45

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		2				8		
		1	5					7
	3			8		9		4
		5	2			7		8
	8						9	
2		9			6	1		
7		3		9			8	
					1	5		
		6				3		

सुडोकू - 44 का हल

5	8	9	1	4	3	6	2	7
4	2	1	9	7	6	3	8	5
6	3	7	2	5	8	1	9	4
8	6	2	4	3	7	9	5	1
7	9	4	5	8	1	2	6	3
3	1	5	6	9	2	4	7	8
2	4	3	7	6	5	8	1	9
1	7	8	3	2	9	5	4	6
9	5	6	8	1	4	7	3	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 जनवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 11.36 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-कोई नहीं। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-11.58-12.42 तक।
दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 1 फरवरी 01.08 तक तत्पश्चात चित्रा।

मेष — आज सोशल मीडिया का व्यावसायिक प्रयोग लाभप्रद सिद्ध होगा। मौसम में आ रहे बदलावों के कारण तेज बुखार और सिरदर्द की समस्या की आशंका है। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

वृष — आज दोपहर के बाद स्थिति सामान्य होगी। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। इंजीनियरिंग के छात्रों की पढ़ाई में काफी बाधाएं आएंगी। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ मैत्री संबंध स्थापित करने से बचें। घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

मिथुन — आज कमीशन के कारोबार से जुड़े लोग सावधान रहें। किसी से असहमत होने पर उसका अपमान न करें। अप्रत्यक्ष रूप से आपके दुश्मन खड़े हो सकते हैं। अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए दिन बहुत अच्छा है।

कर्क — आज कारोबारी यात्रा हो सकती है। बेरोजगार युवा नौकरी के लिए इंटरव्यू दे सकते हैं। पुराने निवेश से आपको अचानक लाभ प्राप्त होगा। दिन का प्रारंभिक हिस्सा आपके लिए बेहद शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन को लेकर रुचि जागृत होगी।

सिंह — आज फाइनेंस संबंधी कार्यों में अपेक्षानुसार परिणाम नहीं मिलेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर अधीर न रहें। भविष्य की योजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। आपके द्वारा बोले गए वचनों से प्रियजनों का मन व्यथित न हो इसका ध्यान रखें।

कन्या — आज आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणा रहेगा। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आएगी। जीवन के प्रति आपका दृष्टिकोण काफी सकारात्मक होगा। नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं, तो उसके लिए अपना टीम मैनेजमेन्ट सुनिश्चित कर लें।

तुला — आज लोग आपके ऊपर बेवजह के आरोप लगा सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें। बाधाओं के साथ काम आगे बढ़ेंगे। किसी मित्र को उधार देना पड़ सकता है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को अधिकारी की डांट खानी पड़ सकती है।

वृश्चिक — आज इंटरनेट के माध्यम से कुछ सीखने-पढ़ने का प्रयास करेंगे। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती है। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी, इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें।

धनु — आज सरकारी मामलों में सावधानी बरतें। करियर को लेकर चिंता के भाव उत्पन्न होंगे। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। एकांतवास में रहने से मन हल्का होगा। लोग आपकी प्रतिभा और क्षमताओं का सम्मान करेंगे।

मकर — आज पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। गुप्त प्रेम संबंधों के खुलने का भय हो सकता है। तनाव लेने के बजाय विवेक और धैर्य से काम लेना उचित होगा। धर्म-कर्म को लेकर मन में विपरीत विचार उत्पन्न हो सकता है।

कुंभ — आज किसी से व्यर्थ में न उलझे। दूसरों के काम में टोका-टाकी करना उचित नहीं है। अपना चरित्र अच्छा रखें। विवाह सुख में कुछ न्यूनता रहेगी। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं। व्यस्तता के बावजूद अपने काम पर ध्यान दें।

मीन — आज भोगवादी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे। विवाहेतर संबंधों को यथासंभव टालने का प्रयास करें। आपको पर्याप्त मात्रा में नींद लेनी चाहिए। जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट करेगा। बिजनेस के नए अवसर मिल सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- तकदीर का तमाशा — सुबह : 10.00
- रंग — रात : 07.00

SONY MAX
- सेटर्स — सुबह : 10.46
- केजीएफ : चेप्टर 2 — रात : 09.02

SONY PIX
- मॉन्स्टर हंटर — सुबह : 09.54
- स्पाइडर मैन 2 — रात : 08.45

ZEE CINEMA
- आवारापन — सुबह : 10.30
- रावणासुर — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- दस — सुबह : 09.53
- मोतीचूर चकनाचूर — रात : 10.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-09.02 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक हैंडसम लड़का क्लास में आया तो सारी लड़कियां देखते ही दीवानी हो गई।
लेकिन आते ही लड़के ने एक ऐसी बात कही की सब लड़कियां बेहोश हो गई।
सोचो लड़के ने क्या कहा होगा सोचो सोचो ...
लड़के ने कहा थोड़ी जगह देना बहन जी झाड़ू लगाना है।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया।
लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे...

5 फरवरी को पेश किया जा सकता है बजट प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कार्यमंत्रणा समिति की बैठक अब एक फरवरी को

अमृत विचार : राज्य विधानमंडल में सरकार पांच फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश कर सकती है। दो फरवरी को विधानमंडल सत्र के पहले दिन विधानसभा और विधान परिषद के संयुक्त सदन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का अभिभाषण होना है। तीन फरवरी को शनिवार के दिन भी सदन की बैठक होगी।

बैठक में भाजपा विधायक मानवेंद्र सिंह और सपा विधायक एसपी यादव के निधन पर शोक प्रस्ताव पारित कर कार्यवाही स्थगित की जाएगी। सरकार की ओर से 5 फरवरी यानी सोमवार को बजट प्रस्ताव दोनों सदनों में पेश किया जा सकता है।

विधानमंडल के बजट सत्र के आयोजन के लिए विधानमंडल की सर्वदलीय बैठक और विधानसभा की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक अब एक फरवरी को होगी। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने बैठक की तारीख में संशोधन का आदेश मंगलवार को जारी किया। पहले कार्यमंत्रणा समिति की बैठक 31 जनवरी को प्रस्तावित थी।

रांची लौटे सोरेन ने की विधायकों के साथ बैठक

रांची, एजेंसी

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पते ठिकाने को लेकर बने असमंजस के बीच रांची में आधिकारिक आवास पहुंचे और सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों की बैठक की अध्यक्षता की। दूसरी ओर ईडी की कार्रवाई को लेकर उनकी पार्टी झामुमो और भाजपा के बीच वाकयुद्ध शुरू हो गया। ईडी धनशोधन के मामले में बुधवार को सोरेन से पूछताछ करेगी।

ईडी के एक दल ने सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन से पूछताछ के लिए उनके दिल्ली स्थित आवास पर छापा मारा था।

हालांकि अधिकारियों ने दावा किया था कि उनका कुछ अता-पता नहीं था।

सोरेन (48) के करीबी सूत्रों ने बताया कि वह सड़क मार्ग से 1,250 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करके दिल्ली से रांची पहुंचे। उन्होंने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद रांची में संवाददाताओं से कहा कि मैं आपके दिलों में रहता हूं। वह अपनी अनुपस्थिति

संकट में सोरेन

▸▸ प्रवर्तन निदेशालय आज करेगा झारखंड के मुख्यमंत्री से पूछताछ

के संबंध में एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सभी राष्ट्रपिता के पदचिन्हों और विचारधाराओं का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें गर्व है कि ऐसे लोग हमारे बीच पैदा हुए और हमारा मार्गदर्शन किया। सूत्रों के मुताबिक सोरेन ने राज्य की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री आवास पर गठबंधन के विधायकों की बैठक की। सोरेन के कार्यालय द्वारा 'एक्स' पर साझा की गई तस्वीरों और वीडियो में विधायक और मंत्री बैठक में भाग लेने से पहले मुख्यमंत्री का अभिवादन करते दिख रहे हैं। बैठक में सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। इससे पहले, राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर निरंतर नाराजगी व्यक्त करने वाले राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने स्थिति का जायजा लेने के लिए मुख्य सचिव लालबियाक्तलुआंगा खियांग्ते और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय कुमार सिंह को राजभवन में बुलाया। डीजीपी से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य भर में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है और 7,000 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

31 से पहले ही क्यों पहुंच गई ईडी : भट्टाचार्य

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के सोमवार को दिल्ली में झारखंड के मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पहुंचने पर सवाल उठाया। झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पूछा कि जब राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय को अपना बयान दर्ज करने के लिए बुलाया था, तो वे कल दिल्ली में उनके आधिकारिक आवास पर क्यों पहुंचे? उन्होंने कहा कि क्या यह ईडी और बाबूलाल (मरांडी) जी द्वारा योजनाबद्ध नहीं था? वे उनके साथ एक अपराधी की तरह व्यवहार कर रहे हैं, लेकिन मैं बताना चाहूंगा कि हमारे मुख्यमंत्री किसी से नहीं डरते।

अब झारखंड के बाहर जाने की नहीं सोचेंगे सोरेन : मरांडी

भाजपा की झारखंड इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर लिखा कि 28 जनवरी की देर रात अपने दिल्ली स्थित आवास से पैदल भागे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लगभग 40 घंटे बाद सुरक्षित रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास लौटने से लोगों ने राहत की सांस ली। मरांडी ने कहा कि दिल्ली के बारे में भूल जाइए, ऐसा लगता है कि हेमंत जी निकट भविष्य में सड़क या हवाई मार्ग से तो दूर, झारखंड की सीमा पार कहीं भी जाने के बारे में सपने में भी नहीं सोचेंगे। वहीं झामुमो ने कहा कि वह सोरेन की अनुपस्थिति को लेकर उनको बदनाम करने के लिए मरांडी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराएगी। सोरेन के आवास से ईडी द्वारा बरामद नकदी का उल्लेख करते हुए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने आश्चर्य जताया कि क्या मुख्यमंत्री 50 घंटे लापता रहकर अपने करोड़ों रुपये छिपा रहे हैं। सोरेन पर कटाक्ष करते हुए भाजपा सांसद ने दावा किया कि उनके पिता शिबू सोरेन भी केंद्रीय मंत्री रहते हुए 21 दिनों तक लापता हो गए थे और अब पुत्र ने भी उनके इस तरह के गुणों को अपना लिया है।

एक नजर

राजस्थान के स्वर्णिम युग का हुआ उदय : जोशी

जयपुर : राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने सोमवार को कहा कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) में राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकारों में पानी के बंटवारे के समझौते के बाद इस योजना का मसौदा तय होने से एक स्वर्णिम युग का उदय और सर्वांगीण विकास होगा। वे प्रदेश कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश की जनता से जो वादा किया था उसे पूरा किया है। यही कारण है कि देश की जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। इस समझौते से 20 वर्षों से चल रहे विवाद का खात्मा हुआ।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद पर सुनवाई 22 फरवरी को

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा के श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में मंगलवार को हुई सुनवाई में सीपीसी की धारा 151 के साथ पठित आदेश VII नियम 11(डी) के तहत वर्तमान वाद की पोषणीयता पर सवाल उठाए गए। इसके बाद दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की सहमति से पोषणीयता पर सुनवाई सुनिश्चित की गई, जिससे कोर्ट के लिए मूल मुकदमों पर आगे बढ़ना आसान हो सके। इसके साथ ही कोर्ट ने हिंदू पक्ष को आगामी 6 फरवरी तक उन मामलों पर अपनी आपत्तियां दर्ज करने का निर्देश दिया, जिन पर अभी तक आपत्तियां दर्ज नहीं हुई हैं, साथ ही विपक्षियों को उन मुकदमों में 13 फरवरी तक अपना लिखित बयान दाखिल करने का निर्देश दिया है, जिसमें आवश्यकता अनुसार अब तक बयान दर्ज नहीं किए गए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। अंत में कोर्ट ने सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश VII नियम 11 के तहत आवेदनों की सुनवाई आगामी 22 फरवरी 2024 को सुबह 11:30 बजे सुनिश्चित की।

माता-पिता की हत्या करने वाले वकील को फांसी की सजा

विधि संवाददाता, बरेली

▸▸ कोर्ट ने 13 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

अमृत विचार : मीरगंज के बहरोली में संपत्ति विवाद में बुजुर्ग माता-पिता की गोली मारकर हत्या करने वाले वकील दुर्वेश कुमार को परीक्षण में दोषी पाया गया। अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने उसे फांसी और 13 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुनीति कुमार पाठक ने सजा के प्रश्न पर तर्क दिया कि दुर्वेश कुमार ने सभ्यता, संस्कृति, संस्कार और मानवता की सीमा से परे जाते हुए अपने ही माता-पिता की तीन-तीन गोलियां मारकर हत्या कर दी। 13 अक्टूबर 2020 को उसने घटना को अंजाम दिया और तमंचा लहराता हुआ फरार हो गया। इसके करीब एक महीने बाद 9 नवंबर 2020 को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एडीजीसी क्राइम सुनील पाण्डेय ने बताया कि आरोपी के भाई उमेश कुमार सिंह ने थाना मीरगंज में एफआईआर दर्ज कराई थी। अभियोजन ने नौ गवाह पेश किए थे। अदालत ने दोषी पाते हुए फांसी की सजा सुनाई।

भारत में हिम तेंदुओं की संख्या 718

पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक लद्दाख में इनकी संख्या सर्वाधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ 2019-2023 के मध्य दो चरणों में किया गया आकलन

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि भारत में हिम तेंदुओं की संख्या अनुमानतः 718 है और लद्दाख में इनकी संख्या सर्वाधिक (477) पायी गई है। भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) ने 2019 और 2023 के बीच सभी हिम तेंदुआ रेंज वाले राज्यों और दो संरक्षण भागीदारों, नेचर कंजर्वेशन फाउंडेशन, मैसूरू और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के सहयोग से पहली बार भारत में हिम तेंदुए की संख्या का आकलन (एसपीएआई) किया। पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने मंगलवार को यहां आयोजित राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की बैठक के दौरान रिपोर्ट जारी की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत में हिम तेंदुए की संख्या का आकलन (एसपीएआई) कार्यक्रम पहला वैज्ञानिक प्रयास है, इसके अनुसार भारत में हिम तेंदुए की संख्या 718 है। बयान के अनुसार, डेटा विश्लेषण के आधार पर, विभिन्न राज्यों में हिम तेंदुओं की अनुमानित संख्या क्रमशः लद्दाख (477), उत्तराखंड (124), हिमाचल प्रदेश (51), अरुणाचल प्रदेश (36), सिक्किम (21), और जम्मू कश्मीर (9) है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, एसपीएआई ने व्यवस्थित रूप से देश में संभावित हिम तेंदुए के 70 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र को शामिल किया, जिसमें वन और वन्यजीव कर्मचारी, शोधकर्ता, स्वयंसेवक और अन्य भागीदारों का योगदान शामिल था। बयान के मुताबिक, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख तथा जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों सहित ट्रांस-हिमालयी इलाके में लगभग 1,20,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को शामिल करते हुए एसपीएआई का यह कार्यक्रम 2019 से 2023 तक दो चरणों में चलाया गया।

सड़क निर्माण श्रमिकों को भी मिले मातृत्व अवकाश

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सरकार ने नियोक्ताओं से 26 सप्ताह का सवैतनिक अवकाश देने को कहा

महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि सरकार ने नियोक्ताओं को पंजीकृत सड़क निर्माण महिला मजदूरों को दो बच्चों तक 26 सप्ताह का सवैतनिक मातृत्व अवकाश देने को कहा है। ईरानी ने कहा कि नियोक्ता दो से अधिक बच्चों और गोद लेने या किसी दूसरी महिला के गर्भ में भ्रूण विकसित करने के लिए अपने अंडाणु का इस्तेमाल करने वाली माताओं (कमीशनिंग मदर) को 12 सप्ताह का सवैतनिक मातृत्व अवकाश दे सकते हैं। ईरानी ने कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी पर एक परामर्श जारी कर यह घोषणा की। श्रम मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इस पर एक संयुक्त परामर्श जारी किया है। उन्होंने कहा कि देशभर में महिला निर्माण मजदूरों के लिए मेरे हाथ में जो परामर्श है उसमें उन्हें नियोक्ताओं द्वारा 26 सप्ताह का मातृत्व अवकाश देने का प्रावधान है। यह एक क्रांतिकारी कदम है। यह केवल कागजी कदम नहीं है बल्कि अधिकारी महिलाओं को ऐसी सुविधाएं देने के बारे में सक्रियता से विचार करें।

राजघाट पर महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर यहां राजघाट पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी गांधी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपिता के सम्मान में कुछ देर का मौन भी रखा गया मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है कि मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं उन सभी को भी श्रद्धांजलि देता हूं जो हमारे देश के लिए शहीद हुए हैं।

लोस चुनाव से पहले पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल

हाल ही में प्रमोशन पाए अफसरों को मिली नई तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर शासन स्तर पर हो रहे तबादलों के क्रम में मंगलवार को भी 84 आईपीएस अफसरों को बदल दिया गया। दो दिन पहले भी 65 पुलिस अफसरों के तबादले हुए थे। दरअसल, चुनाव आयोग ने एक ही जगह पर 30 जून 2024 को तीन साल का कार्यकाल पूरा कर रहे अफसरों को 31 जनवरी से पहले इधर से उधर करने का आदेश दे रखा है। इस तबादला सूची में इस तबादले में हाल ही प्रमोशन पाए अफसरों को नई तैनाती मिली है। सूची के अनुसार अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर अंकिता शर्मा का पूर्व में वाराणसी कमिश्नरेट में हुआ तबादला निरस्त कर दिया गया है।

शासन की ओर से जारी सूची के मुताबिक संतोष कुमार मीणा को अपर पुलिस उपायुक्त कानपुर, अभिजीत कुमार को अपर पुलिस उपायुक्त प्रयागराज, श्रुति श्रीवास्तव को अपर पुलिस उपायुक्त वाराणसी, पुनीत द्विवेदी को अपर पुलिस अधीक्षक राज्यपाल उत्तर प्रदेश, शिवा सिंह को अपर पुलिस आयुक्त कानपुर, नीतू को अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी, आकाश पटेल को अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी, धर्मेंद्र सिंह को पुलिस महानिरीक्षक आरटीसी चुनार मिर्जापुर, अब्दुल हमीद को पुलिस महानिरीक्षक एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, रोहन पी कनय को पुलिस उपमहानिरीक्षक तकनीकी सेवाएं, संजय सिंह पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी गोरखपुर, वैभव कृष्ण को पुलिस उपमहानिरीक्षक वीआईपी सुरक्षा लखनऊ, प्रभाकर चौधरी को पुलिस उपमहानिरीक्षक स्थापना मुख्यालय लखनऊ, संजीव त्यागी को पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिसूचना सूचना मुख्यालय लखनऊ, पूनम को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी सेक्टर आगरा और सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज को पुलिस उपमहानिरीक्षक उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नत बोर्ड के पद पर भेजा गया है।

इसी तरह राठौर किरीट कुमार हरि भाई को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी लखनऊ, शैलेश कुमार यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी सीतापुर, शफीक अहमद को पुलिस उपमहानिरीक्षक ईओडब्ल्यू लखनऊ, राधेश्याम को पुलिस उपमहानिरीक्षक लॉजिस्टिक्स लखनऊ, सुरेश्वर को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी मुख्यालय लखनऊ, रामजी सिंह यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रशिक्षण मुख्यालय लखनऊ, रामकिशन को पुलिस उपमहानिरीक्षक सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ, राजकमल यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी सीतापुर, राकेश पुष्कर को पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे लखनऊ, मनोज कुमार सोनकर को उपमहानिरीक्षक एटीएस लखनऊ, कुलदीप नारायण को पुलिस उपमहानिरीक्षक एसटीएफ मेरठ, किरण यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ, शहाब रशीद खान को पुलिस उपमहानिरीक्षक यूपी-112, अशोक कुमार चतुर्थ को पुलिस उपमहानिरीक्षक सीबीसीआईडी लखनऊ तथा प्रदीप गुप्ता को पुलिस उपमहानिरीक्षक दूरसंचार लखनऊ बनाया गया है।

तबादला सूची के मुताबिक अखिलेश कुमार निगम को पुलिस उपमहानिरीक्षक सीबीसीआईडी लखनऊ, कुंतल किशोर को पुलिस उपमहानिरीक्षक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं लखनऊ, मनीराम सिंह को पुलिस उपमहानिरीक्षक मानवाधिकार लखनऊ, राजीव नारायण मिश्र को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी कानपुर नगर, सुशील कुमार सिंह को पुलिस उपमहानिरीक्षक यातायात मुख्यालय लखनऊ, हरिश्चंद्र को अपर पुलिस आयुक्त कानपुर नगर, राहुल राज को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी मेरठ, प्रमोद कुमार तिवारी को पुलिस उप महानिरीक्षक प्रशिक्षण मुख्यालय लखनऊ, कल्पना सक्सेना को अपर पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद, अतुल शर्मा को सेनानायक 35 वाहिनी पीएसी लखनऊ, आशीष श्रीवास्तव को पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर, गौरव बांसवाल को पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण एवं सुरक्षा लखनऊ, पूजा यादव को सेनानायक 24 वाहिनी पीएसी मुरादाबाद, अमित कुमार प्रथम को पुलिस अधीक्षक एटीएस लखनऊ, रईस अख्तर को पुलिस अधीक्षक तकनीकी सेवाएं लखनऊ, रवीना त्यागी को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, विक्रांत वीर सेनानायक 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ, प्रमोद कुमार को पुलिस उपायुक्त वाराणसी, एसएम कासिम को पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, ह्रदेश कुमार को पुलिस उपायुक्त वाराणसी, आनंद कुमार को सेनानायक को 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर, श्रवण कुमार सिंह को पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर, शिवाजी को पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ, प्रबल प्रताप सिंह को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नर रेट लखनऊ, शैलेंद्र कुमार राय को पुलिस अधीक्षक कानून-व्यवस्था लखनऊ, डी प्रदीप कुमार को सेनानायक 48वीं वाहिनी पीएसी सोनभद्र, डॉ दुर्गेश कुमार को सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर और राजधारी चौरसिया को पुलिस अधीक्षक प्रशासन मुख्यालय लखनऊ के पद पर तैनाती दी गई है।

इसी क्रम में बबीता साहू को सेनानायक 27वी वाहिनी पीएसी सीतापुर, कमला प्रसाद यादव को पुलिस अधीक्षक पुलिस मुख्यालय लखनऊ, रमेश प्रसाद गुप्ता को पुलिस अधीक्षक लॉजिस्टिक उत्तर प्रदेश लखनऊ, रामसेवक गौतम को पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर, सुरेंद्र नाथ तिवारी को पुलिस अधीक्षक स्थापना मुख्यालय लखनऊ, मोहम्मद तारीख को पुलिस अधीक्षक मानवाधिकार मुख्यालय महानिदेशक लखनऊ, पंकज कुमार पांडे को सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी, अजीत कुमार सिन्हा को सेनानायक 33वीं वाहिनी पीएसी झांसी, सुशील कुमार शुक्ला को सेनानायक 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़, दयाराम को सेनानायक दूसरी वाहिनी पीएसी सीतापुर, सर्वानंद यादव को सेनानायक 12वीं वाहिनी पीएसी फतेहपुर, कमलेश दीक्षितको सेनानायक 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर, अरुण कुमार श्रीवास्तव को सेनानायक 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी, कमलेश दीक्षित को सेनानायक 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर, सलमान ताज पाटील को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ, विद्यासागर मिश्रा को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ, तेज स्वरूप को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ, डॉ महेंद्र पाल सिंह को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ और श्याम नारायण सिंह को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट वाराणसी के पद पर भेजा गया है।

तबादला

▸▸ कमला प्रसाद यादव को पुलिस अधीक्षक पुलिस मुख्यालय लखनऊ बनाया गया

▸▸ दीप गुप्ता को पुलिस उपमहानिरीक्षक दूरसंचार लखनऊ बनाया गया

अंतिम आदेश के बाद समीक्षा का अधिकार नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत हिरासत को लेकर हाई कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 12(1) से संबंधित मामले में कहा कि उक्त अधिनियम के तहत हिरासत का पुष्टिकरण आदेश या अंतिम आदेश पारित हो जाने के बाद राज्य सरकार पुनः उसकी समीक्षा नहीं कर सकती है। कोर्ट ने आगे स्पष्ट किया कि अधिनियम की धारा 13 में निर्धारित अगर किसी आदेश में हिरासत की कोई अवधि निर्धारित नहीं है तो ऐसी हिरासत अधिकतम 12 महीने की अवधि के लिए मान्य होगी।

हालांकि राज्य सरकार द्वारा उक्त धारा के तहत आदेश पारित कर अगर हिरासत की अवधि निर्धारित कर दी गई है तो ऐसा हिरासत आदेश केवल निर्धारित अवधि के लिए ही वैध होगा और निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद हिरासत स्वयं समाप्त हो जाएगी। ऐसे आदेश की समीक्षा या विस्तार नहीं किया जा सकता है। हालांकि परिस्थितियों की मांग के अनुसार हिरासत में लेने वाला प्राधिकारी यानी राज्य सरकार या जिला मजिस्ट्रेट उक्त अधिनियम की धारा 3(2) के तहत एक नया हिरासत आदेश पारित कर सकता है और जिसकी पुष्टि उपरोक्त अधिनियम की धारा 3, 10, 11 और 12 के तहत की जानी आवश्यक है। वर्तमान मामले में याची का प्रारंभिक हिरासत आदेश जिला मजिस्ट्रेट, हापुड़ द्वारा 30 जनवरी 2023 को पारित किया गया, जिसमें याची को 3 महीने की अवधि के लिए हिरासत में रखने का निर्देश दिया गया था। इस प्रकार 3 महीने की समाप्ति के बाद याची की हिरासत अवैध हो जाती है। इस पृष्ठभूमि पर सुनील चाचुड़ा की याचिका स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने आक्षेपीत आदेशों को रद कर याची को तत्काल रिहा करने का निर्देश दिया, क्योंकि दोनों आदेश अवैध और गैर कानूनी थे।

मामले के अनुसार 30 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 की धारा 3(2) के तहत हापुड़ के जिला मजिस्ट्रेट ने याची के लिए हिरासत आदेश पारित किया। उक्त आदेश को राज्य सरकार के अनुमोदन के बाद 7 फरवरी को सलाहकार बोर्ड के पास भेजा गया, जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद 13 मार्च को उक्त अधिनियम की धारा 12(1) के तहत अंतिम आदेश पारित किया गया। इसके बाद याची को प्रारंभिक हिरासत आदेश की तारीख से 3 महीने की अवधि के लिए हिरासत में लिया गया था और अंततः 27 अक्टूबर 2023 को हिरासत की निर्धारित अवधि को 12 महीने तक के लिए बढ़ा दिया गया, जिसे याची ने हाईकोर्ट के समक्ष चुनौती दी।

उत्तराखंड

पिथौरागढ़ से देहरादून के लिए हवाई सेवा की शुरुआत

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : कुमाऊं से गढ़वाल को नियमित तौर पर हवाई सेवा से जोड़ दिया गया है। मंगलवार को पिथौरागढ़ से देहरादून के लिए हवाई सेवा शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनी सैनी एयरपोर्ट से अन्य यात्रियों के साथ देहरादून के लिए उड़ान भरी।

मुख्यमंत्री धामी ने हवाई सेवा शुरू होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन व प्राकृतिक पर्यटकों का आना-जाना सहजता से हो, इसलिए हवाई सेवा अति आवश्यक है। पहले पिथौरागढ़ से देहरादून व दिल्ली जाने में 17 घंटे लगते थे। ऑल वेदर सड़क बनने से देहरादून, दिल्ली 11 घंटे लगते हैं। सीमांत जिले में हवाई सेवा प्रारंभ होने पर अब एक घंटे में ही राजधानी देहरादून पहुंचा जा सकता है। अभी यह सेवा सप्ताह में तीन दिन के लिए है। बाद में इसे 5 दिन किया जाएगा।

▸▸ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ से देहरादून के लिए यात्रियों के साथ भरी उड़ान

उन्होंने कहा कि जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया जा रहा है। पंतनगर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने ओएलएस सर्वे कर लिया है। जौलीग्रांट से देहरादून-अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ के बीच हेली सेवा शुरू हुई थी। इसे भी नियमित करने की योजना है। जल्द ही चिन्यालीसौड़ व गोचर से छोटे एयर क्राफ्ट की सेवाओं को शामिल करने पर भी काम हो रहा है। पिथौरागढ़ से हिंडन के लिए हवाई सेवा शुरू करने का प्रस्ताव है।केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि कुमाऊं और गढ़वाल दोनों विमान सेवा से जुड़े रहे हैं, यह हमारे लिए हर्ष का विषय है।

पहली महिला मुख्य सचिव बनेंगी राधा रतूड़ी

देहरादून, अमृत विचार : अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव बनेंगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने उन्हें मुख्य सचिव बनाने के लिए स्वीकृति दे दी है। वर्तमान में मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू आज (31 जनवरी) सेवानिवृत्त हो रहे हैं। संधू के बाद वरिष्ठ आईएएस राधा रतूड़ी मुख्य सचिव का कार्यभार संभालेंगी।अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी 1988 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। वह मुख्यमंत्री धामी के पसंदीदा अधिकारियों में से एक मानी जाती हैं।

अंगीठी सुलगाकर सो रहे 3 श्रमिकों की मौत

ब्यूरो, नैनीताल

▸▸ मृतकों में दो शाहजहांपुर और एक बदायूं निवासी

अमृत विचार : सरोवर नगरी में अंगीठी के धुएं से दम घुटने की वजह से दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक मजदूर ने हल्द्वानी में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में दो मजदूर शाहजहांपुर और एक बदायूं का रहने वाला था।

पुलिस के अनुसार राजकुमार (21 वर्ष) व अवनेश (24 वर्ष) निवासी बदायूं व मुनेंद्र (21 वर्ष) पुत्र पप्पू श्रीवास्तव निवासी निजामगंज तिलहर शाहजहांपुर यूपी मल्लीताल में हाईकोर्ट के समीप एक इमारत में वाटर प्रूफिंग का काम कर रहे थे। तीनों हाईकोर्ट के पास में ही कमरा किराए पर लेकर रहते थे। तीनों ने रविवार की रात को भीषण सर्दी होने की वजह से अंगीठी जलाई और खिड़की-दरवाजा बंद कर सो गए। अंगीठी के धुएं से दम घुटने से तीनों की हालत बिगड़ गई। सोमवार को जब परिजनों ने मजदूरों को फोन किया तो उनका फोन नहीं उठा। इस पर परिजनों ने ठेकेदार को फोन किया। ठेकेदार ने भी मजदूरों को फोन किया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा। सोमवार की देर रात ठेकेदार हल्द्वानी से नैनीताल पहुंचा और मजदूरों के कमरे पर गया तो दरवाजा अंदर से बंद था। ठेकेदार ने कई बार आवाज दी, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। तब वह खिड़की का कांच तोड़ अंदर गया। ठेकेदार कमरे में पहुंचा तो तीनों मजदूर बेहोशी की हालत में पड़े थे। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मल्लीताल पुलिस ने तीनों को बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने राजकुमार व अवनेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि मुनेंद्र की हालत गंभीर थी। उसे तुरंत हायर सेंटर एसटीएच हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

जिला अस्पताल के डॉ. हाशिम अंसारी ने बताया कि अंगीठी की गैस से दम घुटने से मजदूरों की मौत की आशंका है। मल्लीताल कोतवाल धर्मवीर सोलंकी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद तीनों मजदूरों के शवों को परिजनों को सौंप दिया है।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	71,139 .90	21,522 .10
नुकसान	801.67	215 .50
प्रतिशत में	1.11	0 .99

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, बुधवार, 31 जनवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1165 डीएमओ 840।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800।

डिजिटलीकरण से जवाबदेही में होगा सुधार

अमित शाह ने सहकारी क्षेत्र में एआरडीबी, आरसीएस के कंप्यूटरीकरण की शुरू कीं परियोजनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को 225 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों और सहकारी समितियों के पंजीयक के लिए कंप्यूटरीकरण कार्यक्रम शुरू किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण के प्रयासों से उनके कामकाज में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार लाने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के सहयोग से सहकारिता मंत्रालय द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) और सहकारी समितियों के पंजीयक (आरसीएस) के लिए कंप्यूटरीकरण परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है।

शाह ने कहा कि परियोजनाएं संपूर्ण सहकारी तंत्र को एक डिजिटल मंच पर लाकर इसका आधुनिकीकरण करेंगी और इसकी दक्षता बढ़ाएंगी। उन्होंने कहा- इससे सहकारी क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार करने में मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि कंप्यूटरीकरण की कुल लागत 225 करोड़ रुपये होगी, जिसमें से 95 करोड़ रुपये आरसीएस के कंप्यूटरीकरण पर खर्च किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एआरडीबी के कंप्यूटरीकरण से किसानों को मध्यम और दीर्घकालिक ऋण प्राप्त करने में मदद मिलेगी, कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण जरूरी था।

अमित शाह ने कहा कि किसानों को दीर्घावधि ऋण सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए इन एआरडीबी को पैक्स से जोड़ने की योजना है। पहली पहल के तहत, 13 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में एआरडीबी की 1,851 इकाइयों को कम्प्यूटरीकृत किया जाएगा।

किसानों के विकास के बिना देश प्रगति नहीं कर सकता

जबलपुर (मप्र)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर क्षेत्र में 2,367 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। गडकरी ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा जबतक देश के गांवों, गरीबों, मजदूरों और किसानों का विकास नहीं होगा तब तक देश प्रगति नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय ने न केवल सड़कें बनाई हैं, बल्कि पानी को इकट्ठा करने के लिए तालाब भी बनाए हैं जिससे जल संरक्षण भी होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा-जबतक गांव, गरीब, मजदूर तथा किसान का विकास नहीं होगा तब तक देश प्रगति नहीं करेगा। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'स्मार्ट' शहर के साथ 'स्मार्ट' गांव विकसित करने की जरूरत है और इसमें सड़कों की अहम भूमिका है।

जी-सोनी विलयः एनसीएलटी ने सोनी को जारी किया नोटिस

मुंबई। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलटी) ने जी एंटरटेनमेंट के एक शेयरधारक की उस याचिका को मंगलवार को स्वीकार कर लिया, जिसमें उसने अपनी भारतीय इकाई का सोनी के साथ विलय करने का अनुरोध किया था। नियामक की मंजूरी के बावजूद इस विलय समझौते को पिछले सप्ताह समाप्त कर दिया गया था। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज (जील) के शेयरधारक मैड मेन फिल्म वेंचर्स द्वारा दायर एक याचिका पर सोनी को नोटिस जारी किया। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट को पहले सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) के नाम से जाना जाता था।

ईपीएस-95 में न्यूनतम पेंशन बढ़ाकर 7,500 रुपये मासिक करने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **पेंशनभोगियों ने भूख हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी**

सेवानिवृत्ति कोष प्रबंधक ईपीएफओ की कर्मचारी पेंशन योजना-1995 (ईपीएस-95) के तहत न्यूनतम मासिक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये करने की मांग को लेकर पेंशनभोगियों ने मंगलवार को भूख हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ईपीएस-95 योजना के तहत पेंशनभोगियों को इस समय 1,000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन मिलती है। यह पेंशन सितंबर, 2014 में लागू नियमों के मुताबिक दी जा रही है। पेंशनभोगियों ने कहा कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे 31 जनवरी को भूख हड़ताल शुरू करेंगे। देशभर से 50,000 से अधिक पेंशनभोगियों के इस आंदोलन में शामिल होने की उम्मीद है। ईपीएफओ के आंकड़े से पता चलता है कि देशभर में 78 लाख पेंशनभोगी हैं।

पेंशनभोगियों की मांगों के लिए संघर्षरत समिति ने बयान में कहा- ईपीएस-95 की राष्ट्रीय आंदोलन समिति के नेतृत्व में पेंशनभोगी न्यूनतम पेंशन को 7,500 रुपये प्रति माह तक बढ़ाने एवं अन्य लाभों की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर 31 जनवरी से दूसरी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे। समिति ने कहा कि केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेन्द्र यादव के आश्वासन के बावजूद उनकी मांगें पूरी नहीं की गयी हैं। समिति के अध्यक्ष अशोक राउत ने कहा- यह हमारी अंतिम चेतावनी है। बार-बार आश्वासन देने के बावजूद हमारी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,100
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,500
गिन्नी (प्रति नग)	48,050-48,250
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,100
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,950
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,900
सोना जेवरात गिन्नी	62,900
चांदी पक्की	730 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,000
चांदी आभूषण	73,750।

भारत की आर्थिक वृद्धि दर वर्ष 2024 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ **आईएमएफ ने ताजा रिपोर्ट जारी करके जताई उम्मीद**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने मंगलवार को कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर मजबूत बने रहने की उम्मीद है और यह वर्ष 2024 तथा 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने की संभावना है। आईएमएफ ने विश्व आर्थिक परिदृश्य पर ताजा रिपोर्ट में वैश्विक वृद्धि दर 2024 में 3.1 प्रतिशत और 2025 में 3.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2024 में 4.6 प्रतिशत और 2025 में 4.1 प्रतिशत रहने की संभावना है। अक्टूबर, 2023 के अनुमान के मुकाबले वृद्धि दर में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष ने कहा- भारत की आर्थिक वृद्धि दर मजबूत बनी हुई है और इसके 2024 और 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। यह पिछले साल अक्टूबर में जताये गये अनुमान के मुकाबले 0.2 प्रतिशत अधिक है। आईएमएफ की रिपोर्ट बताती है कि भारत उभरती अर्थव्यवस्थाओं में तीव्र आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने वाला देश बना हुआ है।

सोना 200 रुपये मजबूत चांदी में भी 300 रुपये की हुई बढ़ोतरी

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में उछाल के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 200 रुपये की तेजी के साथ 63,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 300 रुपये की मजबूती के साथ 76,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 76,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

सेंसेक्स 801 अंक फिसलकर 71,139 पर बंद

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और बजाज फाइनेंस में हुई जमकर बिकवाली**

स्थानीय शेयर बाजार में एक दिन की जोरदार तेजी के बाद मंगलवार को फिर नरमी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 801 अंक लुढ़क गया। मुख्य रूप से रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और बजाज फाइनेंस में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 801.67 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,139.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 865.85 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 215.50 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,522.10 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस 5.03 प्रतिशत नीचे आया। तिमाही परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी के शेयर में गिरावट आई। इसके अलावा टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एनटीपीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तपसे ने कहा कि कारोबार समाप्त होने से पहले बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख का भी घरेलू बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा-बजट आने में एक दिन बचा है, ऐसे में निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया है।

राष्ट्रीय

हमें नीतीश कुमार की कोई जरूरत नहीं: राहुल

भारत जोड़ो-न्याय यात्राः पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में रैली को कांग्रेस नेता ने किया संबोधित

पूर्णिया, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को बिहार के पूर्णिया में भारत जोड़ो-न्याय यात्रा के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए। ● एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा के साथ हाथ मिलाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला करते हुए मंगलवार को कहा कि बिहार में विपक्षी दलों का महागठबंधन जदयू अध्यक्ष के बिना राज्य में समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा-(हमें) नीतीश जी की कोई जरूरत नहीं है... हमें उनकी बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। राहुल गांधी ने पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा-हम किसानों के हितों के लिए लड़ते रहेंगे। बिहार में किसान आर्थिक अन्याय के शिकार हैं। राहुल गांधी ने कहा-देश को ओबीसी, दलित, आदिवासियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों आदि की आबादी की सटीक संख्या निर्धारित करने के लिए एक्सरे की आवश्यकता है। लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में राहुल गांधी की यह पहली बड़ी रैली है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार को पूर्णिया पहुंची। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पूर्णिया नहीं पहुंच सके। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद ने कहा कि दृश्यता कम होने के कारण उनका (खड़गे का) विमान पूर्णिया हवाई अड्डे तक नहीं पहुंच सका। रैली को खरगे ने अपने एक वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया।

विपक्षी गठबंधन खुद ही मर जाएगा : प्रल्हाद जोशी

नई दिल्ली। भाजपा ने मंगलवार को विपक्षी दलों के गठजोड़ इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का, उसे "ब्रेन डेड" कहकर मजाक उड़ाया और कहा कि यह एक अप्राकृतिक गठबंधन है और जल्द ही अपनी मौत खुद ही मर जाएगा। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि अन्य दलों के साथ झगड़ा करना कांग्रेस का स्वभाव है।

बलात्कार पीड़िता को मिली 23 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक फैसले में एक बलात्कार पीड़िता की 23 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति दे दी और राज्य सरकार के स्वामित्व वाले अस्पताल को इस उद्देश्य के लिए एक मेडिकल बोर्ड गठित करने की सलाह भी दी है। अदालती सूत्रों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। 27 वर्षीय पीड़िता एक समस्या का सामना कर रही थी और 21 सप्ताह के बाद जब उसकी गर्भावस्था का पता चला तो वह एक दर्दनाक स्थिति में थी। देश के कानून के अनुसार 20 सप्ताह या उससे अधिक पुरानी गर्भावस्था को अदालत की अनुमति के बाद ही समाप्त किया जा सकता है। न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य ने मामले की सुनवाई करते हुए दक्षिण कोलकाता के एमआर बांगुर अस्पताल को एक मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया।

जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट प्रतिबंध पर समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट सेवाओं की बहाली के लिए याचिकाओं पर विचार करने के समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं। साथ ही न्यायालय ने प्रशासन से उन्हें प्रकाशित करने के लिए भी कहा।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज को निर्देश लेने और सुनवाई की अगली तारीख पर अदालत को अवगत कराने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। पीठ 'फाउंडेशन फॉर मीडिया प्रोफेशनल्स' द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट प्रतिबंधों पर केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता वाली एक विशेष समिति द्वारा पारित समीक्षा आदेशों को प्रकाशित करने की मांग की गई थी। नटराज ने कहा कि याचिकाकर्ता समिति के विचार-विमर्श के प्रकाशन की मांग कर रहा है। इस पर पीठ ने कहा-समीक्षा आदेश किसलिए हैं? समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं। कहा-समिति के विचार-विमर्श को प्रकाशित करना आवश्यक नहीं हो सकता है, लेकिन पारित समीक्षा आदेशों को प्रकाशित करना आवश्यक है।

शुआट्स के कुलपति और अन्य को धर्मांतरण मामले में प्राप्त गिरफ्तारी से संरक्षण बढ़ा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कथित अवैध धर्मांतरण, दुष्कर्म और अनैतिक तस्करी के एक मामले में उत्तर प्रदेश के सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) के कुलपति राजेंद्र बिहार लाल और संस्थान के कुछ अन्य अधिकारियों को प्राप्त गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण मंगलवार को बढ़ा दिया।

विश्वविद्यालय की एक पूर्व संविदा कर्मचारी ने उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में चार नवंबर, 2023 को उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को कुलपति की याचिका पर एक सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा-अगली सुनवाई की तारीख तक अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

एक नजर

मणिपुर में गोलीबारी में दो व्यक्तियों की मौत

इंफाल। मणिपुर में मंगलवार को एक शिविर पर अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में दो ग्रामीण स्वयंसेवकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना इंफाल पश्चिम और कांगपोकपी जिलों की सीमा पर लमशांग इलाके में कडांगबंद गांव के पास स्थित शिविर में हुई। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान 33 वर्षीय एन. माइकल और 23 वर्षीय एम. खाबा के रूप में हुई है।

धर्मांतरण के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

पत्थलगांव। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में धर्मांतरण के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोकड़ा गांव में बगैर अनुमति के एक बड़ी धार्मिक सभा का आयोजन किया गया था। धर्मांतरण का आयोजन देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को शिकायत की थी। पुलिस ने रफैल नामक एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि ओड़िसा ईसाई मिशनरी का पास्टर सहित अन्य लोग पुलिस टीम के पहुंचने से पहले ही फरार हो गए।

जब तक जीवित हूं, बंगाल में सीएए लागू नहीं होने दूंगी

रायगंज (पश्चिम बंगाल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव से पहले सीएए का मुद्दा उठाने के लिए मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि वह अपने जीवनकाल में राज्य में इसे लागू नहीं होने देंगी। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने लाभ लेने के लिए आगामी चुनावों से पहले नागरिकता (संशोधन) अधिनियम यानी सीएए का मुद्दा उठाया है। बनर्जी ने कहा, चुनाव नजदीक आते देख, भाजपा ने राजनीतिक लाभ लेने के लिए फिर से सीएए का मुद्दा उठाया है। लेकिन मैं जब तक मैं जीवित हूं, पश्चिम बंगाल में इसे लागू नहीं होने दूंगी।

प्रेम प्रसंग में शिक्षक ने 2 सहकर्मियों की गोली मारकर की हत्या

रांची, एजेंसी

▸▸ **झारखंड के गोड्डा जिले के एक स्कूल में हुई वारदात**

झारखंड के गोड्डा जिले में एक सरकारी स्कूल के एक शिक्षक ने 'प्रेम प्रसंग' को लेकर अपने दो सहकर्मियों की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी और बाद में खुद को भी गोली मारकर बुरी तरह घायल कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना रांची से करीब 300 किलोमीटर दूर पोरइयाहाट के चतरा अपग्रेडेड स्कूल में पूर्वाह्न करीब 11 बजे घटी। गोड्डा के पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने बताया-दो शिक्षकों के शव स्कूल के एक कमरे में खून से लथपथ मिले जिनमें एक महिला थी। वहीं आरोपी शिक्षक भी गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने गोली चलने की आवाज सुनी तो वे वहां पहुंचे और कमरे को अंदर से बंद पाया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ दिया लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

संयुक्त परिवार का चलन समाप्त होने से वृद्धजनों की नहीं हो पा रही देखभाल

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए की टिप्पणी

बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक व्यक्ति को अपनी मां के घर को खाली करने का आदेश दिया जिस पर उसने और उसकी पत्नी ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। अपने फैसले में अदालत ने टिप्पणी की है कि संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण बुजुर्गों की उनके स्वजनों द्वारा देखभाल नहीं की जा रही है।

न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने कहा कि उम्र बढ़ना एक बड़ी सामाजिक चुनौती बन गई है और इसलिए वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण, बड़ी संख्या में बुजुर्गों की देखभाल उनके परिवार द्वारा नहीं की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप, कई बुजुर्ग व्यक्ति, विशेष रूप से विधवा महिलाएं अब अपने जीवन के अंतिम वर्ष अकेले बिताने को मजबूर हैं और भावनात्मक उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं तथा भौतिक व वित्तीय सहायता की कमी से जूझ रहे हैं। यह आदेश उपमंडल अधिकारी और वरिष्ठ नागरिक रखरखाव न्यायाधिकरण के अध्यक्ष के सितंबर 2021 के आदेश के खिलाफ दिनेश चंदनशिवे द्वारा दायर याचिका पर पारित किया गया था, जिसमें उन्हें उपनगरीय मुलुंड में अपनी बुजुर्ग मां लक्ष्मी चंदनशिवे के आवास को खाली करने का निर्देश दिया गया था। महिला के अनुसार, 2015 में उसके पति की मृत्यु के बाद, उसका बेटा और बहू उससे मिलने आए और उसके बाद घर छोड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने कथित तौर पर उसे परेशान किया और उसे घर छोड़ने के लिए मजबूर किया। बाद में महिला अपने बड़े बेटे के साथ ठाणे में रहने लगी। उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी और व्यक्ति और उसकी पत्नी को 15 दिनों के भीतर परिसर खाली करने का निर्देश दिया।

बजट सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों को दिया गया आश्वासन**

सरकार ने मंगलवार को विभिन्न दलों के नेताओं से कहा कि वह 31 जनवरी से आरंभ हो रहे संसद के बजट सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। बजट सत्र के मद्देनजर सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी जिसमें विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि बैठक में बातचीत बहुत सौहार्दपूर्ण रही और सरकार इस छोटे सत्र के दौरान हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। लोकसभा चुनाव से पहले यह आखिरी सत्र है।

रक्षामंत्री और लोकसभा में सदन के उपनेता राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। संसद भवन परिसर में हुई इस बैठक में उपस्थित नेताओं में कांग्रेस के नेता कोडिकुनिल सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता टी आर बालू, शिवसेना के राहुल शेवाले, समाजवादी पार्टी के नेता एस टी हसन, जदयू के नेता राम नाथ ठाकुर और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के जयदेव गल्ला शामिल थे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का बैठक में प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि उन्होंने असम में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो-न्याय यात्रा पर हिंसक हमले और उस पर राज्य सरकार द्वारा लगाई गई पाबंदियों का मुद्दा उठाया। उच्च सदन में कांग्रेस के उप नेता तिवारी ने संवाददाताओं से कहा कि देश में अघोषित तानाशाही कायम है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद जैसे विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर रही है। इस बार 31 जनवरी से 9 फरवरी के बीच संसद सत्र होगा।

सांसदों का निलंबन वापस लिया जाएगा

संसद के बजट सत्र में संसद में अनुकूल माहौल बनाने के लिए सरकार ने पिछले सत्र में निलंबित सांसदों का निलंबन वापस लेने का प्रस्ताव किया है और दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की अपेक्षा की है। बुधवार से शुरु हो संसद के संक्षिप्त बजट सत्र से पहले मंगलवार को यहां हुई सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने सांसदों का निलम्बन वापस लेने के बारे में लोकसभा अध्यक्ष तथा राज्यसभा के सभापति से बात की है। उन्होंने कहा कि बैठक में कुल 30 दलों के 45 नेताओं ने हिस्सा लिया और सभी ने अनुकूल माहौल में अपनी बातें रखी। बैठक में सरकार ने सांसदों से आग्रह किया है कि यह 17वीं लोकसभा का आखिरी और बहुत छोटा सत्र हैं। सत्र में संसद का काम पूरा हो सके इसलिए सौहार्दपूर्ण माहौल में संसद चलाने और सदन में तख्तियां लेकर नहीं आएं।

पीएफआई षड्यंत्र मामले में तीन लोगों के खिलाफ आरोप-पत्र दायर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और 2047 तक भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने को उन्हें लड़ने के लिए हथियारों का प्रशिक्षण देने से संबंधित मामले में प्रतिबंधित पीएफआई के तीन कार्यकर्ताओं के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की गैरकानूनी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर रोकथाम की कार्रवाई करते हुए राजस्थान पीएफआई षड्यंत्र मामले में वाजिल अली, मुबारक अली और शमशेर खान के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया गया है।

राहुल और जडेजा के चोटिल होने से बढ़ीं चयनकर्ताओं की मुश्किलें

पहले टेस्ट मैच में मिली हार के बाद भारत की नजर श्रृंखला में वापसी करने पर

नई दिल्ली, एजेंसी

रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के पहले टेस्ट मैच में चोटें लगने से चयनकर्ताओं के सामने दुविधा पैदा हो गई है कि उनकी जगह किन खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया जाए। दरअसल पहले मैच में मिली हार के बाद भारत की नजर दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को हराकर श्रृंखला में वापसी पर है। जडेजा और राहुल ने हैदराबाद टेस्ट में पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में शानदार प्रदर्शन करके मैच अपने पाले में कर लिया।

4 स्पिनरों के साथ उतर सकती है भारतीय टीम

भारतीय टीम इंग्लैंड की तरह ही 4 स्पिनरों और एक तेज गेंदबाज के साथ उतर सकती है। ऐसे में मोहम्मद सिराज पर कुलदीप को तरजीह मिलेगी ताकि सरफराज या वॉशिंगटन को मध्यक्रम में उतारा जा सके। जडेजा की ही तरह सौरभ बाएं हाथ के स्पिनर हैं और हाल ही में शतक भी लगा चुके हैं।

रविंद्र जडेजा और राहुल का विकल्प तलाशना मुश्किल

जडेजा और राहुल दोनों ही मांसपेशियों में दर्द से जूझ रहे हैं। जडेजा की कमी पूरी कर पाना किसी के लिए भी मुश्किल है और राहुल वनडे और टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं। विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट से वैसे भी बाहर हैं। लिहाजा शुक्रवार से विशाखापत्तनम में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में भारत के सामने कई चुनौतियां होंगी। चयनकर्ताओं ने सरफराज खान, सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया है। रजत पाटीदार हैदराबाद में भारत की 15 सदस्यीय टीम में थे। वह मध्यक्रम में राहुल की जगह ले सकते हैं, जबकि जडेजा की जगह कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है।

अनिल कुंबले ने कुलदीप यादव को दी तरजीह

स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि अंतिम एकादश में कुलदीप को जगह मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर भारत को लगता है कि सिर्फ एक तेज गेंदबाज से काम चल जाएगा तो कुलदीप को टीम में रखना चाहिए। उसके पास विविधता है और विकेट टर्न ले सकता है। चार टेस्ट के अपने कॅरिअर में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके ऑफ स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर भी चयन के दावेदार हैं। उन्होंने पांच पारियों में नाबाद 85 और नाबाद 95 रन बनाए हैं और दो विकेट भी लिए हैं।

पूर्व चयनकर्ता ने दी 3 स्पिनरों के साथ उतरने की सलाह

पूर्व चयनकर्ता शरणदीप सिंह ने कहा कि हरफनमौला उपयोगी होता है लेकिन अंतिम एकादश में ज्यादा छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रजत पाटीदार को राहुल की जगह और जडेजा की जगह कुलदीप को उतारा जा सकता है। हमें इंग्लैंड की नकल करके चार स्पिनरों को उतारने की जरूरत नहीं है। अपनी धरती पर दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर हमारी ताकत रहे हैं। हमें उसी पर अडिग रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पारी की शुरुआत शुभगन गिल और यशस्वी जायसवाल को करनी चाहिए और रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिए।

इंग्लैंड के खिलाड़ियों में भारत को मात देने की क्षमता : बेन स्टोक्स

विशाखापत्तनम, एजेंसी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि टीम में जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है वे भारत को उसकी धरती पर मात देने में सक्षम हैं। टॉम हार्टले ने अपने पहले टेस्ट में ही भारत की दूसरी पारी में 7 विकेट लेकर इंग्लैंड को 28 रन से यादगार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इंग्लैंड की टीम हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में सिर्फ एक तेज गेंदबाज मार्क वुड के साथ मैदान में उतरी और उसकी यह रणनीति कामयाब रही।

स्टोक्स ने कहा कि कभी-कभी अनुभवहीनता को ज्यादा बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जाता है। हालांकि इसमें संदेह नहीं कि अनुभवी खिलाड़ी इन परिस्थितियों में अधिक सहज महसूस करता है। इस दौरे के लिए हमने जिन स्पिनरों को चुना है, वे भारत को हराने का सबसे अच्छा मौका देंगे। हम चाहते हैं कि वे परिणाम के बारे में ज्यादा चिंता किए बिना अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें।

अक्षदीप सिंह ने पैदल चाल में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

चंडीगढ़, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके पंजाब के अक्षदीप सिंह ने राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा में मंगलवार को पुरुषों के 20 किलोमीटर वर्ग में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। रांची में राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले अक्षदीप ने एक घंटे 19 मिनट 38 सेकंड का समय निकालकर अपना ही एक घंटे 19 मिनट 55 सेकंड का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

सूरज पंवार, प्रेमजीत सिंह बिष्ट ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

उत्तराखंड के सूरज पंवार दूसरे स्थान पर रहे, उन्होंने पेरिस ओलंपिक का एक घंटे 20 मिनट 10 सेकंड का क्वालीफाइंग मार्क पार किया। उन्होंने एक घंटे 19 मिनट 43 सेकंड का समय निकाला। वह पेरिस ओलंपिक में पैदल चाल के लिए क्वालीफाई करने वाले चौथे भारतीय हैं।

प्रेमजीत सिंह बिष्ट और विकास सिंह भी क्वालीफाई कर चुके हैं। एक देश से तीन ही खिलाड़ी ट्रैक और फील्ड की व्यक्तिगत स्पर्धा में भाग ले सकते हैं और अब भारतीय एथलेटिक्स संघ को तय करना है कि इन चारों में से कौन पेरिस जाएगा। मंजू रानी ने 1:34:16 के समय के साथ महिलाओं की रेस वॉक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। रानी के बाद पोडियम पर पायल (1:34:45) और मुनिता प्रजापति (1:35:36) ने जगह बनाई।

मुशीर का शतक, सुपर 6 मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 214 रन से रौंदा

296 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 81 रन पर हुई ढेर

ब्लूमफोंटेन, एजेंसी

मुशीर खान के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत भारत ने मंगलवार को अंडर-19 विश्वकप में सुपर-6 के पहले मुकाबले न्यूजीलैंड को 214 रनों से हरा दिया है। मुशीर खान ने 131 रन की शतकीय और आदर्श सिंह ने 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेलकर भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 8 विकेट पर 295 रनों का स्कोर खड़ा किया।

296 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही। न्यूजीलैंड ने पहले ही ओवर में अपने सलामी बल्लेबाज टॉम जोन्स का विकेट शून्य पर गवां दिया। इसके बाद न्यूजीलैंड के विकेट लगातार गिरते चले गए। जेम्स नेल्सन 10 रन, कप्तान ऑस्कर जैक्सन 19 रन, जैक कमिंग16 रन, एलेक्स थॉम्पसन 16 रन बनाकर आउट हुए।

शेष बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। सौमी पांडे के 4 विकेट, मुशीर खान और राज लिंबानी के दो-दो विकेट, नमन तिवारी और अर्शीन कुलकर्णी के एक-एक विकेट की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को 28.1 ओवर में 81 रन पर ढेर कर विश्व कप का पहला सुपर 6 मुकाबला जीत लिया।

131 रन की पारी खेली मुशीर खान ने

52 रन बनाए अदर्श सिंह ने 58 गेंदों में

शुरुआती झटकों के बाद मुशीर ने संभाली पारी

टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी का विकेट पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर खो दिया। इसके बाद आदर्श सिंह ने मुशीर खान के साथ दूसरे विकेट के लिए 77 रन जोड़े। आदर्श 58 गेंद में छह चौके की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान उदय सहारन ने मुशीर के साथ 87 रन की साझेदारी की। उदय 34 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अरावेली अवनीश 17 रन, प्रियांशु मोलिया 10 रन, सचिन दास 15 रन बनाकर आउट हुए। इस बीच मुशीर खान ने शतक जड़ा। यह उनका इस टूर्नामेंट में दूसरा शतक है। मुशीर खान ने टूर्नामेंट में चार मैच की चार पारियों में 81.25 की औसत से 325 रन बना चुके हैं। इनमें दो शतक और एक अर्धशतक है। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 295 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से मेसन क्लार्क ने 4 विकेट लिए। रयान त्सोर्गस, इवाल्ड श्रेडर, जैक कमिंग और ओलिवर तेवतिया ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

खेल डायरी

दीप्ति शर्मा टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

दुबई। भारत की दीप्ति शर्मा एक पायदान चढ़कर आईसीसी महिला टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में मंगलवार को संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि भारत की रेणुका सिंह भी दसवें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा 3 पायदान गिरकर दूसरे से पांचवें स्थान पर खिसक गई। दीप्ति के साथ पाकिस्तान की सादिया इकबाल दूसरे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड की सारा ग्लेन चौथे स्थान पर हैं। इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्सेलेटन शीर्ष पर बनी हुई हैं। ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष दस में कोई बदलाव नहीं है, इसमें दीप्ति चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। बल्लेबाजों में भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना चौथे, जेमिमा रौड्रिग्स 13वें, शेफाली वर्मा 16वें और हरमनप्रीत कौर 17वें स्थान पर है। आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं, जबकि उनकी हमवतन ताहलिया मैकग्रा दूसरे स्थान पर हैं।

हॉकी : भारत ने कीनिया को 9-4 से हराया

मस्कट। उत्तम सिंह की हैट्रिक की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को एफआईएच हॉकी 5 पुरुष विश्व कप के पांचवें से आठवें स्थान के वर्गीकरण मैच में कीनिया के खिलाफ 9-4 से शानदार जीत हासिल की। उत्तम ने तीन गोल किए, जबकि मंजीत, पवन राजभर, मनदीप मोर, गुरजोत सिंह ने एक-एक और मोहम्मद राहील ने दो गोल दागे। कीनिया के लिए मोसेस अडेंबा ने 3 और कप्तान इवान लुडियाली ने एक गोल किया। भारत ने शुरुआत से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी। टीम ने शुरुआती मिनटों में कीनिया के गोलकीपर को कई बार चुनौती दी। भारत टूर्नामेंट में अब बुधवार को पांचवें और छठे स्थान का मैच खेलेगा। इससे पहले राहील की हैट्रिक के बावजूद भारत को क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड ने 7-4 से हरा दिया।

मयंक की विमान में बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

अगरतला। कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल की दिल्ली के लिए उड़ान भरने को तैयार विमान में तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मयंक अब खतरे से बाहर हैं। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने बताया कि मयंक फिलहाल अगरतला के एक अस्पताल में निगरानी में है। डॉक्टरों से अपडेट मिलने के बाद वापस बेंगलुरु ले जाएंगे। मयंक सूरत में रेलवे के खिलाफ अगला रणजी ट्रॉफी मैच नहीं खेलेंगे। त्रिपुरा क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा कि टीम विमान में थी। मयंक ने शायद किसी तरल पदार्थ को पानी समझ कर पी लिया, जिसके बाद उन्हें बेचैनी महसूस होने लगी। उन्होंने विमान में कई बार उल्टी भी कर दी। इसके बाद वह विमान से उतर गए।

त्रीशा-गायत्री दूसरे दौर में, अश्विनी-तनीषा से होगी भिड़ंत

थाईलैंड मास्टर्स

बैंकॉक। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले में लोक लुइ और विंग युंग एनजी की हांगकांग की जोड़ी को हराकर महिला युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। छठी वरीय भारतीय जोड़ी ने पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे और 14 मिनट में 16-21, 21-10 21-18 से जीत दर्ज की। त्रीशा और गायत्री अगले दौर में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की हमवतन गैर वरीय जोड़ी से भिड़ेंगी। तनीषा और अश्विनी ने लिंग फैंग हू और शियाओ मिन लिन की चीनी ताइपे की जोड़ी को 21-13, 21-17 से हराया। पुरुष एकल में भारत के समीर वर्मा और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रामण्यम दो क्वालीफाइंग मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में सफल रहे। समीर ने अमेरिका के होवार्ड शू को पुरुष एकल क्वालीफिकेशन के पहले दौर में 21-9, 21-16 से हराने के बाद चीनी ताइपे के कुआन लिन कुओ को 16-21, 21-16, 21-15 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। मुथुस्वामी ने इंडोनेशिया के टॉमी सुगियार्तो को 9-21, 21-17, 21-12 से हराने के बाद थाईलैंड के कोराकृत लाओत्राकुल को 20-22, 21-10, 21-14 से हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। समीर पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस जबकि मुथुस्वामी मलेशिया के जुन हाओ लियोंग से भिड़ेंगे।

दिव्या देशमुख ने दर्शकों पर लगाया लिंगभेद का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने आरोप लगाया है कि हाल ही में नीदरलैंड के विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स के दौरान दर्शकों की ओर से लिंगभेद का सामना करना पड़ा।

शतरंज खिलाड़ी दिव्या ने नीदरलैंड दौरे का साझा किया अनुभव

नागपुर की 18 वर्ष की अंतर्राष्ट्रीय मास्टर ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट में अपने इस खराब अनुभव का ब्योरा दिया है। उन्होंने लिखा कि मैं काफी समय से इस पर बोलना चाहती थी लेकिन टूर्नामेंट खत्म होने का इंतजार कर रही थी। मैंने देखा है कि शतरंज में दर्शक महिला खिलाड़ियों को बहुत हलके में लेते हैं। हाल ही में खुद यह अनुभव किया। कुछ मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया जिस पर गर्व है। उन्हें लोगों ने बताया कि दर्शकों का ध्यान उनके खेल पर था ही नहीं बल्कि बाकी गैर जरूरी चीजों जैसे कपड़े, बाल, लहजे पर था।

देशमुख चैलेंजर श्रेणी में 4.5 स्कोर करके 12वें स्थान पर रहीं। उन्होंने कहा कि पुरुष खिलाड़ियों को उनके खेल के लिए जाना जाता है जबकि महिलाओं के मामले में उलटा है।

उन्होंने कहा कि वह इससे काफी दुखी थी। यह काफी दुखद है कि जब महिला शतरंज खेलती है तो वह कितना भी अच्छा खेले, लोग खेल पर ध्यान नहीं देते। महिला खिलाड़ियों को रोजाना इसका सामना करना पड़ता है। इतने साल तक यह सब झेला है। महिलाओं को भी समान सम्मान मिलना चाहिए।

एआईएफएफ के महासचिव बर्खास्त

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया ने अव्यवस्था के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे को जिम्मेदार ठहराते हुए मंगलवार को उनके इस्तीफे की मांग की, जबकि शाजी प्रभाकरन को महासचिव के रूप में दूसरी बार बर्खास्त किया गया।

एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने मंगलवार को प्रभाकरन को महासचिव पद से हटा दिया, जबकि इससे दो महीने से अधिक समय पहले सात नवंबर को विश्वास के उल्लंघन के लिए आपात समिति ने ऐसा ही किया था।

मुंबई ओपन चैंपियनशिप 5 फरवरी से

मुंबई, एजेंसी

मुंबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप में 31 देशों के खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे, इसका आयोजन 6 साल बाद मुंबई में 5 से 11 फरवरी तक होगा।

मुंबई ओपन के तीसरे सत्र में एकल वर्ग में शीर्ष 100 रैंकिंग में शामिल तीन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जबकि युगल वर्ग में छह खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। यह टूर्नामेंट डब्ल्यूटीए 1,25,000 डॉलर सीरीज का हिस्सा है। विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर काबिज अमेरिका की कायला डे टूर्नामेंट के एकल में भाग लेने वाली 32 खिलाड़ियों में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी हैं। वह 2016 में अमेरिकी ओपन में लड़कियों की एकल वर्ग की चैंपियन रही है। जापान की नाओ हिबिनो और फ्रेंच ओपन की पूर्व सेमीफाइनलिस्ट तमारा जिदानसेक एकल में शीर्ष 100 में शामिल दो अन्य खिलाड़ी है।

अंकिता रैना एकल मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय हैं। युगल में भारत की शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी प्रार्थना थोम्बरे और नीदरलैंड की उनकी जोड़ीदार एरियन हार्टोनो को मुख्य ड्रॉ में सीधा प्रवेश मिला है।

बॉलीवुड हलचल

स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी पुष्पा २

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 इस साल 15 अगस्त को रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा द राइज की जबरदस्त सफलता के बाद अब मेकर्स इसका सीक्वल पुष्पा 2 लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने पुष्पा 2 का नया पोस्टर लॉन्च किया है। पुष्पा 2 : द रूल का पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा कि पुष्पा राज का शासन शुरू होने में बस 200 दिन बाकी। 15 अगस्त को दुनियाभर में होगी रिलीज। पुष्पा : द राइज को सुकुमार ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म के निर्देशक सुकुमार और अभिनेता अल्लू अर्जुन मई के अंत तक पुष्पा 2 की शूटिंग खत्म करने की कोशिश में हैं। कहा जा रहा है कि अभी फिल्म की लगभग 100 दिनों की शूटिंग बाकी है, जिसे खत्म करने के लिए टीम अगले 5 महीनों तक लगातार शूटिंग करेगी।

वीडियो में बोल्ड अंदाज में दिखने पर सोशल मीडिया पर ट्रोल हुईं साक्षी चोपड़ा

रामानंद सागर की पड़पोती साक्षी चोपड़ा की बोल्ड फोटोज और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल होती हैं। साक्षी चोपड़ा इन दिनों अपने एक गाने को लेकर चर्चा में हैं। साक्षी चोपड़ा के गाने के नाम घोस्ट्स है। जिसको लेकर एक्ट्रेस खूब ट्रोल हो रही हैं। इस वायरल हो रहे गाने में साक्षी चोपड़ा बेहद बोल्ड अंदाज में दिखाई दीं। साक्षी चोपड़ा को उनके बोल्ड अंदाज को लेकर खूब ट्रोल हो रही है। साक्षी चोपड़ा के इस वीडियो पर कमेंट करते हुए यूजर्स उनकी तुलना उर्फी जावेद से करते हुए नजर आए तो वहीं फैंस को साक्षी चोपड़ा का ये बोल्ड अंदाज काफी पसंद आ रहा है। फैंस साक्षी चोपड़ा के इस डांस वीडियो की जमकर तारिफ करते हुए नजर आए।

मुसाफिरा से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं स्मृति सिन्हा

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री स्मृति सिन्हा की पहली मराठी और हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली फिल्म 2 फरवरी को सिनेमाघरों में होगी। स्मृति सिन्हा इस फिल्म के जरिये मराठी और हिंदी में डेब्यू कर रही हैं। वह इस फिल्म को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। इस फिल्म में उनके साथ पुष्कर जोग, पूजा सावंत, दिशा परदेशी और पुष्कराज चिरपुटकर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म को लेकर स्मृति सिन्हा ने कहा कि यह उनके लिए शानदार मौका है अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का। पूरा भरोसा है कि उनका काम मराठी ऑडियंस को भी बेहद पसंद आएगा। साथ ही हिंदी भाषी लोगों को भी फिल्म मुसाफिरा अपनी ओर आकर्षित करेगी। स्मृति सिन्हा ने कहा कि उन्हें अपनी मेहनत और काबिलियत पर भरोसा है। उन्होंने हमेशा कोशिश की कि अपने हिस्से का किरदार पूरी संजीदगी से निभाएं, वह चाहे रियल लाइफ में हो या रील लाइफ में।

तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का टाइटल ट्रैक रिलीज

अभिनेता शाहिद कपूर और कृति सैनन की आने वाली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर और कृति सैनन की जोड़ी जल्द ही रोमांटिक फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आएगी। इस फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और अराधना शाह ने किया है। टाइटल ट्रैक में शाहिद और कृति के बीच बेहतरीन रोमांटिक केमिस्ट्री नजर आ रही है। यह गाना राघव और तनिष्क बागची द्वारा संगीतबद्ध किया गया है। इस गाने को दोनों ने असीस कौर के साथ मिलकर गाया है। इसके बोल बागची ने लिखे हैं। शेख जानी बाशा ने गाने की कोरियोग्राफी की है। दिनेश विजान निर्मित तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

सनी लियोनी ने नोएडा में खोला रेस्टोरेंट

बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी ने फूड इंडस्ट्री के बिजनेस में कदम रखा है। सनी ने अपना खुद का रेस्टोरेंट शुरू किया है, जिसकी ओपनिंग राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा शहर में की गई है। इसको लेकर सनी लियोनी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कुछ वीडियो और फोटोज भी शेयर की हैं। सनी लियोनी के रेस्टोरेंट का नाम चिका लोका है। सनी लियोनी ने बताया कि वह एक्टिंग और फिल्मों के साथ बिजनेस में कदम बढ़ा रही हैं। रेस्टोरेंट के अलावा वे और भी कई सारे आइडियाज में काम करना चाहती हैं।

ऋतिक रोशन को कॉमेडी फिल्म करने का बेसब्री से इंतजार

ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी फिल्म फाइटर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच ऋतिक रोशन ने कहा कि वह पिछले कुछ समय से कॉमेडी फिल्म करने का इंतजार कर रहे हैं। ऋतिक रोशन ने कहा कि वह एक कॉमेडी फिल्म करने के लिए उतावले हैं। लेकिन कोई स्क्रिप्ट नहीं मिली है। वह अमेरिकी कॉमेडी फिल्म हैंगओवर जैसी कहानी की तलाश में हैं। इस तरह से ऋतिक रोशन ने अक्षय कुमार और अजय देवगन को टक्कर देने के लिए सोच लिया है। दरअसल, अक्षय कुमार और अजय देवगन कॉमेडी फिल्में करते नजर आते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: वैज्ञानिकों ने एक ऐसा आश्चर्यजनक ब्लैक होल खोज निकाला है, जो अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा है। इस तरह की यह पहली खोज है, जो ब्रह्मांड के एक अजूबे रहस्य को उजागर करती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि बिग बैंग के 400 मिलियन बाद यह ब्लैक होल अस्तित्व में आया था।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों का मानना है कि ये ब्रह्मांड का सबसे पुराना ज्ञात ब्लैक होल है। हबल स्पेस टेलीस्कोप ने इसे खोजा है। इस आकाशगंगा का नाम जीएन- जेड11 है। यह एक महाविशाल प्राचीन ब्लैक होल है, जो इस आकाशगंगा के केंद्र में स्थित है। इस खोज मे खगोलविदों की अंतरराष्ट्रीय टीम शामिल थी। वैज्ञानिकों का कहना है आधुनिक सिद्धांतों के अनुसार इस ब्लैक होल की उम्र 13 अरब वर्ष से अधिक हो सकती है। यह ब्लैक होल अपनी मेजबान आकाशगंगा को खा रहा है। प्रारंभिक ब्रह्मांड में ब्लैक होल की गतिविधि की नई जानकारी मिलती है। यह एक प्रकार से बेहद भूखे ब्लैक होल हैं। ब्रह्मांड इस तरह के ब्लैक होल और भी हो सकते हैं। यूके में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में यह खोज की गई। याग ब्लैक होल आकार में हमारे सूर्य से लाखों गुना बड़ा है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्रह्माण्ड में इतने बड़े ब्लैक होल की वजह प्रारंभिक आकाशगंगाओं के अत्यधिक गैस-समृद्ध होना हो सकता है।

अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल।

ब्रह्मांड की खोज का नया युग है यह दौर

नैनीताल: वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्रह्मांड की खोज की दिशा में यह एक नए युग की शुरुआत है। वेब और हबल जैसी दूरबीनों के आ जाने से ब्रह्मांड की नित नई ऐसी जानकारी मिल रही है, जो हमारी कल्पनाओं से भी परे हैं और भविष्य में इस तरह की न जाने कितने रहस्य उजागर होंगे, जिनके बारे में हम कभी सोच भी नही सकते।

10 भारतीय मछुआरों को दो वर्ष की सजा

कोलंबो। श्रीलंका की एक अदालत ने देश के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए 10 भारतीय मछुआरों को दो वर्ष की निलंबित सजा सुनाई।

उत्तरी जाफना प्रायद्वीप के पॉइंट पेड्रो के मजिस्ट्रेट ने सोमवार को सजा सुनाते हुए नौका के मालिक को 24 अक्टूबर को अगली सुनवाई के दौरान अदालत में पेश होने का आदेश भी दिया। अवैध रूप से मछली पकड़ने के मामले में नौका जब्त की जा चुकी है। दो साल की जेल की सजा को पांच साल के लिए निलंबित करने का मतलब है कि मछु आरे वास्तव में जेल नहीं जाएंगे बल्कि उनकी सजा पांच साल के लिए निलंबित कर दी गई है। 23 दिसंबर को गिरफ्तार किए गए मछुआरे तीन बार अदालत में पेश हो चुके हैं।

भारत ने इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के लिए द्विराष्ट्र समाधान का किया समर्थन : जयशंकर

मुंबई, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत दशकों पुराने इजराइल-फलस्तीन संघर्ष को समाप्त करने के लिए द्विराष्ट्र समाधान का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर की शुरुआत में यहूदी देश के अंदर हमास के हमलों के बाद गाजा पट्टी में युद्ध भड़क उठा है जिसकी समाप्ति का कोई संकेत नहीं दिखता।

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), मुंबई के छात्रों के साथ बातचीत में एक सवाल का जवाब देते हुए, जयशंकर ने कहा कि यह निश्चित रूप से भारत का और बहुत बड़ी संख्या में देशों का विचार है कि द्विराष्ट्र समाधान ही कारगर हो सकता है जहां इजराइल के साथ फलस्तीन राष्ट्र होना चाहिए। तो आज हमारे लिए सभी पहलू हैं। हम एक पहलू नहीं ले सकते और यह नहीं कह सकते कि यही एकमात्र पहलू है।

क्षमता और प्रतिष्ठा के लिए जरूरी है हम मदद करें

लाल सागर में मर्चेंट नेवी के पोतों पर हमले और क्षेत्र में भारतीय नौसेना के पोतों की तैनाती के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत की क्षमता, अपने हित और प्रतिष्ठा के लिए आज जरूरी है कि वह कठिन परिस्थितियों में वास्तव में मदद करें। जयशंकर ने कहा कि भारतीय नौसेना ने इस क्षेत्र में अपने 10 पोत तैनात किए हैं। अधिकारियों ने बताया भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर ईरानी झंडा लगे मछली पकड़ने के जहाज पर समुद्री डाकुओं के

हमले के बाद उस पर सवार चालक दल के 19 पाकिस्तानी सदस्यों को बचाया। आईएनएस सुमित्रा को अदन की खाड़ी और सोमालिया के पूर्व में समुद्री दस्यु रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात किया गया है।

एक नजर

अमेरिका ने शुरू किया एच-1बी वीजा के नवीनीकरण के लिए कार्यक्रम

वाशिंगटन। अमेरिका ने सबसे अधिक मांग में रहने वाले एच-1बी विदेश कार्य वीजा का देश में ही नवीनीकरण करने का एक पायलट कार्यक्रम औपचारिक रूप से शुरू कर दिया है। इस कदम का हजारों भारतीय प्रौद्योगिकी पेशवरों को लाभ मिलने की संभावना है। एच-1बी वीजा एक गैर-प्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी श्रमिकों को विशेष व्यवसायों में नियुक्त करने की अनुमति देता है जिनके लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर साल हजारों कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए इस पर निर्भर रहती हैं। वीजा नवीनीकरण का यह कार्यक्रम 29 जनवरी को शुरू किया गया और यह एक अप्रैल तक चलेगा। इससे एच-1बी वीजा धारकों को अपने वीजा के नवीनीकरण में मदद मिलेगी। इस संबंध में एक घोषणा पिछले साल जून में प्रधानमंत्री मोदी की आधिकारिक यात्रा के दौरान की गई थी।

नाइजीरियाई सेना के हवाई हमले में मारे गए 30 संदिग्ध अपहरणकर्ता

अबुजा। नाइजीरिया के पश्चिमोत्तर प्रांत कदुना में सेना की ओर से सप्ताहांत में किए गए हवाई हमले में कम से कम 30 संदिग्ध अपहरणकर्ता मारे गए हैं। नाइजीरियाई वायु सेना के प्रवक्ता एडवर्ड गैबक्वेट ने कहा कि खुफिया रिपोर्ट के बाद एक अभियान चलाया गया था। एक सैन्य लड़ाकू जेट ने कदुना के बिरनिन ग्वारी इलाके में 15 मोटरसाइकिलों के काफिले में सवार संदिग्धों की गतिविधियों को देखा गया था। उन्होंने कहा कि आपराधिक समूह उसी क्षेत्र में सैनिकों पर घात लगाकर किए गए हमले के लिए जिम्मेदार था। उन्होंने बिरनिन ग्वारी में निर्दोष नागरिकों पर कई हमले किए और अपहरण की वारदात का भी अंजाम दिया था। उन्होंने कहा कि संदिग्ध अपहरणकर्ताओं का पीछा किया गया और उन पर सटीक हमला कर उनका खात्मा किया गया।

पाकिस्तान ने माच जेल पर हमले को किया विफल, पांच आतंकवादी ढेर

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत की माच जेल पर आतंकियों ने रॉकेट और अत्याधुनिक हथियारों से हमला कर दिया, लेकिन सुरक्षा बलों ने कम से कम तीन समन्वित हमलों को विफल कर दिया और एक प्रतिबंधित समूह के कम से कम पांच आतंकवादी मार गिराया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सोमवार रात कम से कम 15 रॉकेट केंद्रीय माच जेल को निशाना बनाते हुए दागे गए। इस जेल में कई खतरनाक आतंकवादियों और ऐसे कैदियों को रखा गया है। बलूचिस्तान के कार्यवाहक सूचना मंत्री जान अचकजई ने कहा पाकिस्तानी सेना और फ्रंटियर कांस्टेबुलरी बलूचिस्तान ने इन हमलों को विफल करने के लिए बेहद तेजी से कार्रवाई की।

बलूचिस्तान में इमरान की पार्टी रैली में विस्फोट, चार की मौत

इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी की एक रैली में बलूचिस्तान में मंगलवार को हुए विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। यह विस्फोट सिबी शहर में जिन्ना रोड पर उस समय हुआ जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेशनल असेंबली उम्मीदवार की एक चुनावी रैली वहां से गुजर रही थी। सिबी में जिला मुख्यालय अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बाबर ने चार लोगों के मारे जाने और पांच अन्य लोगों के घायल होने की पुष्टि की। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस हमले की जगह पर पहुंची और अपराधियों की तलाश शुरू की। पीटीआई पार्टी ने कहा कि विस्फोट के जरिये पार्टी समर्थित उम्मीदवार सद्दाम तरीन की एक चुनावी रैली पर हमला किया गया, जो निर्वाचन क्षेत्र से आगामी चुनाव लड़ रहे हैं। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हम इस हृदयविदारक घटना की कड़ी निंदा करते हैं और मांग करते हैं कि पीटीआई कार्यकर्ताओं के बजाय आतंकवादियों के खात्मे पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

खान यूनिस में अब तक इजरायली सेना ने दो हजार फिलिस्तीनी लड़ाकों को मार गिराया

दावा: गाजा पट्टी पर तीन माह में लगभग 9,000 हमास के लड़ाकों का हो जा चुका है सफाया

30 से 40 हजार के बीच है हमास सैनिकों की संख्या

26,600 से अधिक लोग मारे गए हैं गाजा पट्टी में अब तक

यरुशलम, एजेंसी

इजरायली सेना ने दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में एक अभियान के दौरान 2,000 से अधिक फिलिस्तीनी लड़ाकों को मार गिराया। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता आर.डी. एम.एल. डैनियल हगारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

प्रवक्ता हगारी ने कहा कि हाल के सप्ताहों में आईडीएफ के जवान हमास बटालियनों के सैन्य ढांचे को नष्ट करने का काम कर रहे हैं। हमने पहले ही पूर्वी खान यूनिस में हमास के दो बटालियनों को नष्ट कर दिया है और अब हम पश्चिम की ओर बढ़कर इस काम को अंजाम दे रहे हैं। अभियान में कई कमांडरों को मार गिराया है और कई भाग गए हैं, कुछ ने आत्मसमर्पण कर दिया है, या गिरफ्तार किए गए हैं और बचे हुए आतंकवादी असंगठित आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पूरे खान यूनिस में हमने 2,000 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया है। इजरायली सेना का दावा है कि गाजा पट्टी पर इजरायली आक्रमण के बाद से तीन महीनों में लगभग 9,000 हमास के लड़ाकों का सफाया किया जा चुका है। विभिन्न कयासों के अनुसार हमास सैनिकों की कुल संख्या 30,000 से 40,000 के बीच है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर, 2023 को गाजा पट्टी को नियंत्रित करने वाले फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और इजरायल की सीमा में घुसकर 1,200 से अधिक लोग मारे डाला था और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया था। वहीं, इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को सुरक्षित बचाकर लाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी स्तर पर हमला शुरू किया। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि गाजा पट्टी में अब तक 26,600 से अधिक लोग मारे गए हैं।



गाजा से हटने और आतंकवादियों की रिहाई से नेतन्याहू ने किया इनकार

यरुशलम। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि गाजा से कोई सैन्य वापसी या जेल में बंद हजारों आतंकवादियों की रिहाई नहीं होगी। फिलहाल चल रही अप्रत्यक्ष संघर्ष विराम वार्ता में हमास की तरफ से रखी गई यह दो मांग प्रमुख हैं। कब्जे वाले पश्चिमी तट में एक कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने एक बार फिर संकल्प जताया कि हमास पर पूर्ण विजय के बिना युद्ध समाप्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने सभी लक्ष्यों को हासिल किए बिना युद्ध खत्म नहीं करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम गाजा पट्टी से इजरायली सेना को नहीं हटाएंगे और हजारों आतंकवादियों को रिहा नहीं करेंगे।

इजराइली सेना का अस्पताल में हमला, तीन आतंकवादी ढेर

जेनिन। असैन्य महिलाओं और चिकित्सा कर्मियों के भेष में इजरायली बलों ने मंगलवार को वेस्ट बैंक में एक अस्पताल पर हमला किया, जिसमें एक नाटकीय हमले में तीन फिलिस्तीनी आतंकवादियों की मौत हो गई। इससे पता चलता है कि गाजा में युद्ध से क्षेत्र में कितनी घातक हिंसा फैल गई है। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजराइली बलों ने जेनिन कस्बे में स्थित इब्न सिना अस्पताल के वार्डों में गोलीबारी शुरू कर दी। मंत्रालय ने हमले की निंदा की और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का आह्वान किया कि अस्पतालों में इस तरह के अभियानों पर रोक लगाने के लिए इजराइल की सेना पर दबाव बनाया जाए। अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों तरफ से गोलीबारी नहीं हुई जिससे संकेत मिलता है कि यह निशाना साधकर लोगों को मारने का मामला है। सेना ने कहा कि आतंकवादी छिपने के लिए अस्पताल का इस्तेमाल कर रहे थे। हालांकि उसने इस बाबत सबूत पेश नहीं किए। उसने आरोप लगाया कि हमले में जिन लोगों पर निशाना साधा गया उनमें से एक ने सात अक्टूबर को दक्षिण इजराइल पर हमास के हमले के बाद एक सुनियोजित हमले के लिए अन्य लोगों को हथियार और गोला-बारूद पहुंचाए थे।

इमरान और कुरैशी को सिफर मामले में 10 साल की सजा

पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के उप नेता शाह महमूद कुरैशी की बेटी गौहर बानो कुरैशी (बाएं) और पत्नी महरीन कुरैशी ने अदियाला जेल के बाहर अदालत के फैसले के बाद मीडिया से बात की। ● एजेंसी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की राजनीति में मंगलवार को उस समय तूफानी घटनाक्रम सामने आया जब सरकारी गोपनीयता कानून मामलों की विशेष अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को सिफर मामले में मंगलवार को 10 साल की सजा सुनाई। सुनवाई की शुरुआत में खान और कुरैशी को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 342 के तहत एक प्रश्नावली दी गई।

खान की ओर से बयान दर्ज करने के बाद अदालत ने उनसे सिफर के ठिकाने के बारे में पूछा, जिस पर उन्होंने जवाब दिया कि मैंने अपने बयान में यही कहा है जो मुझे नहीं पता। सिफर मेरे कार्यालय में था। सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने दोनों नेताओं को 10 साल जेल की सजा सुनाई। फैसला सुनाने के बाद न्यायाधीश अदालत कक्ष से बाहर चले गए। कुरैशी ने यह कहते हुए विरोध जताया कि उनका बयान दर्ज नहीं किया गया। विशेष अदालत का यह फैसला पाकिस्तान में आगामी आठ फरवरी को होने वाले संसदीय चुनाव से नौ दिन पहले आया है। इस चुनाव में पाकिस्तान तहरी-ए-इंसाफ पार्टी सरकार की सख्ती के बीच और बिना किसी चुनावी चिह्न के भी चुनाव लड़ रही है। बदले घटनाक्रम में अब खान और कुरैशी दोनों नेता अगले पांच साल के लिए कोई चुनाव नहीं लड़ सकते। इस बीच एक नेता ने एक्स पर लिखा कि पाकिस्तान इमरान और कुरैशी के साथ खड़ा है। दोनों ने देश को बचाने का काम किया है और हकीकी आजादी के लिए खड़े हुए हैं। सिफर मामले में कानून का पूरी तरह से मजाक बनाया गया और उसकी अवहेलना की गई है। दोनों को न्याय दिलाने की हम प्राथमिक जिम्मेदारी नहीं भूलेंगे।

शाह महमूद कुरैशी और इमरान खान

भारतीय मूल के युगल को ऑस्ट्रेलिया में कोकीन भेजने के आरोप में ठहराया दोषी

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में भारतीय मूल के युगल को ऑस्ट्रेलिया में आधे टन से अधिक कोकीन भेजने का दोषी ठहराया गया है। जांच के बाद पता चला कि वे एक कंपनी से जुड़े थे। उन्होंने कंपनी के नाम पर धातु के टूलबॉक्स की आड़ में छिपाकर कोकीन विमान से ऑस्ट्रेलिया भेजी थी। भारत ने आरोपियों के प्रत्यर्पण की मांग की है।

जांच एजेंसी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि मई 2021 में सिडनी पहुंचने पर ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने 5.7 करोड़ पाउंड की कोकीन पकड़ी और राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) के जांचकर्ताओं ने इसे भेजने वाले की पहचान ईलिंग के हनवेल की 59 वर्षीय आरती धीर और 35 वर्षीय कवलजीत सिंह रायजादा के रूप में की। धीर और रायजादा ने ऑस्ट्रेलिया में कोकीन भेजने और धन शोधन के आरोपों से इनकार किया है। सोमवार को साउथवार्क क्राउन कोर्ट में सुनवाई के बाद न्यायाधीशों की जूरी ने उन्हें निर्यात के 12 मामलों और धन शोधन के 18 मामलों में दोषी ठहराया। ऑस्ट्रेलिया में बेचे जाने पर इन नशीले पदार्थों की कीमत 5.7 करोड़ पाउंड तक होती, जहां कीमतें ब्रिटेन की तुलना में काफी अधिक हैं। ब्रिटेन में थोक में एक किलोग्राम कोकीन की कीमत लगभग 26,000 पाउंड प्रति किलोग्राम है।



▸▸ भारत ने की आरोपियों के प्रत्यर्पण की मांग, टूलबॉक्स की आड़ में छिपाकर विमान से भेजी थी कोकीन

ह्यूस्टन में एक हवाई बैनर पर लिखा है, ब्रह्मांड जय श्रीराम का नारा लगा रहा है। अयोध्या श्रीराम मंदिर अभिषेक समारोह के एक सप्ताह बाद एक विमान के माध्यम से ह्यूस्टन के आसमान पर दिखा यह दृश्य। ● एजेंसी

ह्यूस्टन: लहराया 'जय श्रीराम' का बैनर

ह्यूस्टन। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के एक सप्ताह के बाद भी भारतीय अमेरिकियों के बीच उत्साह का माहौल है और अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में हवाई जहाज से एक बैनर लहराया गया जिस पर लिखा था यूनिवर्स चैंट्स जय श्रीराम यानी ब्रह्मांड में गूंज रहा जय श्री राम का मंत्र।

ह्यूस्टन में पिछले दिनों कंपकंपाती सर्दी और बारिश के बाद परंपरागत भारतीय परिधान पहने भारतवंशी लोग गुजरात समाज और अन्य स्थानों पर जमा हुए। वे भगवा झंडे हाथ में लिए हुए जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। जिस विमान पर यह बैनर लहराया गया, उसके पायलट का भी जय श्री राम के नारे लगाकर अभिनंदन किया गया। आयोजकों ने पूरे ह्यूस्टन में अपनी तरह के पहले हवाई बैनर के बारे में प्रचार किया। भारतीय मूल के लोग आसमान में निहारते रहे। इसके लिए प्रचार करने वाले फ्लायर पर लिखा था आसमान पर नजर रखें और जब आप अपने इलाके में विमान को देखें तो जय श्रीराम के नारे लगाएं। इस शो के आयोजक उमंग मेहता ने कहा कि 500 साल के संघर्ष के बाद श्री राम मंदिर के उद्घाटन का उत्सव मनाने के लिए इस कार्यक्रम की कल्पना की गई।

पड्र्यू विश्वविद्यालय में लापता भारतीय छात्र की मौत की पुष्टि

वाशिंगटन। अमेरिका के इंडियाना राज्य में स्थित प्रतिष्ठित पड्र्यू विश्वविद्यालय के लापता भारतीय छात्र की मौत हो गई है। विश्वविद्यालय ने इसकी पुष्टि की। भारतीय छात्र नील आचार्य रविवार को लापता हो गया था। पड्र्यू के परिसर में मौरिस जे. जुक्रो प्रयोगशाला के पास नील का शव मिलने के बाद टिप्पेकेनो काउंटी कोरोनर कार्यालय के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई।

▸▸ 28 जनवरी से लापता था नील आचार्य आखिरी बार उबर चालक ने देखा था

विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के अंतरिम प्रमुख क्रिस क्लिफ्टन ने सोमवार को विभाग को भेजे एक ईमेल में कहा कि बहुत दुख के साथ मैं आपको सूचित कर रहा हूं कि हमारे एक छात्र नील आचार्य का निधन हो गया है। नील की मौत की पुष्टि से पहले उसकी मां गौरी आचार्य ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा था कि हमारा बेटा नील आचार्य 28 जनवरी से लापता है। वह अमेरिका में पड्र्यू विश्वविद्यालय में पढ़ता है। आखिरी बार उसे उबर चालक ने देखा था।

राष्ट्रपति मुइज्जू मांगे भारतीय पीएम से माफी: जम्हूरी पार्टी

माले, एजेंसी

मालदीव में जम्हूरी पार्टी के नेता जसीम इब्राहिम ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से औपचारिक रूप से माफी मांगने और द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के लिए राजनयिक सुलह करने का अनुरोध किया है। इब्राहिम की यह मांग चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू की उन टिप्पणियों के संदर्भ में की गई है जिसमें इस महीने की शुरुआत में उन्होंने किसी देश का नाम लिए बगैर भारत को धमकाने वाला देश बताया था।

राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव के तीन मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर भारत के साथ राजनयिक विवाद के बीच 13 जनवरी को चीन की पांच दिवसीय हाई-प्रोफाइल यात्रा के बाद स्वदेश लौटने पर कहा था कि हम छोटे (देश) हो सकते हैं लेकिन इससे उन्हें हमें धमकाने का लाइसेंस नहीं मिल जाता। जम्हूरी पार्टी ने यह मांग तब की है जब एक दिन पहले ही विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने सोमवार को कहा कि उसकी मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए एक प्रस्ताव रखने की तैयारी है। मीडिया से बातचीत में राष्ट्रपति मुइज्जू से हाल में एक साक्षात्कार के दौरान की गई विवादित टिप्पणियों के लिए भारत और प्रधानमंत्री मोदी से औपचारिक रूप से माफी मांगने को कहा।

भूटान नरेश वांगचुक से मिले भारतीय विदेश सचिव क्वात्रा

थिंपू। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने मंगलवार को भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच मैत्रीय संबंध को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।

क्वात्रा सोमवार को तीन दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे थे। यह पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) नेता शेरिंग तोबगे के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद भारत की तरफ से पहुंचे पहले शीर्ष स्तरीय अधिकारी हैं। उन्होंने मुलाकात की कुछ तस्वीरें 'एक्स' पर साझा करते हुए कहा भूटान के महामहिम राजा से मुलाकात करना और भारत-भूटान के बीच मित्रता के अनूठे संबंधों को और गहरा करने के तरीकों पर उनके मार्गदर्शन से लाभ उठाना सम्मान की बात है।

फैसला कॉस्मेटिक उत्पादों में रसायनों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध, ऐसा करने वाला पहला देश बना न्यूजीलैंड

त्वचा पर दुष्प्रभाव डाल सकते हैं ऐसे उत्पाद

वेलिंगटन, एजेंसी

न्यूजीलैंड ने कॉस्मेटिक उत्पादों में रसायनों के इस्तेमाल पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगा दिया है और ऐसा करने वाला यह पहला देश बन गया है। पर्यावरण संरक्षण प्राधिकरण (ईपीए) के अनुसार सौंदर्य प्रसाधनों में इन रसायनों पर प्रतिबंध लगाना चल रही प्रतिक्रिया का हिस्सा है जिसमें न्यूजीलैंड के पर्यावरण में सभी पीएफएएस-अग्निशामक फोम को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना और पीएफएएस के पृष्ठभूमि स्तरों का परीक्षण करना शामिल है।

ईपीए के पुनर्मूल्यांकन प्रबंधक शॉन प्रेसो ने कहा कि पीएफएएस का उपयोग कभी-कभी नेल पॉलिश, शेविंग क्रीम, फाउंडेशन, लिपस्टिक और मस्कारा जैसे उत्पादों में किया जाता है। इन्हें त्वचा को चिकना करने या अधिक टिकाऊ, फैलने योग्य और पानी प्रतिरोधी बनाने के लिए उपयोग किया जाता है।

प्रेसो ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शोध से पता चलता है कि पीएफएएस केवल कुछ ही उत्पादों में पाए जाते हैं लेकिन न्यूजीलैंड पीएफएएस से संभावित जोखिमों के लिए एहतियाती दृष्टिकोण अपनाता है। पीएफएएस पर निर्णय कॉस्मेटिक उत्पाद समूह मानक में किए गए कई अद्यतनों में से एक है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कॉस्मेटिक उत्पाद सुरक्षित हैं और नियम अंतर्राष्ट्रीय विकास के साथ बेहतर ढंग से संरेखित हैं। उन्होंने कहा कि पीएफएएस पर प्रतिबंध लगने और अन्य बदलावों के प्रभावी होने से पहले हम बदलाव का प्रबंधन करने के लिए उद्योग के साथ जुड़ना जारी रखेंगे।

ऑकलैंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के स्कूल ऑफ साइंस के प्रोफेसर एलन ब्लैकमैन ने कहा कि जैसा कि पिछले साल ईपीए ने संकेत दिया था, सौंदर्य प्रसाधनों में पीएफएएस पर प्रतिबंध इस तरह लागू किया जाएगा कि पीएफएएस युक्त सौंदर्य प्रसाधनों का आयात और निर्माण 2026 के अंत में बंद हो जाएगा तथा इनकी आपूर्ति 2027 के अंत में बंद हो जाएगी।



मानव स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए अहम निर्णय

ब्लैकमैन ने कहा कि यह पहला कदम उठाने के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि नॉन-स्टिक कुकवेयर और वाटरप्रूफ कपड़ों जैसे अन्य पीएफएएस स्रोतों के साथ क्या होता है। पर्यावरण विज्ञान और अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक जोखिम मूल्यांकनकर्ता अभिषेक गौतम ने कहा कि सौंदर्य प्रसाधनों में 'हमेशा के लिए रसायनों' के जानबूझकर उपयोग पर प्रतिबंध उनकी संभावित दीर्घकालिक विषाक्तता के कारण मानव स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक है। गौतम ने कहा कि ये रसायन हालांकि प्रकृति में सर्वव्यापी हैं और इसलिए किसी भी गैर-अनुपालन की जांच के लिए सौंदर्य प्रसाधनों में इनकी नियमित रूप से निगरानी की जानी चाहिए।

मैक्रों ने की भारतीय छात्रों के लिए फ्रेंच भाषा कार्यक्रम की शुरुआत

नई दिल्ली। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भारतीय छात्रों को फ्रांस में अपनी पसंद की डिग्री हासिल करने से पहले एक साल फ्रेंच सीखने के लिए एक विशेष कार्यक्रम क्लासेस इंटरनेशनल्स शुरू करने की घोषणा की।

यह विशेष कार्यक्रम इस वर्ष सितंबर से शुरू होगा। फ्रांस के दूतावास ने यहां एक बयान जारी करके कहा कि एक विद्यार्थी, जो भले ही पहले से फ्रेंच विद्यार्थी हो या फिर भाषा सीखना शुरू कर रहा हो, वह अब संस्थान में इस वर्ष के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद फ्रांस के किसी भी उच्च शिक्षा संस्थान में फ्रांसीसी भाषा में पढ़ाए जाने वाले स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश पा सकता है। दूतावास ने कहा कि राष्ट्रपति ने भारतीय छात्रों के लिए और अधिक अवसर खोलने की फ्रांस की प्रतिबद्धता पर जोर दिया है।